www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



सूर्योदय 7:17 सूर्यास्त 5:22

आज का तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| शिमला | 11.04 | 19.06 |
| धर्मशाला | 5.02 | 22.00 |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 70865.10 |
| निफ्टी | 21255.00 |

धर्मशाला | शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023 | 7 पौष, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 4 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए

पहली हिंदी फिल्म फ्लॉप रही फिर साउथ में चमकी तमन्ना भाटिया...पेज 16

## न्यूज शॉर्ट्स

### चीन में कोयला खदान में विस्फोट, 12 की गई जान

**बीजिंग।** चीन के हेइलोंगजियांग प्रांत के जिक्सी शहर में कोयला खदान में विस्फोट होने से 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 घायल हुए हैं। यह हादसा कोयला खान में सुबह 3.50 बजे हुआ। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने सरकार के सूचना कार्यालय के हवाले से बताया कि जिक्सी के हेंगशान जिले में कुयुआन कोयला खदान में विस्फोट हुआ है।

### मनी लॉड्रिंग मामला: जैकलीन की याचिका पर ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ की मनी लॉड्रिंग मामले में आरोपी अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की अपने खिलाफ एफआईआर को निरस्त करने की दायर याचिका पर सुनवाई की। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर 29 जनवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### ईडी की तृणमूल कांग्रेस विधायक के आवास पर रेड, 70 लाख बरामद

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने तृणमूल कांग्रेस के विधायक बायरन बिस्वास के आवास की तलाशी के दौरान वहां से करीब 70 लाख रुपए बरामद किए हैं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के समसेरगंज में विधायक के आवास पर तलाशी अभियान करीब 19 घंटे तक चला। इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं मिली कि इतनी बड़ी राशि वहां क्यों रखी गई थी?

## टॉप स्टोरीज

याचिकाकर्ता पक्ष की दलील-कुंडू के पद पर रहते निष्पक्ष जांच संभव नहीं ...पेज 2

विधानसभा परिसर में ग्वाले बनकर पहुंचे भाजपा विधायक ...पेज 3

अब सीआईएसएफ जवान संभालेंगे संसद भवन की सुरक्षा का जिम्मा ...पेज 16

**एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर**

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634




ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065

### विस शीत सत्र : पर्यटन विकास एवं पंजीकरण कानून संशोधन विधेयक पारित

# होम स्टे का रजिस्ट्रेशन जरूरी

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश में बिना पंजीकरण होम स्टे व अन्य पर्यटन इकाइयों को चलाने वालों पर सरकार शिकंजा कसेगी। पंजीकरण के बगैर इन इकाइयों को चलाने वालों पर एक लाख रुपए जुर्माना किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने पर्यटन विकास एवं पंजीकरण कानून में संशोधन कर जुर्माने का प्रावधान किया। विधानसभा शीतकालीन सत्र में वीरवार को संशोधन विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया गया।

**नियमों के उल्लंघन पर होगा एक लाख जुर्माना**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधेयक को सदन में प्रस्तुत किया। संशोधन विधेयक के पारित होने के बाद अब प्रदेश सरकार नियम बनाकर कानून को अधिसूचित करेगी। इसके पश्चात राज्य में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को तहत चल रही होम स्टे अथवा अन्य पर्यटन इकाइयों को पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा। (अनंत ज्ञान)



विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायकों के सवालों का जवाब देते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### कानून में संशोधन के बाद पंजीकृत होम स्टे का लाइसेंस दो साल के लिए वैध

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि आवेदन करने वाली इकाइयों को उनके मौजूदा पंजीकरण लाइसेंस की अवधि खत्म होने तक शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा। लाइसेंस की अवधि खत्म होने के बाद सरकार की ओर से तय पंजीकरण शुल्क अदा करना होगा। पर्यटन इकाइयों को पंजीकरण के तमाम दस्तावेजों व अन्य औपचारिकताओं को 90 दिनों के भीतर पूरा करना होगा। सरकार ने साल 2002 में पर्यटन विकास एवं पंजीकरण कानून बनाया था। 2002 के कानून में पंजीकरण के बगैर चलने वाले होम स्टे संचालकों को छह माह की सजा के साथ-साथ 10 हजार रुपए की सजा का प्रावधान था। सरकार ने संशोधन विधेयक में छह माह की सजा को समाप्त करने का प्रस्ताव रखा है। साथ ही जुर्माने की राशि 10 हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए करने का प्रावधान है। कानून संशोधन के बाद पंजीकृत होम स्टे का लाइसेंस दो साल तक वैध माना जाएगा।

### 90 दिन के भीतर कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**हिमाचल** में होम स्टे, बेड एंड ब्रेक-फास्ट यूनिटों का रजिस्ट्रेशन अब जरूरी हो जाएगा। रजिस्ट्रेशन 90 दिन के भीतर कराना होगा। ऐसा नहीं करने वाली इकाइयों पर एक लाख रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। पूर्व में तीन साल बाद रजिस्ट्रेशन जरूरी था, मगर अब इसकी अवधि दो साल कर दी गई है। अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वाली यूनिटों पर छह महीने की सजा और 10 हजार पेनल्टी की प्रावधान था, मगर सुक्खू सरकार ने छह महीने की सजा खत्म कर दी है, जबकि पेनल्टी 10 गुना बढ़ाकर एक लाख रुपए की है। रजिस्ट्रेशन के बाद लाइसेंस दो साल तक वैध माना जाएगा। गौरतलब कि हिमाचल में कुछ होम स्टे संचालक रजिस्ट्रेशन नहीं करवा रहे हैं।

### शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में नहीं आने देंगे धन की कमी : सुक्खू

**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में धन की कमी को आड़े नहीं आने देगी। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा सदस्य विनोद कुमार व कांग्रेस सदस्य चंद्रशेखर के अनुपूरक सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मपुर, कुटलैहड़ व नाचन विधानसभा क्षेत्रों में निर्माणाधीन अटल आदर्श विद्यालयों को पूरा किया जाएगा। इन स्कूलों को कैसे चलाना है, इस बारे में जल्द ही वह शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### तीन आदर्श स्कूलों का निर्माण कार्य जारी

**विनोद** कुमार के सवाल का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में पूर्व सरकार के समय 15 अटल आदर्श विद्यालयों के लिए स्थानों का चयन हुआ। इनमें से तीन का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि तीनों विद्यालयों के निर्माण पर 70 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं और करीब इतनी ही राशि और चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग का पूंजीगत बजट ही 150 करोड़ रुपए का है। बावजूद इसके शिक्षा विभाग ने वित्त विभाग से इन तीनों स्कूलों के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए अतिरिक्त धन की मांग की है।



**70 करोड़ खर्च, अभी और चाहिए राशि**

### लोकतंत्र के भविष्य पर आशंका जताने वाले हकीकत से दूर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में भारत में संविधान बदला व और देश में लोकतंत्र के भविष्य को लेकर आशंकाएं प्रकट करने वाले उनके आलोचक देश की जमीनी हकीकत से कटे हुए हैं और फैलाई जा रही की इस तरह की बातें निरर्थक हैं। पिछले दिनों देश में संविधान में संशोधन को लेकर छिड़ी बहस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विराम लगा दिया है। उन्होंने संविधान में संशोधन किए जाने की किसी भी बात को निरर्थक बताते हुए खारिज कर दिया।



पीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने सबसे परिवर्तनकारी कदमों को ऐसा कुछ किए बिना और जन भागीदारी के जरिए साकार किया गया है। एक साक्षात्कार में मोदी ने देश में लाए गए बदलाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वच्छ भारत, शौचालय निर्माण अभियान से लेकर करीब एक अरब लोगों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने तक के सफर का हवाला दिया। मोदी ने कहा कि देश उड़ान भरने के लिए तैयार है और मैं अगले साल होने वाले आम चुनावों में जीत को लेकर बहुत आश्वस्त हूं। अब बस चाहता हूं कि इस उड़ान में तेजी लाई जाए और इसे सुनिश्चित करने करने के लिए सबसे अच्छी पार्टी कौन सी है, यह पता है।

# मोबाइल से फ्रॉड करने वालों को होगी तीन साल की जेल

### दूरसंचार विधेयक को राज्यसभा की मंजूरी, रुकेगा सिम कार्ड से जुड़ा फर्जीवाड़ा

एजेंसी, नई दिल्ली

**राज्यसभा** में वीरवार को दूरसंचार विधेयक 2023 ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। बिल में कहा गया कि मोबाइल के जरिए फ्रॉड करने वाले शरारती तत्वों को तीन साल की जेल और 50 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश में ब्रॉडबैंड इंटरनेट यूजर्स की संख्या बढ़कर 85 करोड़ हो गई है। पहले देश में मात्र डेढ़ करोड़ ब्रॉडबैंड इंटरनेट यूजर्स थे।

**फ्रॉड पर लगेगा 50 लाख जुर्माना**

कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो मोबाइल फोन दुरुपयोग करके फ्रॉड करते हैं। ऐसे लोगों पर लगाम कसने की व्यवस्था की जा रही है। यदि कोई व्यक्ति गलत दस्तावेज देकर मोबाइल सिम हासिल और इस्तेमाल करता है तो उसे तीन साल की सजा और 50 लाख तक का जुर्माना होगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह बहुत बड़ा फ्रॉड का एक और तरीका होता है 'सिम बॉक्स'। इसमें एक बॉक्स में बहुत सारे सिम लगा दिए जाते हैं, ऐसे शरारती तत्वों के लिए भी तीन साल की सजा होगी। सॉफ्टवेयर के माध्यम से किसी व्यक्ति के मोबाइल नंबर का उपयोग करके अन्य व्यक्तियों से फ्रॉड करने वालों के लिए तीन साल की सजा और 50 लाख रुपए तक जुर्माने की सजा होगी।

### लोकसभा से तीन और सांसद सस्पेंड

**नई दिल्ली।** लोकसभा से तीन और सांसद निलंबित कर दिए गए हैं। लोकसभा स्पीकर ने सदन की अवमानना को लेकर कांग्रेस के सांसद नकुलनाथ, डीके सुरेश और दीपक बैज को मौजूदा शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया है। इसके साथ निलंबित सांसदों की संख्या 146 हो गई है। इनमें कुल 100 सांसद लोकसभा के हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने वीरवार को प्रश्नकाल समाप्त होते ही तीनों सांसदों का नाम लेते हुए कहा कि आप बार-बार सदन की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं, तख्तियां दिखा रहे हैं, नारेबाजी कर रहे हैं और कागज फाड़कर लोकसभा कर्मियों पर फेंक रहे हैं।

**अब तक 146 सांसद निलंबित**

यह सदन की मर्यादा के विरुद्ध है। स्पीकर ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा कि मैं कभी बिना कारण के किसी सदस्य को निलंबित नहीं करना चाहता।



### अनिश्चितकाल के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित

**लोकसभा** की कार्यवाही वीरवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में आज दो विधेयक पारित किए गए। इस सत्र में आपराधिक न्याय व्यवस्था से जुड़े तीन विधेयकों सहित कुल 18 विधेयक पारित किए गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने बताया कि चार दिसंबर को प्रारंभ हुए 17वीं लोकसभा के 14वें सत्र में 14 बैठकें हुई।

### कर्नाटक के पूर्व डीएसपी का बेटा हिरासत में

**लोकसभा** में सुरक्षा चूक मामले में कर्नाटक से इंजीनियर साईंकृष्ण जगाली को हिरासत में लिया गया है। इसे दिल्ली लाया गया है। जगाली कर्नाटक के एक रिटायर्ड डीएसपी का बेटा है। वहीं, यूपी के एक अन्य व्यक्ति को भी पकड़ा गया है। दोनों से पूछताछ जारी है। साईंकृष्ण जगाली, डी मनोरंजन का दोस्त हैं। मनोरंजन ने पूछताछ में साईंकृष्ण जगाली का नाम बताया था।

### चार आरोपियों की हिरासत 15 दिन बढ़ी

**संसद** सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने चार आरोपियों की 15 दिन की रिमांड अवधि बढ़ा दी है। आरोपी सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम और अमोल शिंदे की सात दिन की पुलिस हिरासत की अवधि वीरवार को समाप्त हो रही थी। दिल्ली पुलिस ने चारों आरोपियों की 15 दिन की रिमांड की मांग की थी।

### चहलकदमी



रिज मैदान पर खिली धूप के बीच चहलकदमी करते पर्यटक। धूप निकलने से लोगों को ठंड से काफी राहत मिल रही है।

# पुंछ में सेना के दो वाहनों पर आतंकी हमला, तीन जवान शहीद, तीन घायल

### एनकाउंटर जारी, दो दिन से चल रहा सर्च ऑपरेशन

एजेंसी, श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ जिले में वीरवार को आतंकियों ने सेना की दो गाड़ियों पर घात लगाकर हमला किया। इस हमले में तीन जवान शहीद हो गए, जबकि तीन जवान घायल हुए हैं।

सेना के अधिकारियों ने सेना के जवानों को ले जा रहे गाड़ियों पर आतंकियों की गई गोलीबारी की पुष्टि की है। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी-थानामंडी-सूरनकोट रोड पर सावनी इलाके में सेना के वाहनों पर हमला हुआ। यह वाहन बुफलियाज से जवानों को ले जा रहा था। बुफलियाज में आतंकवादियों के खिलाफ घेराबंदी और तलाश अभियान बुधवार से जारी है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में वीरवार को आतंकवादियों ने सेना के वाहन पर घात लगाकर हमला किया। हमले में तीन जवान घायल हो गए हैं। यहां लगातार गोलीबारी भी हो रही है। घायल जवानों को सेना के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। वहीं, सर्च ऑपरेशन के दौरान किश्तवाड़ पुलिस ने एक आतंकी परवेज अहमद उर्फ हारिस को पकड़ने में सफलता हासिल की। आतंकवादी को पिछले 18 साल से भारतीय पुलिस तलाश रही थी। एक महीने से भी कम समय में इस क्षेत्र में सेना पर यह दूसरा आतंकी हमला है।



**सावनी इलाके में आतंकियों ने घात लगाकर किया हमला**

### आय से अधिक संपत्ति मामला: तमिलनाडु के मंत्री व पत्नी को तीन साल की जेल

**चेन्नई।** मद्रास हाई कोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के. पोनमुडी और उनकी पत्नी को तीन साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने पोनमुडी और उनकी पत्नी पर 50-50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने पोनमुडी की सजा को 30 दिनों के लिए निलंबित कर दिया, क्योंकि वर्तमान में उनके पास उच्च शिक्षा विभाग का प्रभार है।



निचली अदालत ने उन्हें बरी कर दिया था। अब उस फैसले को मद्रास हाई कोर्ट ने पलट दिया है। मद्रास हाई कोर्ट के इस फैसले को तमिलनाडु में एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। इससे पहले मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता के. पोनमुडी और उनकी पत्नी पत्नी पी. विशालाक्षी को आय से ज्ञात स्रोत से 1.75 करोड़ रुपए की अधिक की संपत्ति के मामले में बरी करने के निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया।

**खुलासा** लॉकडाउन में सामाजिक, औद्योगिक सक्रियता से कम हुए प्रदूषण से वातावरण शुद्ध होने पर कम पिघली थी बर्फ

# कोरोना काल में साफ हवा ने महफूज रखे ग्लेशियर

एजेंसी, नई दिल्ली

**कोरोना** लॉकडाउन में सामाजिक, औद्योगिक सक्रियता से प्रदूषण कम होने से हिमालयी ग्लेशियर कम पिघले हैं। अध्ययन में खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण को कम करके कोरोना महामारी के स्तर पर लाया जा सके, तो हिमालय के ग्लेशियर बच सकते हैं, जिनके इस सदी के अंत में खत्म होने का खतरा है। कोरोना लॉकडाउन के दौरान लोग घरों के भीतर रहे, जिसके चलते यात्री परिवहन कम हुआ।

साथ ही उद्योगों से कार्बन उत्सर्जन और ऊर्जा का उपभोग भी कम हुआ। इसके चलते वायु प्रदूषण कम हुआ और ग्रीनहाउस गैसों में भी कमी हुई। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला कि लॉकडाउन के दौरान पहाड़ों पर जमी बर्फ साफ रही। यह दावा अंतरराष्ट्रीय रिसर्च टीम ने किया है। इस टीम में भारतीय, जर्मनी और ब्रिटेन के वैज्ञानिक हैं। अध्ययन में पता चला है कि साल 2020 में जब कोरोना लॉकडाउन लगा हुआ था तो उस वक्त हवा साफ थी और इस समय हिमालय के ग्लेशियर भी कम पिघले थे।



### खतरे का संकेत

**पर्यावरणविद** डॉ. धीरेंद्र जोशी के अनुसार, उच्च हिमालय में अभी तक ग्लेशियर नहीं बनना और उच्च हिमालयी मार्गों का खुला रहना पर्यावरण की दृष्टि से खतरे का संकेत हैं। छह माह तक बर्फ से ढके रहने वाले क्षेत्र के मध्य दिसंबर तक भी बर्फ नहीं होना गंभीर है। इसके कारणों का पता लगाना आवश्यक है। ग्लोबल वार्मिंग का असर तो है परंतु एकाएक ऐसी स्थिति सवाल खड़े कर रही है।

### भारत-चीन में ग्लेशियर पिघलने से हो सकती है पानी की कमी

**साइंस** जर्नल 'एटमोस्फेरिक केमिस्ट्री एंड फिजिक्स' में यह अध्ययन प्रकाशित हुआ है। स्टडी के अनुसार, अक्षय ऊर्जा के स्रोतों पर निर्भरता को बढ़ाकर और परिवहन में कम कार्बन उत्सर्जन करके अहम सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। बता दें कि हिंदूकुश हिमालय और तिब्बत के पहाड़ पोल्स के अलावा मध्य एशिया में सबसे ज्यादा स्नो कवर वाले क्षेत्र हैं। इस स्नो कवर से ही पानी पिघलकर भारत और चीन की नदियों में बहता है, जिससे खेती, बिजली बनती है और इन देशों की अर्थव्यवस्था चलती है। जिस रफ्तार से अभी ग्लेशियर पिघल रहे हैं, उस रफ्तार से 21वीं सदी के अंत तक सारे ग्लेशियर पिघलने का खतरा है।

### लॉकडाउन में हर दिन 0.5-1.5 मिलीमीटर कम पिघली बर्फ

**कोरोना** लॉकडाउन के दौरान ग्लेशियर हर दिन 0.5-1.5 मिलीमीटर कम बर्फ पिघली। बता दें कि हिमालय के ग्लेशियर्स के तेजी से पिघलने और स्नो कवर कम होने से एशिया में अरबों लोगों के लिए पानी का संकट पैदा होने का खतरा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर वायु प्रदूषण कम होकर कोरोना लॉकडाउन के स्तर पर आ जाता है तो उससे ग्लेशियर पिघलने की रफ्तार आधी हो सकती है।



### हाई कोर्ट में डीजीपी व निशांत केस में सुनवाई

# याचिकाकर्ता पक्ष की दलील-कुंडू के पद पर रहते निष्पक्ष जांच संभव नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल हाई कोर्ट में वीरवार को डीजीपी संजय कुंडू और कारोबारी निशांत शर्मा मामले में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता पक्ष के वकील नीरज गुप्ता ने दलील दी कि डीजीपी के पद पर रहते हुए इस मामले की निष्पक्ष जांच संभव नहीं है।



स्टेट की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कोर्ट ने दोनों पक्षों को अपनी-अपनी सबमिशन देने को कहा और फैसला रिजर्व रखा। याचिकाकर्ता पक्ष ने पुलिस की अब तक की जांच पर असंतोष जाहिर किया। इससे पहले शिमला और कांगड़ा के एसपी ने जांच की स्टेट्स रिपोर्ट अदालत में रखी। इस पर कोर्ट ने स्टेट से पूछा कि तुमने कुछ करना है या हम ही कुछ करें। जवाब में स्टेट ने कहा कि हमारी तरफ से सब ठीक चल रहा है और जांच जारी है। डीजीपी संजय कुंडू की शिकायत पर नीरज शर्मा के खिलाफ छोटा शिमला पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज है, वहीं धर्मशाला के मैक्लोडगंज में नीरज शर्मा का रास्ता रोककर धमकी देने वाले दो अज्ञात लोगों के खिलाफ भी केस दर्ज है। हाई कोर्ट के स्वत: संज्ञान लेने के बाद मैक्लोडगंज में 21 दिन की देरी से एफआईआर की गई है, मगर कांगड़ा पुलिस अब तक नीरज का रास्ता रोककर धमकी देने वालों की पहचान नहीं कर पाई। एसपी शिमला ने मामले में जांच ज्यादा बेहतर की। फिर भी एसपी कांगड़ा ने एसपी शिमला से अब तक की जांच में जुटाए डाटा को नहीं लिया, जबकि दोनों मामले एक-दूसरे से इंटरकनेक्टिड है।


### ईको सेंसेटिव जोन में 51 गांव, विधानसभा क्षेत्र जसवां परागपुर, देहरा, जवाली, नूरपुर व फतेहपुर के लोग प्रभावित

# पौंग झील किनारे बसे लोगों को सताने लगा विस्थापन का डर

**अनिल छांगू, ज्वाली**

पौंग झील किनारे बसे 51 गांवों को ईको सेंसेटिव जॉन में रखा गया है, जिसमें विधानसभा क्षेत्र जसवां परागपुर, देहरा, जवाली, नूरपुर व फतेहपुर के लोग प्रभावित होंगे। सरकार के प्रस्ताव को पर्यावरण, वन मंत्रालय और जलवायु परिवर्तन पर्यावरण मंत्रालय की ओर से पौंग झील सेंक्चुरी एरिया के आसपास के इलाकों को ईको सेंसेटिव जोन के दायरे में लाने के लिए 28 अप्रैल 2022 को प्रस्तावना की मंजूरी देकर छह माह के लिए लोगों से आपत्तियां मांगी गईं, लेकिन छह माह में कोई आपत्ति दर्ज नहीं हुई।

अब छह माह का समय पूरा हो चुका है तथा ऐसे में अब पौंग झील सेंक्चुरी एरिया से डेढ़ किलोमीटर दायरे में 114.7 किलोमीटर क्षेत्र सेंसेटिव जोन के दायरे में आ रहा है। इस एरिया में अब कोई भी निर्माण कार्य नहीं हो पाएगा। निर्माण कार्य करने से पहले मंजूरी लेनी होगी। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो

### क्या कहते हैं विधायक होशियार सिंह

**इस** बारे में देहरा के विधायक होशियार सिंह ने कहा कि कब इस पर कार्य हुआ और कब आपत्तियां मांगी गई, इसकी जनता को कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले को सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा में उठाए प्रश्न पर इसका जवाब आया है। उन्होंने कहा कि जो लोग डैम बनने के समय विस्थापित हुए थे, उनको तो आज तक राजस्थान में बसाया नहीं जा सका है, तो अब ईको सेंसेटिव जॉन बनाकर लोगों को विस्थापित करने की कवायद शुरू कर दी गई है।

### ये गांव होंगे ईको सेंसेटिव दायरे में

**बढ़ेला,** बझेरा, बालाघाट गुराला, ब्लोहड़, निचला ब्लोहड़, सुखनाडा, बनाडा, हरसर, जगनोली, बरियाल, जखाड़ा, जलरियां, जंबाल बस्सी, जरोट, महेबा, खराड़, जवाली, झोंका रतियाल, चबुआं, खबल, खराड़, लोहारा, बटाहड़ी, नांगल, पनालथ, पपाहन, गुगलाड़ा, रानीताल, रोड, डिबर, समकेहड़, समलेता, संगोली, सोहड़ा, तराबटेकी, ठंगर, गुलेर, हबाल, बारला, लुदरेट, राजगढ़ इत्यादि गांव ईको सेंसेटिव जॉन में आ रहे हैं।

# शिमला में गूंजा मिमिक्री कांड, बीजेपी बोली-विपक्षी सांसदों पर हो कड़ी कार्रवाई

### डीसी ऑफिस के बाहर किया धरना-प्रदर्शन, एडीएम कानून-व्यवस्था और राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने का मामला गुरुवार को शिमला में भी गूंजा। बीजेपी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने राजधानी के डीसी ऑफिस के बाहर इस मुद्दे को लेकर धरना-प्रदर्शन किया और फिर एडीएम कानून-व्यवस्था और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज ने कहा कि उपराष्ट्रपति का विपक्षी सांसदों ने जिस तरह उपहास किया, वह सिर्फ एक व्यक्ति या पद नहीं, बल्कि भारतीय संविधान के अपमान की पराकाष्ठा है। इस अमर्यादित व्यवहार से पूरी संसद की गरिमा भंग हुई है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने संसद परिसर के अंदर ही राज्यसभा के सभापति का अपमानजनक नकल करना, विपक्षी सांसदों का ठहाके लगाना और कांग्रेस सांसद का उस पर वीडियो बनाना यह सब दिखाता है कि आखिर उन सांसदों को क्यों सदन से निलंबित किया गया है। एक तरह से गठबंधन के सांसद सस्पेंशन को जस्टिफाई कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि विपक्ष का अगर यही हाल रहा तो वह आज जहां है, अगले चुनाव में वहां से भी पीछे हो जाएंगे।



शिमला में भाजपा कार्यकर्ता उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते हुए।

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या धनखड़ का अपमान कांग्रेस और गठबंधन के नेताओं ने इसलिए किया कि वह एक साधारण जाट समाज से आते हैं। अगर ऐसा नहीं है तो क्यों राहुल गांधी, खड़गे, अधीर रंजन चौधरी और खुद कल्याण बनर्जी माफी मांगने के बजाय मुद्दे को भटका रहे हैं। बीजेपी नेताओं ने कांग्रेस, गठबंधन और विपक्ष को इस कृत्य के लिए सार्वजनिक माफी मांगने और ऐसे नेताओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# हिमाचल पुलिस ने सीसीटीएनएस में चौथी बार हासिल किया पहला स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पुलिस ने वर्ष 2023 के लिए अपराध और आपराधिक नेटवर्क ट्रैकिंग और सिस्टम (सीसीटीएनएस) प्रदर्शन में पहला स्थान हासिल किया है। गृह मंत्रालय ने नई दिल्ली में 21 दिसंबर से आयोजित दो दिवसीय गुड प्रेक्टिसीज सीसीटीएनएस व आईसीजेएस के वार्षिक सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश पुलिस को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस उपलब्धि के लिए पुलिस विभाग को बधाई देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश पुलिस पहाड़ी क्षेत्रों और पूर्वोत्तर राज्यों में सीसीटीएनएस प्रदर्शन में लगातार चौथे वर्ष पहले स्थान पर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश पुलिस ने सीसीटीएनएस प्रदर्शन में कई राज्यों से आगे बढ़कर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि सीसीटीएनएस परियोजना के कार्यान्वयन में शामिल वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में एससीआरबी के अंतर्गत सभी क्षेत्र स्तरीय पुलिस अधिकारियों और राज्य स्तरीय सीसीटीएनएस टीम के समर्पित और सामूहिक प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल की है। पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने में उनकी निरंतर प्रेरणा और मदद के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के सीसीटीएनएस परियोजना कार्यान्वयन प्रदर्शन की निगरानी के लिए भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) नई दिल्ली ने पूर्वनिर्धारित पैरामीटर के आधार पर राज्यवार सीसीटीएनएस प्रदर्शन रैंकिंग तय की है। हिमाचल प्रदेश ने सीसीटीएनएस परियोजना संबंधी राज्य के सभी मानकों को पूर्ण करते हुए इसका सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित किया है।



हिमाचल पुलिस ने सीसीटीएनएस में पहला स्थान हासिल किया। इस दौरान सम्मान प्राप्त करते अधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### चरस के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर पुलिस ने 205 ग्राम चरस बरामद कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि पुलिस ने वीरवार को गलू के पास नाका लगाया था। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया आरोपी युवकों की पहचान अमित कुमार गांव खैरिया तहसील देहरा जिला कांगड़ा, नीरज कुमार गांव बिलासपुर तहसील देहरा जिला कांगड़ा और मनोहर कुमार नगरोटा सूरियां तहसील देहरा जिला कांगड़ा के रूप में हुई है।

### कार से महिला को मारी टक्कर, चोटिल

**शिमला।** थाना बालूगंज के तहत एक महिला को कार से टक्कर मारने का मामला सामने आया है। सत्य प्रकाश जसवाल निवासी चौरी हिल छोटा शिमला ने मामला दर्ज कराया है कि टॉप गेयर मोटर्ज के पास कार नंबर (एचपी 10बी-2986) ने इसकी पत्नी सुदेश जसवाल को टक्कर मारकर चोटिल किया है।

### जमीनी विवाद के चलते मारपीट

**शिमला।** जमीन पर कब्जा करने की नियत से एक व्यक्ति से मारपीट करने का मामला सामने आया है। थाना बालूगंज में राकेश कुमार गांव खैरी डाकघर जुब्बड़हट्टी ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके भाई नरेश व जसपाल ने कब्जा करने की नीयत से इसकी जमीन में आकर इसके साथ मारपीट की है।

### बच्चे पर पालतू कुत्ते ने किया हमला

**शिमला।** जबलोग में एक बच्चे पर पालतू कुत्ते ने हमला किया है। थाना बालूगंज में पुलिस को देवेंद्र कुमार गांव जबलोग तहसील शिमला ग्रामीण ने शिकायत दर्ज करवाई है कि इसके गांव के हरिचंद के पालतू कुत्ते ने इसके बेटे को काटा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### चिट्टा बरामद

**चुवाड़ी।** पुलिस चौकी सिंहुता के पुलिस दल ने नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के अंतर्गत मंदराला पुल पर नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान एक पंजाब नंबर कार (एचपी 35 डब्ल्यू 6867) आकर रुकी, जिसमें सवार दो युवकों के कब्जे से 15. 49 ग्राम चिता हीरोइन बरामद की गई।

# विजिलेंस की ओके के बाद निकलेगा रिजल्ट

### बेरोजगार युवाओं को राहत की खबर, भंग आयोग के बाद बने एचपीआरसीए ने की पहली बैठक

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सूबे के भंग आयोग की वजह से मायूस चल रहे बेरोजगार युवाओं के लिए कुछ राहत भरी खबर सामने आई है। राज्य सरकार ने जिस एचपीआरसीए का गठन दो माह पहले किया था, उसकी पहली बैठक गुरुवार को हमीरपुर में हुई है।

बैठक में आयोग के मुख्य प्रशासक आरके परुथी ने हिस्सा लिया सूत्रों के मुताबिक बैठक में उन तमाम मामलों पर चर्चा हुई है, जिसमें लटकी हुई भर्तियों का रिजल्ट कब तक घोषित हो और नए आयोग का कामकाज किस अंदाज में शुरू किया जाए। इसके लिए रणनीति तैयार की गई है। सुक्खू सरकार के गठन के बाद 23 दिसंबर को 965 जेओ (आईटी) पेपर लीक मामले को लेकर 26 दिसंबर को तत्कालीन हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग को भंग कर दिया गया था। उसके बाद अभी तक प्रदेश सरकार द्वारा गठित की गई एसआईटी जांच कर रही है, जिन भर्तियों की परीक्षाएं प्रक्रिया में थीं, उनमें शुरुआती दौर में तो सवा दर्जन के आसपास पोस्ट कोड पेपर लीक मामले में पाए गए थे। लेकिन इस सारे मामले में तकरीबन अढ़ाई दर्जन पोस्ट कोड जांच की गिरफ्त में है।

### आयोग का कामकाज सुचारु करने की तैयारी




फाइल फोटो

**आयोग** की वीरवार को हुई बैठक में भर्तियों से जुड़े हुए कई मुद्दों पर चर्चा हुई। किस आयोग का कामकाज कैसे सुचारु रूप से शुरू किया जाए इस पर समीक्षा के बाद तैयारी शुरू कर दी गई हैं। विजिलेंस की जांच में जितने पोस्टकोड फंसे हुए हैं, उनमें से किस-किस को हरी झंडी मिलती है और किस-किस की जांच अभी लंबी खिंचेगी। इसकी जानकारी आयोग ने विजिलेंस से लेनी है। आयोग विजिलेंस को पत्र लिखकर जांच को लेकर सभी पोस्ट कोडों का हवाला मांगेगा, जिस-जिस पोस्ट कोड पर विजिलेंस हरी झंडी देगा उसके रिजल्ट को घोषित करने की प्रक्रिया आयोग का स्टाफ शुरू करेगा। अभी तक भर्ती प्रक्रिया से जुड़ा हुआ कुछ रिकॉर्ड पब्लिक सर्विस कमीशन शिमला के पास भी है, वहां भी अभी तक तकरीबन दो भर्तियों के नतीजे घोषित हो चुके हैं, लेकिन आगे की प्रक्रिया अभी अधर में ही लटकी हुई है।

### भ्रष्टाचार के चलते भंग हुआ था आयोग

2009 बैच के आईएएस अधिकारी आरके परुथी ने वीरवार को आयोग की बैठक होने की पुष्टि की है। बता दें कि पिछले एक साल से नई भर्तियों का सिलसिला अधर में लटका हुआ है, जब से हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग भ्रष्टाचार की वजह से भंग हुआ था। उसके बाद से शिक्षित बेरोजगार मायूसी के आलम में थे। सरकार पर भी नई भर्तियां नहीं किए जाने का दबाव लगातार बना हुआ है, क्योंकि लोकसभा के चुनाव भी नजदीक हैं और यदि एक साल तक भर्ती प्रक्रिया रुक जाए, वह भी तब जब प्रदेश के युवाओं के पास और कोई ज्यादा साधन न हों, तो फिर परेशानी तो उनकी होगी ही। इसीलिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने तकरीबन तीन माह पहले नए आयोग का गठन तो कर दिया था, लेकिन उम्मीद यही जताई जा रही थी कि जल्दी इसका काम शुरू हो।



मुख्य प्रशासक आरके पुरुथी

# 400 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, ड्राइवर की मौत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश की सड़कों पर हादसों का दौर जारी है और लगातार मामलों में इजाफा होता जा रहा है। ताजा घटनाक्रम में उपमंडल के प्रेसी पंचायत क्षेत्र में एक कार गहरी खाई में गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। इस कारण एक 33 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। हादसा इतना दर्दनाक था कि मौके पर ही कार को आग लग गई। जानकारी के अनुसार खूब राम पुत्र टेकचंद निवासी कुठेड़ डाकघर प्रेसी तहसील निहरी जिला मंडी बुधवार देर रात अपनी कार नंबर (एचपी 31सी-1682) में सवार होकर किसी कार्य के लिए प्रेसी जा रहा था, जैसे ही कार खनाछ जंगल के समीप पहुंची तो ड्राइवर ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी करीब 400 मीटर गहरी खाई में गिर गई।

हादसे में कार में आग लग गई, जिस कारण 33 वर्षीय ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा चालक की तेज रफ्तारी व लापरवाही के कारण पेश आया है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।



गहरी खाई में गिरी कार।

**तेज रफ्तारी व लापरवाही के चलते पेश आया हादसा, पुलिस ने शुरू की जांच**

**मसला** राज्य सरकार से स्थायी पॉलिसी तैयार करने की उठाई मांग, आज ज्वलंत मसले पर सीएम से मुलाकात करेगा महासंघ

# 35 हजार आउटसोर्स कर्मियों का भविष्य संकट में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश आउटसोर्स कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को समायोजित कर समान काम, समान वेतन व स्थायी नीति बनाए जाने की वकालत की है। साथ ही महासंघ ने सेवाप्रदाता कंपनियों द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों के काटे गए ईपीएफ व ईएसआई की पूर्ण जांच करने की मांग उठाई है, क्योंकि इसमें ईपीएफओ के नियमों को पूरी तरह से ताक पर रखा गया।

महासंघ ने मुख्यमंत्री से पिछले 15-20 सालों से इस वर्ग के साथ हो रहे शोषण को खत्म कर आउटसोर्स कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए स्थायी नीति बनाने का आग्रह किया है। इस मसले को लेकर महासंघ शुक्रवार को धर्मशाला में सीएम से मुलाकात करेगा। आउटसोर्स कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष यूनुस अख्तर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में विभिन्न विभागों, बोर्डों व निगमों में पिछले 15-20 वर्षों से कार्यरत लगभग 35000 आउटसोर्स कर्मचारी अपने जीवन का बहुमूल्य समय इन कार्यालयों में सेवा के रूप में बीता चुके हैं।


### देश के लिए उदाहरण पेश करें मुख्यमंत्री

**यूनुस** अख्तर ने बताया कि गत विधानसभा चुनावों में वर्तमान सरकार का पूर्ण सहयोग व समर्थन किया है और मुख्यमंत्री द्वारा वादा किया गया कि सत्ता में आने पर छह माह के भीतर आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए एक नियमित स्थायी नीति बनाई जाएगी, ताकि आउटसोर्स कर्मचारियों को भी सरकारी कर्मचारियों की तरह पूर्ण लाभ मिल सकें। वहीं, अब मुख्यमंत्री बनने के बाद सभी आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए एक उम्मीद जगी है तथा पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस वर्ग के लिए अभूतपूर्व निर्णय लेकर पूरे देश में एक उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

उन्होंने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों को दिया जाने वाला वेतन आज इस महंगाई के दौर में बहुत ही कम है, जो कि मात्र 350 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से वेतन का भुगतान किया जा रहा है, जबकि आज एक मजदूर को 500 रुपए प्रतिदिन व एक मिस्त्री को एक हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाता है।

उन्होंने बताया कि इस वेतन में परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों को जिस प्रकार वेतन का भुगतान सेवाप्रदाता कंपनियों के द्वारा किया जा रहा है, वह पूर्णतया सरकारी खजाने का दुरुपयोग है। उन्होंने बताया कि सेवाप्रदाता कंपनी हर महीने प्रति कर्मचारी से 5000-6000 रुपए कमीशन के रूप में कमा रही है और यह सिलसिला पिछले डेढ़ दशक से ज्यादा समय से चल रहा है। इस प्रकार अगर इसका आकलन करें तो 35000 आउटसोर्स कर्मचारियों पर कंपनी को हर महीने यह राशि लगभग 20 करोड़ रुपए कमीशन के रूप में दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी आउटसोर्स कर्मचारी एक सरकारी नियमित कर्मचारी के बराबर कार्य कर रहे हैं, जबकि उनको वेतन के नाम एक नियमित कर्मचारी के वेतन का एक चौथाई ही दिया जा रहा है, जो किसी भी स्तर पर न्यायसंगत नहीं है, इसलिए हमें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इसमें व्यक्तिगत तौर पर हस्तक्षेप कर समान काम समान वेतन लागू करवाएंगे।

यूनुस अख्तर के अनुसार आज काफी आउटसोर्स कर्मचारी ऐसे हैं, जिनकी आयु 40 वर्ष से ऊपर है और कई तो 45 वर्ष की आयु भी पूरी कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि हमारे मां-बाप व बच्चे पूरी तरह से हमारे ऊपर आश्रित हैं तथा आज हमारा भविष्य पूरी तरह अंधकारमय है। उन्होंने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों की संख्या प्रदेश में दिन-प्रतिदिन जिस प्रकार से बढ़ती जा रही है, वह आने वाले समय में हमारे समाज के लिए एक कैंसर की तरह गंभीर बीमारी का रूप ले रही है, जिसमें व्यक्ति न तो जी सकता है न तो मर सकता है और पढ़े-लिखे नौजवानों को रोजगार के नाम पर ठगा जाता है और आउटसोर्स नाम का एक अपाहिज रोजगार दिया जाता है। हमें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इसमें व्यक्तिगत तौर पर हस्तक्षेप कर समान काम समान वेतन लागू करवाएंगे।




### बच्ची से दुष्कर्म पर 20 साल की सजा, दो लाख मुआवजा देने के आदेश

**शिमला।** चौपाल में आठ साल की मासूम से दुष्कर्म के आरोपी को स्पेशल जज पोक्सो रेप ने वीरवार को दोषी ठहराया। न्यायाधीश अमित मंडयाल ने चौपाल के धलेवना निवासी आरोपी संदीप उर्फ संजू को 20 साल की सजा सुनाई। अदालत ने पोक्सो एक्ट में सजा के साथ-साथ 25 हजार रुपए का जुर्माना भरने और पीड़िता को दो लाख रुपए मुआवजा देने के भी आदेश दिए हैं। नाबालिग से दुष्कर्म का यह मामला 16 जुलाई, 2021 का है। 17 जुलाई को नेरवा पुलिस स्टेशन में इसे लेकर एफआईआर दर्ज की गई। पीड़िता बच्ची आरोपी संजू की रिश्तेदार है। संजू उसे मिठाई खिलाने के बहाने बहला-फुसला कर घर से बाजार लाया, लेकिन वह रास्ते में पीड़िता को बाजार के बजाय किसी सुनसान जगह पर ले गया, जहां उसने बच्ची के साथ जबरन दुष्कर्म किया। बच्ची ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद कुपवी थाना में आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने अदालत में चालान पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने 15 गवा पेश किए।




# धर्मशाला विधानसभा शीतकालीन सत्र

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने दी जानकारी

## हर विधानसभा क्षेत्र में खुलेगा जलशक्ति विभाग का मंडल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने राज्य के हरेक विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग का एक-एक मंडल खोलने का नीतिगत फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के नौ विधानसभा क्षेत्रों में जलशक्ति विभाग के मंडल कार्यालय नहीं है। विगत में कुछेक विधायकों ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों में दो-दो मंडल खुलवा लिए।

उन्होंने कहा कि ऐसे विधानसभा क्षेत्रों से जलशक्ति विभाग के मंडलों का युक्तिकरण भी किया जाएगा। अग्निहोत्री ने भाजपा के पवन काजल, जयराम ठाकुर, रणधीर शर्मा के अनुपूरक सवालों का जवाब देते हुए कहा कि श्री नैना देवी तथा कांगड़ा विधानसभा क्षेत्रों में भी विभाग के मंडल कार्यालय खोले जाएंगे। जबकि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के चुनाव क्षेत्र में खुले विभाग के मंडल कार्यालय से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी।

इसी मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार को यह कहते हुए घेरने का प्रयास किया कि जब नए मंडल कार्यालय खोलने ही थे तो फिर पूर्व सरकार द्वारा खोले गए कार्यालयों को क्यों बंद किया गया। इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एक अप्रैल 2022 के बाद खोले गए संस्थानों को बंद करने का नीतिगत फैसले के तहत ही इन मंडल कार्यालयों को बंद किया गया था। लेकिन अब आर्थिक स्थिति व जमीनी हकीकत का आकलन करने के बाद सरकार इन्हें खोलेगी।

# विधानसभा परिसर में ग्वाले बनकर पहुंचे भाजपा विधायक

### सुक्खू सरकार को याद दिलाई दूध की गारंटी, विधानसभा के बाहर बेचा दूध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**गोबर** के बाद विपक्ष के विधायक सिर पर पगड़ी बांधकर बर्तनों में दूध भरकर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस को दूध खरीदने की गारंटी याद दिलाई। शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन वीरवार को भाजपा विधायकों ने प्रदेश सरकार की गारंटियों पर प्रदर्शन किया।

भाजपा विधायक सदन के बाहर सौ रुपए लीटर दूध बेचते नजर आए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के समय जनता से वादा किया था कि प्रदेश में गाय का दूध 80 रुपए किलो और 100 रुपए किलो भैंस का दूध खरीदा जाएगा। जयराम ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तंज कसते हुए कहा कि दूध लीटर में होता है, लेकिन सीएम सुक्खू ने तो किलो के हिसाब से ही दूध खरीदने की बात कही थी। सरकार ने 37 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से दूध का मूल्य करने की बात कही है, ऐसा कुछ नहीं हुआ।


विधानसभा परिसर में ग्वाले बनकर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व भाजपा विधायक।

### प्रदेश में होगा ऑपरेशन लोट्स

**विधानसभा** भवन के गेट नंबर-एक के सामने भाजपा के बल्ह क्षेत्र के विधायक इंद्र सिंह ने मटका रखकर दूध बेचा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गारंटियों के नाम पर प्रदेश के लोगों व युवाओं के साथ धोखा किया है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि जिस तरह से सरकार अंतर्कलह से जुझ रही है तो उन्हें लगता है कि जल्द ही विस्फोट होगा। उन्होंनें कहा कि उन्हें तो लगता है कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले हिमाचल में ऑपरेशन लोट्स के बाद कहीं सीएम के रूप में पूर्व सीएम जयराम जल्द वापसी करेंगे।

# सीएम से बैर नहीं; 30 करोड़ जमा करवाओ, वरना खैर नहीं

### विधानसभा परिसर में भाजपा, धर्मशाला में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के परिसर का निर्माण रुका होने पर लोगों ने किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला के तपोवन में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन जहां भाजपा गारंटियों को लेकर सत्तापक्ष पर हमलावर रही तो, उधर जिला मुख्यालय धर्मशाला में आम लोगों ने संगठनों के साथ जुड़ कर 30 करोड़ का फंड जमा न करवाए जाने के कारण सीयू के धर्मशाला परिसर का निर्माण रुका होने को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया।

बताते चलें कि सभी तरह की भौगोलिक सर्वेक्षणों के बाद भी धर्मशाला में सीयू के निर्माण में खड़ी की जा रही बाधाओं के कारण अब लोगों का आक्रोश सड़कों पर आ गया है। पिछले कई महीनों से निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए आवश्यक 30 करोड़ रुपए राज्य सरकार द्वारा न जमा कराए जाने के कारण सैकड़ों की संख्या में लोग सड़को पर आ गए और सरकार के रवैये के खिलाफ शंखनाद किया। पिछले 14 वर्षों में एक बार फिर से धर्मशाला की जनता सड़कों पर उतरी है। इस रैली में चामुंडा देवी मंदिर से लेकर मैक्लोडगंज और विभिन्न पंचायतों के लोगों ने सहभागिता की। इस रैली की सबसे बड़ी विशेषता मातृ शक्ति की जबरदस्त भागीदारी रही। इसके अलावा समाजसेवी अतुल भारद्वाज के आह्वान पर आयोजित इस रैली को धर्मशाला के विभिन्न व्यापारी वर्ग ने भी अपनी दुकानों को बंद कर अपना समर्थन दिया। रैली में भाग लेने वालों ने 'हमारा भविष्य, हमारा अधिकार सुरक्षित करो हिमाचल सरकार' और 'धर्मशाला से न करो भेदभाव, छोड़ो अपना हठी स्वभाव' तथा सीएम से बैर नहीं, 30 करोड़ जमा करवाओ, वरना खैर नहीं आदी नारों से आक्रोश को व्यक्त किया। रैली में विजय जैकरिया, वाईके डोगरा, प्रभात शर्मा, मुनीश लूथरा, शिबू, नोरसंग शेरपा, अतुल भारद्वाज, जगी आशु, रवि डोगरा, वीके कौल, सुरूप कुमार, प्यारे लाल, वीरू वालिया, प्रधान ग्राम पंचायत बल्ला रीता देवी, उपप्रधान सुनील दत्त, प्रधान ग्राम पंचायत पदार प्रधान इंदु देवी, उपप्रधान संतोष गोस्वामी, ग्राम पंचायत कंडकरडियान प्रधान सरला देवी, उपप्रधान सुनील कुमार, ग्राम पंचायत अंद्राद प्रधान शालिनी देवी, ग्राम पंचायत कस्बा नरवाना प्रधान सरिता देवी, उपप्रधान विजय कपूर, पूर्व में रहे प्रधान कांड करियाना अमर सिंह, उपप्रधान पूर्व राकेश संसार, मित्र कैलाश बलिया, हिमांशु अवस्थी, महेश, सुरेश, सुरेंद्र, परशुराम, किशोरी, मंजू वाला, सीमा देवी, बीना देवी, संतोष कुमारी, सुरजीत कुमार, भारत, राज कुमार, सीवी सिंह सतपाल आदि मुख्य रूप से मौजुद रहे।



शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन अपनी मांगों को लेकर धर्मशाला में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

## धर्मशाला में गरजे निगम के पेंशनर्स मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

### सिद्धबाड़ी में की जनसभा, सरकार के समक्ष रखीं अपनी मांगें

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

हिमाचल पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन के तत्वावधान वीरवार को निगम के पेंशनरों ने एक विशाल धरना-प्रदर्शन धर्मशाला स्थित विधानसभा परिसर में किया। इस धरने-प्रदर्शन में प्रदेश के कोने-कोने से लगभग 3000 पेंशनरों ने भाग लिया। सभी पेंशनर्स ने जोरावर मैदान सिद्धबाड़ी तक मार्च निकाला तथा वहां एक जनसभा की। मुख्य वक्ताओं ने पेंशनरों की समस्याओं पर प्रकाश डाला तथा मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पेंशनरों की मांगों पर तुरंत संज्ञान लेकर उनका समाधान किया जाए।

पेंशनरों ने कहा कि इस सरकार के सत्ता में आने के बाद सभी पेंशनरों को एक उम्मीद जगी थी कि इस सरकार में हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाएगा, परंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद भी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही समाधान न किया गया तो शिमला में होने वाले बजट सत्र के दौरान पुनः धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रतिनिधियों ने इस बात पर खेद प्रकट किया है कि संगठन के प्रतिनिधियों को सभास्थल से विधानसभा परिसर दो बार भेजा गया, परंतु न तो मुख्यमंत्री मिले न ही उपमुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों से बातचीत करना जरूरी समझा। पेंशनरों की मुख्य मांगों में पेंशन का स्थायी समाधान करना, सभी प्रकार एरिया का एक मुश्त भुगतान करना, 65-70 और 75 वर्ष की आयु पर बढ़ा हुआ पेंशन भत्ता देना, चिकित्सा बिलों का एक मुस्त भुगतान करना शामिल है।


धर्मशाला में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हिमाचल पथ परिवहन निगम के पेंशनर्स।

### मांगों को लेकर विधानसभा पहुंचा करुणामूलक संघ

**धर्मशाला।** प्रदेश करुणामूलक संघ के सदस्य गुरुवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान अपनी मांगों को लेकर पहुंचे। प्रदेशाध्यक्ष अजय ने बताया कि सीएम को मांग पत्र सौंपने यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि अढ़ाई लाख तथा सी व डी श्रेणी में 62500 की आय सीमा की शर्त समेत कोटे आदि की शर्तों को हटाया जाए। अगर प्रदेश की कांग्रेस सरकार उनके हितों को दिलवाती हैं तो वह प्रदेश सरकार को अगले चुनावों में पूरा समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। यही कारण है कि करुणामूलक आधार पर दी जाने वाली नौकरियों की सूची लंबी हो रही है। प्रदेश में 2003 के बाद करुणामूलक आधार पर चंद ही लोगों को नौकरियां मिली हैं। इस दौरान लोगों ने बताया कि प्रदेश में कई ऐसे मामले हैं, जिनमें युवा के माता और पिता दोनों स्वर्ग सिधार गए हैं, लेकिन आश्रित को नौकरी नहीं दी जा रही है।

## सीएम और कांग्रेस हाइकमान ही बता सकते हैं मंत्री न बनाने के कारण: राणा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**मैं सुजानपुर से चुना हुआ विधायक हूं, मैं इस जिम्मेदारी को निभाऊंगा।**



सुजानपुर से कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि मंत्रिमंडल में किसको शामिल करना है, यह मुख्यमंत्री पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में जब किसी को शामिल करना होता है तो जातीय, क्षेत्रीय, जिला के समीकरण, कई तरह की चीजें सामने आती हैं।

एक निजी चैनल से बात करते हुए राजेंद्र राणा ने कहा कि जब पार्टी को, सरकार को उचित लगेगा तो सही जिम्मेदारी देंगे। अभी हमारी सेवा में कहीं न कहीं कोई कमजोरी रही होगी। राणा ने कहा कि मुझे इस बात का कोई गिला नहीं है। मैं सुजानपुर से चुना हुआ विधायक हूं, मैं इस जिम्मेदारी को निभाऊंगा। मैंने कभी भी किसी आदमी को नहीं बोला कि मैंने मंत्री बनना है, रही मंत्री बनने की बात तो यह चर्चा है। जब भी सरकार, पार्टी हाइकमान को उचित लगेगा तो मुझे मंत्री बनाया जाएगा। पार्टी ने जहां भी जिम्मेदारी दी, वहां बखूबी काम किया है। मंत्री न बनाना पार्टी और मुख्यमंत्री की मजबूरी हो सकती है। मुख्यमंत्री बनने से पहले सुखविंद्र सुक्खू ने कहा था कि आपको मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। सुक्खू ने मुख्यमंत्री बनने के बाद भी कहा कि आपको मंत्री बनाएंगे।

सुक्खू ने कहने में कोई कमी नहीं रखी। मंत्री न बनाने के क्या कारण रहे हैं, ये तो मुख्यमंत्री और कांग्रेस हाइकमान ही बता सकते हैं। विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि आदमी किसी पद से बड़ा नहीं होता है, बड़ा बनने के लिए अच्छे कर्म करने पड़ते हैं।

## प्रश्न काल




### एक समय में दो डिग्रियां देगा एचपीयू

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने एक समय में दो डिग्रियां करने का प्रावधान लागू करने का फैसला लिया है। इसको लेकर औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। यह जानकारी हिमाचल विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मुहैया करवाई है।

### हिमाचल में 15556 गांव सड़कों से जुड़े



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में 2011 की जनगणना के मुताबिक 500 तक की आबादी वाले 17082 गांवों को सड़कों से जोड़ा जाना था। इनमें से 15556 गांवों को सड़कों से जोड़ा जा चुका है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने वीरवार को प्रश्नकाल में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार चंबा जिले के चुराह विधानसभा क्षेत्र में 12 महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण सुनिश्चित करेगी। इन सड़कों के निर्माण के लिए बजट मुहैया करवाया जाएगा। वह सदन में भाजपा सदस्य डॉ. हंस राज के सवाल का जवाब दे रहे थे।

### चौपाल में क्षतिग्रस्त हुए 634 मकान

**धर्मशाला।** चौपाल के विधायक बलवीर सिंह वर्मा के एक सवाल के जवाब में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने बताया कि चौपाल विधानसभा क्षेत्र के तहत 531 मकान आंशिक तथा 103 मकान पूर्णता क्षतिग्रस्त हुए हैं! आशिक मकान में सभी प्रकरणों में 32261000 रुपए की धनराशि प्रभावित परिवारों को आबंटित की जा चुकी है! इसके अतिरिक्त क्षतिग्रस्त मकानों में 100 प्रकरणों में एक करोड़ 28 लाख 50 हजार रुपए की धनराशि प्रभावित परिवारों को आवंटित की जा चुकी है तथा शेष तीन प्रकरणों में भी शीघ्र ही राहत राशि प्रदान कर दी जाएगी!

### सरकाघाट में नहीं बढ़ेंगे लोकल बसों के रूट

**धर्मशाला।** सरकाघाट विधानसभा से विधायक दिलीप ठाकुर के सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री ने बताया की सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के तहत हिमाचल परिवहन निगम के सरकाघाट डिपो में 109 लोकल रूटों पर बसे चलती है। वर्षा के कारण सड़क क्षतिग्रस्त होने पर 24 रूट बंद किए गए थे। उन्होंने बताया कि 23 लोकल रूटों को बहाल कर दिया गया है व एक रूट सरकाघाट से गोभरता जवाली के पास सड़क खराब होने के कारण भी बंद है । लोक निर्माण विभाग से रोड फिटनेस प्राप्त होते ही इस रूट को बहाल करना संभव है। अभी सरकार का इन लोकल रूटों का विस्तारीकरण करने का कोई विचार नहीं है।

### दुर्गम क्षेत्रों को सड़क से जोड़ रही सरकार

**धर्मशाला ।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. हंसराज के एक सवाल पर लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि सरकार दुर्गम क्षेत्रों को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सड़क निर्माण कर रही है। उन्होंने बताया कि कलहेल से शिंड तक सड़क का निर्माण ओटीएमएनपी योजना के तहत स्वीकृत है। इस सड़क के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए टोकन बजट का प्रावधान है । मुख्य अभियंता धर्मशाला द्वारा इस सड़क की 211.67 लाख रुपए की प्रशासनिक अनुमोदन एवं व्यय स्वीकृति प्रदान की गई है। वन भूमि के हस्तांतरण हेतु संबंधित विभाग से स्वीकृति प्राप्त होने एवं उचित बजट के प्रावधान होने पर इस सड़क का कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। इस सड़क की कुल लंबाई डेढ़ किलोमीटर है, जिसमें सारी वन भूमि पड़ती है। सलूणी वन मंडल अधिकारी के पत्र के अनुसार वन भूमि के हस्तांतरण के लिए एफआरए के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

### केसीसी बैंक ने वसूला 44.70 करोड़ एनपीए

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में वीरवार को प्रश्नकाल के दौरान कांगड़ा सेंट्रल सहकारी बैंक के एनपीए का मामला गूंजा। कांग्रेस सदस्य राजेंद्र राणा ने यह मामला उठाते हुए सरकार से जानना चाहा कि कांगड़ा सेंट्रल सहकारी बैंक की एनपीए की वसूली के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। राणा के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में बताया कि पिछले वित्त की समाप्ति तक कांगड़ा सेंट्रल सहकारी बैंक का एनपीए 1147.90 करोड़ रुपए था। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल 2023 से 30 नवंबर 2023 तक 44.70 करोड़ रुपए के एनपीए की वसूली की गई।

### पशु पालने के लिए 700 रुपए देगी सरकार

**धर्मशाला।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने प्रदेश के पशुपालकों के लिए पशुपालकों के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर आवारा घूम रहे पशुओं से निजात पाने के लिए प्रदेश सरकार नई पॉलिसी लेकर आ रही है, जिसके तहत पशुपालकों को आप पशुओं को पालने के लिए 700 रुपए दिया जाएगा। इससे पहले यह राशि गौदानों को दी जा रही थी। कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार फतेहपुर के विधायक भवानी पठानिया के संकल्प पर बोल रहे थे। उन्होंने सवाल किया था कि आवारा पशुओं को छोड़ने वालों के खिलाफ कोई सजा या जमाने का प्रावधान है। इस पर चौधरी चंद्र कुमार ने कहा कि पंचायती राज एक्ट के तहत आवारा पशु छोड़ने पर पशु मालिकों को जमाने का प्रावधान है।



### हिमाचल में चलेगा एड्स जागरुकता अभियान

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश को साल 2030 तक एड्स मुक्त बनाया जाएगा। इस संदर्भ में प्रदेश में विधायी मंच का गठन होगा। मंच के गठन को लेकर संकल्प गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने विधानसभा में प्रस्तुत किया। विधायी मंच, प्रदेश में एड्स जागरुकता को लेकर व्यापक अभियान चलाएगा। एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों और उनके परिवारों के लिए अनुकूल वातावरण बनाकर भेदभाव कम करना, ऐसे परिवारों को स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका कमाने की सुविधा आसानी से प्रदान करने के लिए भी यह मंच काम करेगा। हिमाचल में वर्तमान में 5561 व्यक्ति एचआईवी संक्रमित हैं। इन सभी का छह एआरटी केंद्रों में निशुल्क उपचार किया जा रहा है।

### वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर जुटे मल्टी टास्क कर्मचारी

**धर्मशाला।** कुल्लू तथा मंडी जिले के हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के मल्टी टास्क कर्मचारी जोरावर स्टेडियम में अपनी मांगों को लेकर सरकार के द्वार पहुंचे। इस मौके पर प्रदेश में कार्यरत इन मल्टी टास्क कर्मचारियों ने हाथ में बैनर लिए कम वेतन में गुजारा न होने की बात कही। इन लोगों का कहना था कि इनको दिया जा रहा वेतन 4500 रुपए प्रति माह बहुत कम है तथा सरकार इसको बढ़ाए। इस दौरान उन्होंने सरकार से वेतन बढ़ाने की मांग करते हुए उनके लिए स्थायी नीति बनाने की भी बात रखी। इस दौरान यहां पहुंचे कर्मचारियों ने शांति से मार्च करते विधानसभा की ओर जाने की कोशिश भी की, लेकिन पुलिस ने उन्हें अनुमति नहीं दी, वहीं कुछ कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री से उनकी व्यथा सुनने तथा वेतन बढ़ाने की भी उम्मीद जताई।

सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने उठाया मुद्दा

## डबल लेन हो बाबा बालक नाथ मंदिर को जाने वाली सड़क

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

**संसद में हिमाचल**



संसद भवन में हिमाचल प्रदेश के बड़सर विधानसभा क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर से संबंधित विषय को रखा गया है। श्रद्धालुओं को सलौनी से दियोटसिद्ध के लिए 18 किलोमीटर सिंगल लेन वाली सड़क से दर्शन के लिए जाने के लिए बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है, निश्चित रूप से इस सड़क को डबल लेन कर दिए जाने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

यह बात भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सहमीडिया व जिला मीडिया प्रभारी यशपाल शर्मा ने यहां जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि सांसद डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा सलौनी से दियोटसिद्ध सड़क को डब्बल लेन करने का मुद्दा सदन उठाने के लिए धन्यवाद किया। यशपाल शर्मा ने बताया ने कहा कि हाल में ही युवा मोर्चा कि युवा मोर्चा के प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी आशीष ठाकुर ने इस विषय को राज्य सभा सांसद डॉ. सिकंदर के समक्ष रखा था और उन्हें अवगत करवाया था कि किस तरह से सलौनी से दियोटसिद्ध सड़क के तंग होने से जाम लगा रहता था और किस तरह से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इस विषय को जोर-शोर से राज्यसभा के सांसद डॉ. सिकंदर के समक्ष रखा। इस अवसर आशीष ठाकुर ने डॉ. सिकंदर का इस विषय को सदन में उठाने के लिए धन्यवाद किया।

**तैयारी** | बिलासपुर प्रशासन, एनएचएआई, रेलवे प्रोजेक्ट की टीम करेगी संयुक्त विजिट

## निर्माणाधीन सुरंगों का निरीक्षण करेंगे भूवैज्ञानिक

शुभम राही, बिलासपुर

भानुपल्ली-बिलासपुर रेललाइन सहित किरतपुर नेरचैक फोरलेन पर स्थित निर्माणाधीन सुरंगों का निरीक्षण करने के लिए शुक्रवार को संयुक्त रूप से टीम विजिट करने आ रही है। भूवैज्ञानिकों सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व रेलवे व फोरलेन प्रोजेक्ट के अधिकारी इस विजिट में मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

उत्तरकाशी में हुए सुरंग हादसे के बाद प्रदेश सरकार के आदेशानुसार इन हिमाचल में सुरंगों का विजिट किया जा रहा है, जिसमें सुरंगों में सुरक्षा के प्रबंधों का जायजा लिया जाएगा, साथ ही शिमला से आए भूवैज्ञानिकों की राय भी ली जाएगी, जिसमें सुरंगों का सुरक्षित निर्माण किस तरह से किया जा सके। इस संदर्भ में बिलासपुर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने एक कमेटी भी गठित की है, जिसमें कमेटी में तैनात अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहें। उपायुक्त ने बताया कि एनएनएआई और आरवीएनएल के अंतर्गत बन रहे प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा एवं उच्चतम गुणवत्ता मानकों का पातन सुनिश्चित करना होगा तभी भविष्य में किसी भी अनचाहे हादसे से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि भानुपल्ली-बिलासपुर रेलवे लाइन के अंतर्गत जिला बिलासपुर में 13 सुरंगे बनाई जानी है, जिसके मद्देनजर सभी को और अधिक सचेत होने की आवश्यकता है।

उन्होंने अधिकारियों को समय समय पर मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिए। टनल में काम कर रहे है सभी मजदूरों के पास उच्च गुणवत्ता वाले उपकरण हो यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। सुरंग प्रबंधन तथा आपातकालीन प्रतिक्रियाओं के संबंध में उचित प्रशिक्षण और जन जागरूकता अभियान के माध्यम से उपभोगकर्ताओं एवं जिला वासियों को सुरक्षा उपाय एवं रिपाटिंग तंत्र के बारे में तैयारियों का जायजा लिया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि एक व्यापक सुरक्षा ढांचे की आवश्यकता को पहचानते हुए एनएचएआई ने सुरंगों के भीतर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति सीमा भी लगाई है। यह उपाय चालकों को नियंत्रित और कम गति बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करेगा, जिससे बेहतर गतिशीलता सक्षम होगी और दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल प्रदेश में 1676 मिलीमीटर चौड़ाई की पटरी वाली यह पहली ब्रॉडगेज रेल लाइन



**भानुपल्ली-बिलासपुर** रेललाइन प्रोजेक्ट की खास बात यह है कि रेल पटरी की चैड़ाई 1676 मिलीमीटर यानी 1.676 मीटर है जबकि कालका-शिमला की पटरी की चैड़ाई एक मीटर है। ऐसे में पूरे हिमाचल प्रदेश में 1676 मिलीमीटर चैड़ाई की पटरी वाली यह पहली ब्रॉडगेज रेलवे लाईन है। धरोट से लेकर बैरी बरमाणा तक रेलवे लाईन चार चरणों में कंपलीट की जाएगी।

### सदन की कार्यवाही के दौरान कैबिनेट बैठक होने पर विपक्ष ने जताई आपत्ति

**धर्मशाला।** विधानसभा में वीरवार को विपक्ष ने बीते दिन सदन की कार्यवाही के दौरान कैबिनेट बैठक होने पर कड़ी आपत्ति जताई। विपक्ष ने बुधवार को इस मुद्दे पर सदन से वॉकआउट किया था। वीरवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने इस मसले को उठाया। विधानसभा के दौरान कैबिनेट तब होती है, जब सदन की कार्यवाही खत्म हो गई हो। उन्होंने यह भी कहा कि डिप्टी सीएम को जवाब के लिए अधिकृत नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि नियमानुसार सदन में जवाब देने के लिए किसी मंत्री को तभी अधिकृत किया जाता है, जब वह किसी इमरजेंसी के चलते सदन में उपस्थित न हो, लेकिन मंत्री विधानसभा परिसर में हो और तब किसी अन्य को उनकी ओर से जवाब देने के लिए अधिकृत करना सदन का अपमान है। जयराम ठाकुर ने कहा कि पूरे प्रदेश में अव्यवस्था का आलम चल रहा है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया आईटी पार्क चैतड़ू का औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज जिला कांगड़ा के चैतड़ू में लगभग 17 करोड़ रुपए की लागत से दो एकड़ भूमि पर निर्माणाधीन आईटी पार्क का औचक निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 100 कंपनियों ने इस पार्क में अपने कार्यालय स्थापित करने में रुचि दिखाई है तथा कंपनियों को प्लग एंड प्ले आधार पर काम करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि आईटी पार्क के निर्माण से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार कांगड़ा जिला को आईटी हब के रूप में विकसित करने के प्रयास कर रही है, ताकि राज्य के विकास को गति मिल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा वर्ष 2024 तक आईटी पार्क का निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन कांगड़ा को यहां सड़क, बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर प्रदान करने को कहा, ताकि यहां आने वाली कंपनियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचार) गोकुल बुटेल ने मुख्यमंत्री को निर्माणधीन आईटी पार्क के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, विधायक केवल सिंह पठानिया, निदेशक डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस मुकेश रेप्सवाल, उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


चैतड़ू में बन रहे आईटी पार्क का निरीक्षण करते सीएम सुक्खू।

## कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा-जनता को गुमराह कर रही बीजेपी

# सीएम सुक्खू ने रैत में किया खंड विकास अधिकारी के कार्यालय भवन का शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को कांगड़ा जिला के शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रैत में 5.36 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले खंड विकास अधिकारी के कार्यालय भवन का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में तीन गारंटियां पूरी की हैं, जबकि पिछली भाजपा सरकार ने अपने पांच साल के कार्यकाल में केवल मात्र प्रदेश की जनता को ठगने का ही कार्य किया। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल की गई। हालांकि केंद्र सरकार को यह निर्णय शायद रास नहीं आया और इसके उपरांत प्रदेश को मिलने वाली आर्थिक मदद में कटौती की जा रही है। राज्य को मिलने वाले ऋण की सीमा भी कम की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एनपीएस का पैसा वापस देने में आनाकानी कर रही है।

केंद्र के इस रवैये से प्रदेश को लगभग 1780 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरी गारंटी पूरी करते हुए अगले शैक्षणिक सत्र से सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई शुरू की जा रही है। इसके साथ ही स्कूल वर्दी में एकरूपता लाने तथा बच्चों की पसन्द को ध्यान में रखते हुए स्कूल प्रबंधन को स्मार्ट वर्दी चुनने का अधिकार दिया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में 1400 पद भरने की स्वीकृति प्रदान की है। एक वर्ष में सरकारी क्षेत्र में ही 20 हजार से अधिक रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राजस्व लोक अदालत में 45 हजार लंबित इंतकाल के मामलों को निपटारा किया, जो अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का राज्य सरकार का प्रयास है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार होम स्टे पर भी कानून लाई है, जिससे इसके संचालकों को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने विधायक केवल सिंह पठानिया के आग्रह पर शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में रविदास भवन, ओबीसी भवन, गद्दी भवन तथा राजपूत भवन निर्माण का भी आश्वासन दिया। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि विधायक केवल पठानिया के प्रयासों से ही शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में बीडीओ कार्यालय का नया भवन स्वीकृत हुआ। यह भवन रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार होगा, ताकि स्थानीय निवासियों को इसका भरपूर लाभ मिल सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचार) गो कुल बुटेल, कांगड़ा सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उपायुक्त डा. निपुण जिंदल, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



रैत में खंड विकास अधिकारी के कार्यालय भवन का शिलान्यास करते हुए सीएम।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों ने किया विधानसभा परिसर का भ्रमण

**पंचरुखी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सलियाना के छात्र छात्राओं ने तपोवन में चल रही 14वीं बिधानसभा की कार्रवाई का अवलोकन किया। इस दौरान इन प्रशिक्षुओं ने लोकतंत्र की विभिन्न परंपराओं व सदन की कार्रवाई की बारीकियों को विस्तार से समझा। प्रधानाचार्य तनुज शर्मा ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए चेयरमैन सुरेश ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

### धर्माणी ने चामुंडा मंदिर में टेका माथा

**चामुंडा।** आज विश्व प्रसिद्ध श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम मंदिर में कांग्रेस पार्टी के नव निर्वाचित मंत्री राजेश धर्मानी ने अपने समर्थकों के साथ माथा टेका। इस दौरान चामुंडा मंदिर पहुंचने पर उनका स्वागत स्थानीय पदर पंचायत के उपप्रधान बॉबी गोस्वामी और मंदिर प्रशासन ने किया उनकी विधिवत पूजा-अर्चना पुजारी राकेश श्रोत्री और त्रिगत संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश शर्मा ने करवाई। वहीं, उन्हें उनकी विधिवत पूजा-अर्चना करवाई और उन्हें माता के आशीर्वाद के रूप में चुनरी और सिरोपा भेंट किया। उसके बाद उन्होंने श्री नंदीकेश्वर महादेव मंदिर में भी जाकर विधिवत रूप से रुद्र अभिषेक किया उनकी पूजा पुजारी पंकज गोस्वामी ने करवाई।


चामुंडा मंदिर में माथा टेकते मंत्री धर्माणी।

### एकता मैदान नोरा में क्रिकेट टूर्नामेंट 24 से

**नगरोटा बगवां।** एकता मैदान नोरा में आओ अलग करते हैं इतिहास रचते है ट्रॉफी का आगाज करने 24 दिसंबर को सोलन की टीम के साथ होगा। मैच को हरी झंडी देंगे जाने-माने आपके प्रिय समाजसेवी, खिलाड़ी व पूर्व विधायक अरूण मेहरा कूक्का करेंगे। इस मैदान पर जाने माने खिलाड़ी अर्पित भी खेल चुके हैं। हमारा लक्ष्य मंच देना, आपका हो कामयाब होना। वहीं, मैच में विजेता रही टीम को 11000 व ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 5100 व ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, एंपायर निर्णय अंतिम माना जाएगा। मैच डिक्सन बाल से होंगे। मैच ओवर समय के अनुसार निर्धारित होंगे।

### चौथे दौर की काउंसलिंग 27 दिसंबर को

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड दो वर्षीय में प्रवेश के लिए 27 दिसंबर को सुबह दस बजे से बोर्ड मुख्यालय में चौथे दौर की काउंसलिंग आयोजित हो रही है। निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के लिए सत्र 2023-25 के लिए प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा, इस संदर्भ में 1384 अभ्यर्थी जिन्होंने सामान्य श्रेणी में 50 प्रतिशत अंक और एससी, एसटी, ओबीसी, पीएचएच श्रेणी में 45 अंक प्राप्त किए हैं और पिछले तीन काउंसलिंग में उपस्थित नहीं हुए हैं, उन्हें काउंसलिंग के चार दौर के लिए बुलाया जा रहा है। मेरिट सूची के अनुसार ऐसे अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। www.hpbose.org. अभ्यर्थियों को उपरोक्त तिथि और समय पर काउंसलिंग के लिए बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला पहुंचने का निर्देश दिया जाता है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी टेलीफोन नंबर 0189242192 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### प्रश्न पत्रों की ऑनलाइन करें मांग

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च 2024 में संचालित की जाने वाली नवमीं व 11वीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं के लिए कक्षावार व विषयवार प्रश्न पत्रों की मांग को केवल ऑनलाइन माध्यम से विलंब शुल्क 50 प्रति छात्र 31 दिसंबर तक बढ़ाया गया है। प्रभावी शुल्क के अनुसार नवमीं कक्षा के लिए शुल्क 150 प्रति छात्र है, जबकि 50 विलंब शुल्क के साथ प्रति छात्र 200 रुपए लिए जाएंगे। जबकि 11वीं कक्षा के लिए भी यही शुल्क रहेंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य व मुख्य अध्यापक उपरोक्त तिथि तक प्रश्न पत्रों की मांग को निर्धारित शुल्क सहित केवल ऑनलाइन प्रेषित करवाना सुनिश्चित करें।

### बस स्टैंड बैजनाथ का किया निरीक्षण

**बैजनाथ।** बैजनाथ में बनने जा रहे बस अड्डे का निरीक्षण करने परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक रोहन ठाकुर पहुंचे। इस मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे । इस मौके पर उन्होंने चल रहे वर्कशॉप क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय के साथ-साथ प्रस्तावित बस अड्डे का संपूर्ण निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि करीब 6 महीने के अंदर अंदर क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय वर्कशॉप बनकर तैयार हो जाएगी। मगर बैजनाथ के बस स्टैंड को पूर्ण रूप से तैयार करने में समय लगेगा। बैजनाथ में बनने जा रहा यह बस अड्डा सभी सुविधाओं से परिपूर्ण होगा एक स्थल पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस मौके पर वर्कशॉप का समस्त स्टाफ उनसे मिला हुआ अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने मौजूदा बस अड्डे का भी निरीक्षण किया वह जरूरी दिशा निर्देश जारी किए।

### साइबर क्राइम पर लोगों को किया जागरूक

**पंचरुखी।** केसीसी बैंक शाखा पंचरुखी द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से ग्राम पंचायत सलियाना में डिजिटल एव वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इसमें विभिन्न स्वयं सहायता समूह व ग्रामीण उपस्थित रहे। वरिष्ठ शाखा प्रवंधक कृष्ण कुमार ने ग्रामीणों को बैंक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसमें प्रधानमत्री सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना, किसन क्रेडिट कार्ड, साइवर क्राइम, समाजिक सुरक्षा व लोगों को बैंक संबंधी कई जानकारियां दी। साथ से बचत खाता व उससे जुड़े फायदों से अवगत करवाया।

### लोगों ने जाना किसान क्रेडिट कार्ड

**जवाली।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा जवाली के सौजन्य से पंचायत नाणा में प्रधान कमलेश कुमारी की अध्यक्षता में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक चंद्रशेखर व हरपाल सिंह ने लोगों को बैंक की योजनाओं बारे बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह की जानकारी दी। उन्होंने लोगों को साइबर ठगी से बचने की भी अपील की। चंद्रशेखर ने कहा कि बैंक किसी भी प्रकार की जानकारी फोन से नहीं मांगता है तथा ग्राहक कोई भी जानकारी फोन से किसी के साथ शेयर न करे। इस मौके पर काफी लोग मौजूद रहे।

# वेट लिफ्टिंग में अमन चौहान ने जीते दो गोल्ड मेडल

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

लोअर लंबागांव के निवासी 23 वर्षीय अमन चौहान वर्तमान समय में धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय रीजनल सेंटर खनियारा मोहली मे लॉ विषय में पढ़ाई कर रहे हैं, पढ़ाई करने के साथ अमन चौहान खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी आगे रहते हैं।

हिमाचल प्रदेश पावर लिफ्टर एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय चैंपियनशिप की प्रतियोगिता पालमपुर के भवारना मे आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में नौ जिलों के पावर वेटलिफ्टरों ने भाग लिया।

अमन चौहान ने बॉडी वेट मे दो स्वर्ण पदक हासिल कर। जयसिंहपुर विधानसभा का नाम रोशन कर दिया है, अमन चौहान चौहान ने इस सफलता का सारा श्रेय अपने कोच जीवन कुमार व अपने माता-पिता को दिया है। बहरहाल, लोअर लंबागांव के निवासी 23 वर्षीय अमन चौहान ने दो गोल्ड मेडल जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। (अनंत ज्ञान)


अमन चौहान को सम्मानित करने का दौर।

# जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**अजय पाल, पंचरुखी**

बुधवार को जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की व यादविंद्र गोमा को मंत्री बनाने पर उनका धन्यवाद किया। जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डडवाल ने कहा कि 57 वर्ष बाद जयसिंहपुर विधानसभा को मंत्री पद मिला है।

राजगीर से जयसिंहपुर के नाम पर बने इस विधानसभा क्षेत्र से आज तक किसी भी सरकार ने मंत्री नहीं बनाया। लेकिन सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने यहां से मंत्री बना कर पूरे हिमाचल में जयसिंहपुर विधानसभा का नाम रोशन कर दिया है। उन्होंने कहा कि यादविंद्र गोमा युवा होने के साथ साथ कर्मठ व मिलननसार भी है। जयसिंहपुर की जनता ने इन्हें विधायक बनाकर भेजा था, लेकिन मुख्यमंत्री ने गोमा को मंत्री बनाकर जयसिंहपुर की जनता को तोहफा दिया है। इसलिए हम मुख्यमंत्री के तहदिल से आभारी हैं। इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद आशा क्लोत्रा, सुनीता देवी, सुमन कुमारी, लता सूद, विजय राणा, डिंपल, तेज राम, अभिषेक सूद, गौरव कटोच, सुरेश क्लोत्रा, संगम मन्हास, जगतार सिंह, प्रताप चंद, संजीव कुमार, प्रकाश चंद, जय चंद, संजीव राणा, ज्ञान चंद, राज वर्मा, दीपू ,रिंकू, व सभी मंडल सदस्य उपस्थित रहे। गांव बठरा सड़क किनारे क्रशर मैटीरियल के ढेर जमा करने पर खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई। (अनंत ज्ञान)


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलते जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्य।

## पीएम विश्वकर्मा योजना पर सजी कार्यशाला

**डाडासीबा।** पीएम विश्वकर्म योजना की एकदिवसीय कार्यशाला की पूर्व संध्या पर प्रदेश प्रवक्ता एवं विश्वकर्मा योजना की प्रदेश संयोजक महेंद्र धर्मानी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन जसवां परागपुर के ग्रीन वैली होटल में किया जा रहा है। इसमें 300 लोग भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजीव मंडल, संगठन मंत्री सिद्धार्थन व उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस योजना के लिए 1300 करोड़ का बजट का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा इस योजना का लाभ कोई भी कारीगर व शिल्पकार ले सकता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए पंचायत के माध्यम से अप्लाई करना होगा पात्र व्यक्ति के चयनित होने के बाद उसके स्किल को डिवेलप करने के लिए आठ से 15 दिन की ट्रेनिंग होगी।

## नई शिक्षा नीति पर छात्रों को दिए टिप्स

**नगरोटा बगवां।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एक परिसर के भीतर शिक्षण व शैक्षिक गतिविधियों की शुरुआत शिक्षा खंड नगरोटा बगवां में हो चुकी है। खंड परियोजना अधिकारी नगरोटा बगवां सुमन कुमार धीमान ने बताया कि खंड स्तर पर जो प्राथमिक, माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एक ही परिसर के भीतर स्थित हैं। उनका संचालन अब एक परिसर एक विद्यालय योजना के अंतर्गत किया जाएगा। खंड परियोजना अधिकारी के अनुसार इस कार्यक्रम का सर्व प्रमुख लाभ यह होगा कि विद्यार्थियों को अपनी आवश्यकता के अनुसार मूलभुत सुविधाओं की प्राप्ति हो सकेगी तथा एक ही परिसर के भीतर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग सामूहिक रूप से किया जा सकेगा, ताकि गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा मिल सके। परिसर में प्रार्थना सभा से लेकर मध्यान्ह भोजन योजना, पुस्तकालय, खेल का मैदान, विज्ञान प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर प्रयोगशालाएं पुस्तकालय आदि विभिन्न प्रकार के संसाधनों का प्रयोग विद्यार्थी सामूहिक रूप से कर सकेंगे।

# डरोह स्कूल में नाटी पर मचा धमाल

**राकेश डोगरा, डरोह**

राजकीय केंद्र प्राथमिक विद्यालय डरोह में वार्षिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्यातिथि खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अर्चना सूद थीं। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें पंजाबी गिद्दा, पहाड़ी नाटी पेश कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम से प्रसन्न होकर मुख्यातिथि ने 1100 रुपए बच्चों को पुरस्कार स्वरूप दिए। पाठशाला के मेधावी छात्रों को विभिन्न गतिविधियों में प्रथम आने पर पुरस्कार प्रदान किए गए। पांचवीं कक्षा की छात्रा दक्षायनी सिंह को राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता अक्तूबर माह में जिला हमीरपुर के सुजानपुर टीहरा में आयोजित हुई थी। इस दौरान मंच संचालन का कार्यभार दिलीप चंद जेबीटी अध्यापक ने बड़ी बखूबी से निभाया। इस कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डरोह के प्रधानाचार्य रजनीश अतरी, पंचायत डरोह के प्रधान पंकज कुमार, एसएमसी प्रधान अरुण कुमार, सेवानिवृत्ति मुख्यध्यापक रविंद्र राणा, पूर्व में मुख्य शिक्षिका रही सीमा देवी, हेड टीचर विपिन कुमार, खंड कार्यालय भवारना के अधीक्षक अनिल, निर्जला शर्मा आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



**चामुंडा।** आज हिमाचल प्रदेश संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ (हिमाचल प्रदेश) जिला इकाई कांगड़ा के सदस्यों ने जिलाधीश धर्मशाला को ज्ञापन दिया। इसमें संघ की जिला इकाई के अध्यक्ष संजीव शर्मा, उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, सचिव सागर शर्मा, सहसचिव अंजना कुमारी, कोषाध्यक्ष सुमित शर्मा, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा एवं अन्य सदस्य राजेश, सुरेश, राम, सुनील कुमार, मनीष शर्मा, गणेश कुमार अंशुल, जितेंद्र, सचिन,रोहित अजय, राम प्रसाद, कपिल एवं कांगड़ा के अन्य शास्त्रियों ने ज्ञापन दिया।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विनोद ने मारी बाजी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के शाहपुर परिसर में 'विकसित भारत 2047' विषय पर भौतिक एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, डिबेट और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगितामें विनोद, तपिंदर और प्रिया ने प्रथम स्थान, लाभ सिंह, संदीप, आकृति, मोनाल, शिखा और योजना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डिबेट में प्रथम स्थान विवेक और ईश्वर कांत, द्वितीय स्थान प्रयाग और श्वेता नेतथा तृतीय स्थान आयुषी तथा आरुषि ने प्राप्त किया।पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आयुषी तथा आरुषि ने, द्वितीय स्थान श्वेता तथा मधुसूदन ने, तथा तृतीय स्थान प्रयाग, ईश्वरकांत, रितेश, विवेक तथा तपेंद्र ने प्राप्त किया। वहीं, पादप विज्ञान विभाग ने 'विकसित भारत 2047' विषय पर संदर्भ में एक समूह चर्चा का आयोजन किया। इस चर्चा में पादप विज्ञान विभाग के शोधार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 20 छात्र उपस्थित थे।

## चुनावों से पहले प्रदेश में होगा ऑपरेशन लोट्स!

**धर्मशाला।** प्रदेश सरकार के दुध खरीदने की गारंटी को लेकर बल्ह के भाजपा विधायक इंद्र सिंह ने ग्वाला बन कर माहौल को रंग दिया। हंसमुख प्रवृति के विधायक ने इस दौरान कहा कि लोग सुख की सरकार से दुखी हो चुके हैं। उनसे जब बुधवार रात हुई कैबिनेट बैठक को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस सरकार ये बताए इस बैठक में उपमुख्यमंत्री क्यों नहीं थे। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि जिस तरह से सरकार अंर्तकलह से जुझ रही है तो उन्हें लगता है कि जल्द ही विस्फोट होगा। उन्होंनें कहा कि उन्हें तो लगता है कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले हिमाचल में ऑपरेशन लोट्स के बाद कहीं सीएम के रूप में पूर्व सीएम जयराम जल्द वापसी करेंगे। विधायक ने इस दौरान जहां भाजपा विधायकों को दुध बेचा तो, वहीं प्रदेश की कांग्रेस सरकार की गारंटियों के फेल होने की बात कहते हुए कहा कि इस सरकार से किसान से लेकर पशुपालक समेत हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनावों में चार में से चार सीटों पर भाजपा भारी मतों से जीत दर्ज करेगी। कुल मिलाकर विधायक ने यहां कांग्रेस की अंतर्कलह पर तंज कसते हुए उसके कमजोर होने का दावा किया है। यहां बताते चलें कि कांग्रेस में अंदरूनी कलह की बातें अक्सर होती आ रही हैं तथा भाजपा हमले का कोई कोई मौका चुकना नहीं चाहती।

**मुसीबत** — दुकानों और गलियों में फेंका गीला कचरा बन रहा लोगों की जान के लिए खतरा

# योल में आवारा पशु बेलगाम, जनता हलकान

**अनंत ज्ञान, योल**

योल बाजार में आजकल बेलगाम आवारा पशु लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। गाय, बैल और आवारा कुत्ते सुबह पैदल चलने वालों, खासकर स्कूली बच्चों को परेशान करते हैं। डर इस बात का रहता है कि न जाने कब कोई पशु टक्कर मारकर घायल कर दे या फिर कुत्ता काट खाए।

पशुओं और कुत्तों से बचते बचते लोग कई बार वाहनों की चपेट में भी आ जातो हैं। जब से छावनी परिषद का विघटन हुआ है तब से योल बाजार में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। इस कारण पशु और जानवर सरेआम घूमते रहते हैं और पैदल चलने वालों पर कहर बनकर टूटते हैं। कुछ गलतियां लोगों की भी है। लोग गीला कचरा दुकानों और गलियों में डाल देते हैं। पशु और कुत्ते उनमें से अपना चारा ढूंढने लग पड़ते हैं और जब कोई उन्हें हटाने की कोशिश करता है तो वह उसे ही मारने पड़ जाते हैं। प्रशासन ने विधानसभा सत्र के मद्देनजर सड़क किनारे खड़ी गाड़ियां तो हटा दी हैं, लेकिन इस गंभीर समस्या की तरफ शायद उसका ध्यान नहीं जा रहा है। जनता इस परेशानी से तंग आ चुकी है।

**प्रशासन ने विस सत्र के मद्देनजर सड़क किनारे खड़ी गाड़ियां हटाई पर इस समस्या की तरफ नहीं है ध्यान**





व्यापार मंडल की तरफ से हम प्रशासन के पास बार-बार जाकर गुजारिश कर चुके हैं कि योल बाजार की कूड़े समस्या हल की जाए, लेकिन प्रशासन कभी गंभीर नहीं दिखा। प्रशासन को चाहिए कि इन पशुओं को आइडेंटिफाई करे कि ये आवारा पशु किसके हैं। लोगों को भी इस बारे में जागरूक होने की जरूरत है।

**-विकास चड्ढा, उप प्रधान, व्यापार मंडल, योल**



लोगों को चाहिए कि वे इन पशुओं व जानवरों को अपनी दुकानों या गलियों में चारा न डालें। इससे वे एक जगह झुंड बनाकर खड़े नहीं हो पाएंगे। ऐसा करने पर राहगीर आसानी से सड़क पर गुजर सकेंगे। लोगों के साथ-साथ प्रशासन को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए।

**-ताजेश्वर सिंह, स्थानीय व्यापारी**

## खनन विभाग ने दिया दो दिन का अल्टीमेटम

**डाडसीबा।** गांव बठरा सड़क किनारे क्रशर मैटीरियल के बड़े-बड़े ढेर जमा करने पर खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। खनन निरीक्षक ब्लॉक परागपुर अश्विनी कौंडल खनन निरीक्षक देहरा जोगिंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि गत सायं स्थानिय एक ग्रामीण ने खनन अधिकारी को दूरभाष द्वारा शिकायत दी कि बठरा सड़क के किनारे क्रशर मैटीरियल के बड़े-बड़े ढेर लगे हैं। उक्त इस शिकायत के आधार पर गुरुवार सुबह अचानक खनन विभाग निरीक्षक टीम द्वारा क्रशर मैटीरियल की शिकायत पर बठरा में खनन निरीक्षक देहरा व खनन निरीक्षक परागपुर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मौके पर गए शिकायतकर्ता ने जो नाम बताया है वह गांव बठरा के निवासी हैं। वह मौके पर नहीं मिले और उनसे दूरभाष द्वारा बात हुई तो उन्होंने बताया जो भी क्रशर मैटीरियल मंगवाया है। क्रशर से मंगवाया है मेरे पास इस क्रशर मैटीरियल के कागजात हैं, लेकिन वह मौके पर उपस्थित नहीं थे क्योंकि वह हमीरपुर गए हैं उन्हें कागजात दिखाने के लिए दो दिन का समय दिया गया है। उक्त मामले की पुष्टि खनन अधिकारी कांगड़ा राजीव कालिया ने की है।

जब शर्म की बात गर्व की बात बन जाए, तब समझो कि जनतंत्र बढ़िया चल रहा है।
–हरिशंकर परसाई

## स्टोन क्रशरों पर आखिर हंगामा क्यों?

**हिमाचल** में स्टोन क्रशरों पर आखिर हंगामा क्यों बरपा है? कांग्रेस और भाजपा इस मसले को लेकर आमने-सामने क्यों आ गई है? धर्मशाला में जारी विधानसभा के शीतकालीन सत्र में स्टोन क्रशरों को बंद करने और उसके बाद दोबारा चालू करने पर भाजपा ने प्रदेश की सुक्खू सरकार को घेरना चाहा, लेकिन सुक्खू सरकार ने भी इसका करारा जवाब दिया। आखिर यह मसला क्या है? इस मसले पर दोनों दल इतने तल्ख क्यों हो गए हैं? प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान के बाद अगस्त माह में सुक्खू सरकार ने नदियों और नालों के किनारे लगे स्टोन क्रशर बंद करने का फैसला लिया था। स्टोन क्रशर बंद होने से जहां राज्य सरकार को हर रोज करीब 40 लाख रुपए का नुकसान होता रहा तो वहीं, हजारों लोगों का रोजगार भी प्रभावित हुआ। भाजपा आरोप लगा रही है कि प्रभावशाली और सरकार के साथियों के क्रशर चल रहे हैं, जिससे क्रशर दोबारा शुरू करने के सरकार के निर्णय पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। यह फैसला व्यवाहिरक नहीं है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी टिप्पणियां हो रही हैं। सीएम सुक्खू ने स्टोन क्रशर बंद करने का कारण बताया। राजस्व के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार खनन से पांच करोड़ रुपए का राजस्व जुटाने की योजना बना रही है और मौजूदा खनन नीति में संशोधन का प्रस्ताव भी है। मानसून के दौरान ब्यास बेसिन में 128 स्टोन क्रशर को बंद करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन कोई राजस्व हानि नहीं हुई, क्योंकि बारिश के मौसम के दौरान 15 सितंबर तक स्टोन क्रशर को बंद करना एक सामान्य प्रथा है। गिट्टी और रेत की दर में बढ़ोतरी होगी। निर्माण लागत में रेत और पत्थर की कीमत भी जोड़ने पर विचार हो रहा है। इस सब प्रक्रिया से निश्चित रूप से सरकार का राजस्व बढ़ेगा। अगर ऐसा वाकई संभव है तो भाजपा की ओर से सरकार के फैसले को जनविरोधी करार देना तर्कसंगत नहीं है। रेत-बजरी की कीमतों में इजाफा होने से बेशक लोगों को अधिक कीमत चुकाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, लेकिन सरकार की हालत काफी हद तक सुधर जाएगी और आर्थिक तंगहाली के दौर से गुजर रही सरकार आसानी से पटरी पर चलती रहेगी। 1,600 लोगों को बेरोजगार करने का मसला बेशक गंभीर है, लेकिन सरकार ने उससे भी पार पाने की कोई न कोई तरकीब जरूर ढूंढी होगी। विपक्ष को चाहिए कि वह सरकार के सुधारात्मक कदमों का समर्थन करे। यह प्रदेश हित में बहुत जरूरी है वरना सियासी फायदे के लिए खींचतान से कोई लाभ नहीं होगा। सरकार को भी चाहिए कि मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त हुए 12,000 मकानों का मुआवजा शीघ्र दे दे, ताकि क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत हो सके। क्योंकि रेत और बजरी की दरें बढ़ने से वह अपने आप से घर बनाने में असमर्थ होंगे। सरकार को प्रभावितों की मदद जरूर करनी चाहिए।

# युवा पीढ़ी संभाले विरासत, तभी होगी हिफाजत

**प्रदेश में आयोजित होने वाले हर मेले और उत्सव में प्रदेश की संस्कृति की झलक मिलती है, लेकिन धीरे-धीरे इन आयोजनों पर पश्चिमी प्रभाव देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेलों को तब तक अधूरा माना जाता है जब तक कि बॉलीवुड का बड़ा कलाकार इनमें शिरकत न करे। इसके लिए आयोजन होने के करीब एक माह पूर्व कलाकारों से मोलभाव शुरू हो जाता है। नतीजा यह होता है कि बाहरी राज्यों के कलाकारों को दोगुने दाम पर बुला लिया जाता है, जबकि लोकल कलाकारों को बेहद कम दाम दिए जाते हैं।**

**वर्तमान में प्रदेश में कहीं भी कोई ऐसा थियेटर नहीं है, जहां पर लोक गायन का नियमित तौर पर प्रशिक्षण दिया जाता हो। प्रदेश में मेलों के आयोजन का उद्देश्य तभी पूरा हो पाएगा, जब इनके माध्यम से प्रदेश की संस्कृति और लोकगीतों व कलाकारों को प्रोत्साहित किया जाएगा, लेकिन आज के दौर में ऐसा नहीं होता। यही वजह है कि मेले भीड़ तो जुटाते हैं, लेकिन संस्कृति का प्रचार नहीं कर पाते। अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन के सिमटने का एक बड़ा कारण यह भी है कि आयोजनों में वही धिसा-पिटा पश्चिमी मनोरंजन परोसा जाता है।**



लेखक : प्रत्यूष शर्मा
सहायक प्रबंधक,
इंडियन ओवरसीज बैंक
मो: 7018829557
पलासन, नाल्टी,
जिला : हमीरपुर



**भारतीय** संस्कृति समूचे विश्व को आकर्षित करती है, लेकिन हम भारतीय ही अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। जहां हम कभी अपनी संस्कृति पर गर्व करते थे, वहीं आज का युवा वर्ग का मोह पश्चिमी संस्कृति की तरफ बढ़ता जा रहा है। दिन-प्रतिदिन हम पाश्चात्य संस्कृति को अपनाते जा रहे हैं और हमारी संस्कृति केवल किताबों और कहानियों में ही कहीं गुम होती जा रही है। सबसे अहम होता है हमारे सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना। त्याग, सम्मान, संयम, सत्य, अहिंसा, अध्यात्म ये सभी हमारी संस्कृति की पहचान रहे हैं। आज इंसान का रहन-सहन तो पूरी तरह बदल ही चुका है, इंसान ने अपने सिद्धांतों और मूल्यों से भी दूरी बनानी शुरू कर दी है।

युवा वर्ग पर पश्चिमी सभ्यता का अत्यधिक प्रभाव है। युवाओं में अपनी सभ्यता, संस्कृति और मान्यताओं से लगाव नहीं है। युवा वर्ग का गलत रास्तों पर जाना भी पश्चिमी सभ्यता के बढ़ते परिणाम का ही फल है। भारतीय समाज और युवा वर्ग पर यदि पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव इसी प्रकार बढ़ता रहा, तो यह एक चिंतनीय विषय होगा। साथ ही पढ़ाई के प्रति उदासीनता भी बच्चों को गलत राह पर ले जाती हैं। युवाओं में भटकाव के पीछे एकल परिवार भी महत्वपूर्ण कारक है। आज दुनिया भौतिकतावादी हो गई है और लोगों की जरूरतें बढ़ती जा रही हैं, इसलिए उनके अंदर तनाव और अवसाद बढ़ता जाता है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को अपनी संस्कृति से भी अवगत कराएं, ताकि उनको सही दिशा मिल सके।

अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा, घर से दूर रहकर पढ़ाई, बड़े शहरों और विदेश में नौकरी की ललक, पाश्चात्य परिवेश की ओर झुकाव और मोबाइल फोन ने युवाओं को भारतीय संस्कृति से दूर कर दिया है। टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले अधिकतर सीरियल भी पश्चिमी संस्कृति को पोषित-पल्लवित करते हैं, जिससे युवा पीढ़ी प्रभावित होती है।

आज का युवा तकनीकी मोहमाया से भ्रमित है। वह सिर्फ अपने स्वयं की तरक्की पर केंद्रित रहता है। युवा वर्ग भारतीय संस्कृति की महत्ता को नहीं समझता है। इसके लिए उसके पास अनेक प्रकार के तर्क उपलब्ध होते हैं। युवा वर्ग को भारतीय संस्कृति से जोड़ने की कोशिश की जानी चाहिए। यह समय सांस्कृतिक विरासत को संभालने का समय है।

वैश्वीकरण और आधुनिकीकरण की चकाचौंध में युवा वर्ग हमारी पुरातन संस्कृति की महान विरासत को भूलते जा रहा है। दूरियां इतनी बढ़ी हैं कि नैतिक मूल्यों का पतन होने लगा है, मानवता कराहने लगी है। आपसी सौहार्द, प्रेम और भाईचारे के पर्व फीके पड़ते जा रहे हैं। युवाओं की सोच दिखावे वाली बनती जा रही है। हमें याद रखना होगा कि नैतिकता, अपनत्व और देशभक्ति जैसे मूल्यों ने ही भारतीय संस्कृति को बनाए रखने में योगदान दिया है। युवा वर्ग का भारतीय संस्कृति से दूर होना देश के लिए कदापि उचित नहीं हो सकता, इसीलिए यह जरूरी है कि हम हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

युवा वर्ग के कंधों पर ही यह जिम्मेदारी है। आज का युवा वर्ग पाश्चात्य संस्कृति की नकल कर अपनी मूल भारतीय संस्कृति से विमुख होता जा रहा है, जो गंभीर चिंता की बात है। भारत ने अपनी सांस्कृतिक धरोहर की बदौलत ही विश्व में अपनी एक अलग पहचान बना रखी है। इस पहचान को बनाए रखने की जिम्मेदारी युवा वर्ग की है। देश के युवा बेशक इस प्रतिस्पर्धी दुनिया में आगे बढ़ें, लेकिन अपनी संस्कृति को हमेशा जिंदा रखें।

भारतीय संस्कृति विश्व की सभी संस्कृति में सर्वश्रेष्ठ है। यहां पशु-पक्षियों, पेड़-पौधों, जल-जमीन को भी देवी-देवताओं के रूप में पूजा जाता है। वर्तमान में पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण, पोर्नसाइट के मकड़जाल, वेबशोज में अश्लील दृश्यों व गंदी गालियों की भरमार ने युवा वर्ग को इस प्रकार अपने जाल में फंसाया है कि वह चाहकर भी इनसे निकल नहीं पा रहा है। युवा के मन में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को लेकर एक आदर्श छवि बनी हुई है, लेकिन जब वह वास्तविकता के धरातल पर स्थितियों को बहुत बदला हुआ पाता है तो जाने-अनजाने में अपनी संस्कृति से दूर होता चला जाता है, इसलिए युवा पीढ़ी पर पूरी तरह से दोषारोपण करना उचित नहीं है। अपनी महान संस्कृति से परिचित करवाने एवं युवा पीढ़ी को पथ प्रदर्शित करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। बाल्यावस्था से ही परिवार में बच्चों को अच्छे संस्कार और मानवीय मूल्यों की शिक्षा दी जानी चाहिए। उनके अनुचित व्यवहार को नजरअंदाज न करके उन्हें समझाना चाहिए, ताकि उनकी छोटी गलतियां भविष्य में अपराध का रूप न ले सकें। साथ ही आसपास की संदिग्ध गतिविधियों के प्रति सामाजिक जागरूकता और सजगता के कारण निरंतर हो रहे अपराधों को रोका जा सकता है। आज का युवा विदेशी संस्कृति से ज्यादा प्रभावित है। उसकी नजर में मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषा का महत्व नहीं है। वह अंग्रेजी को ही महत्व दे रहा है। बेहतर तो यह है कि हर युवा स्वामी विवेकानंद को आदर्श मानकर आगे बढ़े।


आज की युवा पीढ़ी के आचार-व्यवहार पर नजर दौड़ाई जाए, तो यह कहना लाजिमी है कि आज का युवा भारतीय संस्कृति से दूर होता जा रहा है। रीति-रिवाज में नई पीढ़ी को कोई दिलचस्पी नहीं है और पाश्चात्य संस्कृति हावी होती जा रही है। समाज दिशाहीन हो रहा है, युवाओं को अतीत के प्रति कोई सम्मान नहीं है। विडंबना यह है कि भारत की युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति से विमुख हो रही है, वहीं विदेशियों में भारतीय संस्कृति का सम्मान करते के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। पहाड़ी संस्कृति की तरफ लोगों का रुझान कम हो रहा है, क्योंकि जो भी आयोजन होते हैं, उनमें ज्यादातर पश्चिमी संस्कृति से जुड़े मनोरंजन को ही परोसा जाता है।

प्रदेश में आयोजित होने वाले हर मेले और उत्सव में प्रदेश की संस्कृति की झलक मिलती है, लेकिन धीरे-धीरे इन आयोजनों पर पश्चिमी प्रभाव देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेलों को तब तक अधूरा माना जाता है। जब तक कि बॉलीवुड का बड़ा कलाकार इनमें शिरकत न करे। इसके लिए आयोजन होने के करीब एक माह पूर्व कलाकारों से मोलभाव शुरू हो जाता है। नतीजा यह होता है कि बाहरी राज्यों के कलाकारों को दोगुने दाम पर बुला लिया जाता है, जबकि लोकल कलाकारों को बेहद कम दाम दिए जाते हैं। वर्तमान में प्रदेश में कहीं भी कोई ऐसा थियेटर नहीं है, जहां पर लोक गायन का नियमित तौर पर प्रशिक्षण दिया जाता हो। प्रदेश में मेलों के आयोजन का उद्देश्य तभी पूरा हो पाएगा, जब इनके माध्यम से प्रदेश की संस्कृति और लोकगीतों व कलाकारों को प्रोत्साहित किया जाएगा, लेकिन आज के दौर में ऐसा नहीं होता। यही वजह है कि मेले भीड़ तो जुटाते हैं, लेकिन संस्कृति का प्रचार नहीं कर पाते। अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन के सिमटने का एक बड़ा कारण यह भी है कि आयोजनों में वही घिसा-पिटा पश्चिमी मनोरंजन परोसा जाता है। अपनी संस्कृति को बचाने के लिए जरूरी है कि लोगों को प्राचीन संस्कृति की महता के बारे में जागरूक किया जाए। खासकर युवा वर्ग को इस बारे में बताना होगा, इसलिए जरूरी है कि स्थानीय कलाकारों को मौका मिले। संस्कृति को बचाए रखने के लिए जरूरी है कि हमारे लोकगीतों को बिगाड़ा न जाए।

प्रदेश में जो भी बड़े आयोजन होते हैं, उनमें बाहरी कलाकारों की अपेक्षा स्थानीय कलाकारों को अधिक मौका दिया जाना चाहिए। स्थानीय कलाकारों को बुनियादी सुविधाएं दी जानी चाहिए। इसके अलावा ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि प्रदेश के लोकदल दूसरे राज्य में जाएं और दूसरे राज्य के कलाकार यहां आएं। संस्कृति को पर्यटन से जोड़ा जाना चाहिए, ताकि प्रदेश की समृद्ध संस्कृति के बारे में लोग जान सकें। युवा पीढ़ी अपने आपको मॉडर्न बनाने की चाह में पाश्चात्य संस्कृति को अपनाती जा रही है। अपने आपको आधुनिक बताने के चक्कर में भारतीय संस्कृति को पिछड़ी सोच का तमगा देते जा रहे हैं, इसलिए जरूरी है कि आज के युवाओं को भारतीय संस्कृति से जुड़ी हुई प्रेरणादायक किताबों से रू-ब-रू करवाया जाए, ताकि युवा पीढ़ी उसे भारतीय संस्कृति के महत्व का पता चल सके। तब उसे यह समझ में आएगा कि भारतीय संस्कृति पिछड़ी सोच पर आधारित नहीं है। हर बात का वैज्ञानिक कारण है।

युवाओं को अपनी संस्कृति और सभ्यता के बारे में जानकारी हो, इसके लिए परिवार के स्तर पर ही प्रयास जरूरी है। माता-पिता अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति के बारे में सही जानकारी दें। समाज को भी इस दिशा में आवश्यक पहल करनी चाहिए। जो युवा अपनी राह भटक गए हैं, उनको सही दिशा देने का प्रयास किया जाए। उन्हें भारतीय संस्कृति की सही जानकारी दी जाए, तो निश्चित ही इसका सकारात्मक असर होगा।

## बोलता है कैमरा...



**शिमला।** लक्कड़ बाजार स्थित आइस स्केटिंग रिक में स्केटिंग करते स्केटर्स। सर्दियों में कई पर्यटक शिमला में स्केटिंग का आनंद लेने पहुंचते हैं। हालांकि, अभी यहां बर्फबारी नहीं हुई है। फिर भी कई पर्यटक बर्फबारी की उम्मीद लिए शिमला पहुंच रहे हैं। लक्कड़ बाजार में बने आइस स्केटिंग रिंक में प्राकृतिक तरीके से बर्फ जमाई जाती है। आइस स्केटिंग क्लब ने बर्फ जमाने के लिए मैदान को समतल किया है। –फोटो एवं कंटेट : प्रदीप शर्मा

## प्रेरक कथा



### समय के पंख

**एक बार** एक कलाकार ने अपने चित्रों की प्रदर्शनी लगाई। उसे देखने के लिए नगर के सैकड़ों व्यक्ति भी पहुंचे। एक लड़की भी उस प्रदर्शनी को देखने आई। उसने देखा सब चित्रों के अंत में एक ऐसे मनुष्य का भी चित्र टंगा है, जिसके मुंह को बालों से ढक दिया गया है और जिसके पैरों पर पंख लगे थे। चित्र के नीचे बड़े अक्षरों से लिखा था –'अवसर'। चित्र कुछ भद्दा सा था, इसलिए लोग उस पर उपेक्षित दृष्टि डालते और आगे बढ़ जाते। लड़की का ध्यान प्रारंभ से ही इस चित्र की ओर था। जब वह उसके पास पहुंची, तो चुपचाप बैठे कलाकार से पूछ ही लिया, 'श्रीमान जी यह चित्र किसका है?' 'अवसर का' कलाकार ने संक्षिप्त सा उत्तर दिया। आपने इसका मुंह क्यों ढक दिया है? लड़की ने दोबारा प्रश्न किया। इस बार कलाकार ने विस्तार से बताया, 'बच्ची! प्रदर्शनी की तरह अवसर हर मनुष्य के जीवन में आता है और उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, किंतु साधारण मनुष्य उसे पहचानते तक नहीं, इसलिए वे जहां थे वहीं पड़े रह जाते हैं, लेकिन जो अवसर को पहचान लेता है वही जीवन में कुछ काम कर जाता है।' 'और इसके पैरों में पंखों का क्या रहस्य है?' लड़की ने उत्सुकता से पूछा। कलाकार बोला, 'जो अवसर आज चला गया वह फिर कल कभी नहीं आता।' लड़की इस मर्म को समझ गई और उसी क्षण से अपनी उन्नति के लिए जुट गई।

# सेल्फी की दीवानगी, मौत के करीब ले जा रही जिंदगी



लेखक: नरेंद्र भारती
(स्वतंत्र पत्रकार, मंडी, मो: 9459047744)

**हर साल ऐसे हादसों में लोग मारे जाते हैं। मगर प्रशासन की नींद हादसे के बाद ही टूटती है। प्रशासन सतर्कता दिखाए तो कई हादसे टाले जा सकते हैं। प्रशासन लापता लोगों की तलाश में लाखों रुपए खर्च कर देगा, लेकिन ऐसी व्यवस्था नहीं बनाएगा जिससे सेल्फी प्वॉइंट पर जाकर लोग जोखिम न उठाएं और जिंदगी बच जाए।**

**सेल्फी** से होने वाली मौतें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। सेल्फी की दीवानगी जिंदगी को मौत के करीब ले जा रही है। आज कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पर्यटक सेल्फी लेते समय असमय ही काल के गाल में समाते जा रहे हैं। ऐसे हादसों से लोगों को सबक लेने की जरूरत है। देश कभी रेल से लटकते समय और पटरियों पर सेल्फी ली जाती है, तो कभी बहते पानी में ली जाती है। कभी चट्टानों पर खड़े होकर ली जा रही हैं। इस चक्कर में पहाड़ियों पर चढ़कर सेल्फी लेते समय लोगों के पांव फिसल जाते हैं और लोग मौत के ग्रास बन जाते हैं। सेल्फी की यह खतरनाक प्रवृत्ति लोगों में बढ़ती ही जा रही है। झारखंड के देवधर में सेल्फी के चक्कर में बैराज में कार गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई थी। विजय दसवीं के मौके पर चलती कार में स्टेरिंग थाम लिया और सेल्फी लेने लगा और कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए बैराज में गिर गई। कुछ साल पहले गुरुग्राम में सेल्फी लेते समय चार युवकों की मौत हो गई थी।

ये लोग चलती रेल के सामने सेल्फी लेना चाहते थे और बेमौत मारे गए। देश में यह कोई पहला हादसा नहीं है। जरा सी असावधानी से सेल्फी घातक सिद्ध हो रही है। देश में सेल्फी के हर रोज ऐसे हादसों से आत्मा सिहर उठती है कि कुछ लोग जान-बूझकर मौत के आगोश में समाते जा रहे हैं। नदियों के किनारे लोग डूब रहे हैं। सेल्फी के कारण परिवार के परिवार तबाह हो रहे है। केंद्र सरकार को ऐसे मामलों पर संज्ञान लेना होगा। देश के युवा सेल्फी लेते समय इतने अंधे कैसे हो जाते हैं कि अपनी जान जोखिम में डाल देते हैं। ऐसी त्रासदियां असमय ही घर के चिरागों को बूझा रही हैं। आज जरूरी है कि इन मामलों पर संज्ञान लिया जाए। ज्यादातर पर्यटक ऐसे हादसों का शिकार होते हैं। वे पर्यटक स्थलों पर पहुंचकर पहाड़ों और नदियों के सौंदर्य पर आकर्षित होकर सेल्फियां लेने लगते हैं। ऐसे में कई बार हादसा हो जाता है और वे मौत के ग्रास बन जाते हैं। 2020 से 2022 के बीच ऐसे कई हादसे हुए हैं। 2023 में भी यह आंकड़ा घटने की बजाय बढ़ती ही जा रही है। आंकड़ों के अनुसार, तमिलनाडु में चलती रेल के सामने सेल्फी लेते समय मौत हो गई थी। 19 जून, 2021 को फिरोजाबाद में एक दिव्यांग सेल्फी लेते समय पटरी पर गिर गया, तब उसका दोस्त बचाने आया और एकदम रेल आ गई और दोनों की मौत हो गई। 16 अक्तूबर, 2019 बुधवार को कुल्लू की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में पार्वती नदी के किनारे सेल्फी ले रही दो पर्यटक युवतियां अचानक नदी में बह गई थीं। एक को निकाल लिया गया, जबकि दूसरी बह गई। सेल्फी लेते समय पांव फिसलने से यह हादसा पेश आया था। ये युवतियां नदी किनारे एक पत्थर पर सेल्फी ले रही थीं। ये युवतियां असम व दार्जीलिंग की रहने वाली थी। पर्यटक मनमानी करते है।

छह अक्तूबर, 2019 को यह हादसा तमिलनाडु के मरमपटी के पांबारु बांध में हुआ था, जहां सेल्फी लेते समय एक ही परिवार के चार लोगों की पांबारु बांध में गिरने से मौत हो गई थी। परिवार के सब लोग पानी में बह गए थे। केवल एक सदस्य ही बच पाया था। मृतकों में नवविवाहित युगल व उनके सगे संबंधी थे। देश में 2017 में 98 लोग सेल्फी लेते समय मारे गए। 2011 से 2018 तक 259 लोग मारे गए थे। विदेशी पर्यटक की मौतें ज्यादा हो रही हैं। कुल्लू -मनाली में सैकड़ों ऐसे मामले घटित हो चुके हैं। उसके बाद भी इन हादसों में कमी नहीं आ रही है। साल 2018 में भी एक ऐसी ही घटना कुल्लू में घटित हुई थी। कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में पार्वती नदी के किनारे दिल्ली का एक पर्यटक सेल्फी लेते नदी में गिर गया था और पानी के तेज बहाव में बह गया था। उसकी लाश नहीं मिल पाई थी। समझ नहीं आता की लोग पिछले घटित हादसों से सबक क्यों नहीं लेते। गत वर्ष भी हिमाचल प्रदेश में सेल्फी के चक्कर में एक छात्रा को जान से हाथ धोना पड़ा था और दूसरी को बचा लिया गया था। ये दोनों छात्राएं शिमला के सुन्नी क्षेत्र में कोलडैम के पास सेल्फी ले रही थीं कि अचानक एक छात्रा का पांव फिसला और वह डूब गई। दूसरी छात्रा उसे बचाते समय डूबने लगी, मगर बचाव दल के सदस्यों ने उसे बचा लिया।

एक जुलाई 2019 को उत्तराखंड के पिथैरागढ़ में परिवार के साथ पिकनिक पर गए एक 13 साल के बच्चे की सेल्फी के दौरान डैम में गिरने से मौत हो गई थी। बच्चे को बचाने के लिए उसकी मां ने डैम में कूद गई, लेकिन वह डूबने लगी तो वहां मौजूद लोगों ने उस को बचा लिया, पर उसका बेटा डूब गया। कुछ समय पहले वर्धा में नदी में विसर्जन के समय गणेश की मूर्ति के साथ सेल्फी लेने के चक्कर में तीन छात्रों की डूबकर मौत हो गई थी। अब इसे लापरवाही कहें या कुछ और। यह अहम सवाल है कि अपनी ही लापरवाहियों के कारण लोग मौत का ग्रास बन रहे हैं। वहीं, देश में घटित हो रहे ऐसे हादसों के लिए प्रशासन व पुलिस भी जिम्मेदार है। हर साल ऐसे हादसों में लोग मारे जाते हैं। मगर प्रशासन की नींद हादसे के बाद ही टूटती है। प्रशासन सतर्कता दिखाए तो कई हादसे टाले जा सकते हैं। प्रशासन लापता लोगों की तलाश में लाखों रुपए खर्च कर देगा, लेकिन ऐसी व्यवस्था नहीं बनाएगा जिससे सेल्फी प्वॉइंट पर जाकर लोग जोखिम न उठाएं और जिंदगी बच जाए।

# संसद अभिनय का रंगमंच नहीं, इसलिए मर्यादाएं जरूरी

### ब्लॉगर




लेखक: गिरीश्वर मिश्र
(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

**संसद** लोकतंत्र का मंदिर है, जहां देश की जनता के कल्याण से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा की जाती है और जरूरी फैसले लिए जाते हैं। वहीं, भारत का संविधान अंगीकृत किया गया था और अभी भी वहां कानून बनाए जाते हैं, जिनका राष्ट्रीय जीवन और अंतरराष्ट्रीय संबंध के लिए बड़ा महत्व होता है। इस तरह संसद एक बेहद गंभीर परिवेश में जिम्मेदारी से काम करने का परिसर होता है।

देश की जनता अनुभव कर रही है कि विगत वर्षों में संसद में माननीय जनप्रतिनिधियों का आचरण शिष्टाचार और संसदीय कार्यकलाप की मर्यादाओं को सुरक्षित रखने में लगातार गिरावट दर्ज कर रहा है। विपक्ष के लिए संसद आंदोलन का रंगमंच होता जा रहा है। विरोध जताने का विपक्ष का अधिकार है और वह उनका कर्तव्य भी है। इसका अतिरेक और उदंडता जैसा रुख अख्तियार करना किसी भी तरह शोभा नहीं देता, पर इससे संगीन बात यह है कि संसद के सदनों की कार्यवाही को रोकना, ठप करना और सरकारी कामकाज को बाधित करना जायज नहीं ठहरता। उल्लेखनीय है कि माननीय सांसद गणों द्वारा इस तरह गैर जिम्मेदारी से काम करना करोड़ों रुपए की भी बर्बादी करता है। यह फिजूल खर्ची का सबब बनाता है, जो संसद की कार्यवाही संचालित करने पर खर्च होता है, जिसकी भरपाई जनता से की जाती है। सांसद की गरिमा को तार-तार करते विभिन्न घटनाओं और अवसरों का दर्शन आम जनता भी करती रहती है। टीवी पर प्रसारित संसद की कार्यवाही देखने का नुकसान देने वाला असर दर्शकवृंद पर यदि पड़े तो कोई आश्चर्य नहीं। भारत में बड़े लोगों का आचरण देख उसको अपनाना एक सहज स्वाभाविक व्यवहार है जैसा कि इस उक्ति से प्रकट होता है- महाजनों येन गत: सपंथा:।

संसदीय हंगामे की भेंट चढ़ता संसद का यह सत्र लोकतंत्र पर दाग सरीखा लगता है। यह बेहद खेदजनक घटना है जब सौ से ज्याद 143 सांसद निलंबित किए गए हैं। अपने किस्म की यह शायद पहली वारदात होगी। लोकतंत्रीय जीवन का यह हादसा बताता है कि देश का संसदीय जीवन का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। सांसद गण की आचरण में गैर संजीदगी कम होने का कोई आसार नहीं दिखता। माननीय उपराष्ट्रपति की एक माननीय सांसद द्वारा मिमक्री करना और उसे अपनी कला प्रदर्शन का हिस्सा कहना सभ्य आचरण से परे ही कहा जाएगा। याद करें यह थोड़े दिनों के बाद ही हुआ जब एक सांसद को असंसदीय ढंग से प्रश्न पूछने के मामले में अपनी सांसद सदस्यता से हाथ धोना पड़ा था। संसद में वक्तव्यों, विवेचनों और प्रस्तुतियों को तथ्यपरक होना एक आधारभूत मानक है जिसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता। वैसे ही आचरण का औचित्य भी एक गंभीर मसला है। भारतीय संसद की गौरवशाली परंपरा कभी ऐसी न थी।



## आपका पत्र

**अक्सर** ऐसा देखा जाता है कि राजनीतिक पार्टियों की रैलियों, शादी विवाह के दिनों में हिमाचल पथ परिवहन निगम के बस रूट बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दिए जाते हैं, जिससे इन बसों में रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी होती है। विशेषकर महिलाओं, स्कूल, कॉलेज के छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हिमाचल की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहां कई जगह ऐसी हैं, जहां जाने के लिए लोग केवल निगम की बसों पर निर्भर हैं। बिजली विभाग ने अगर किसी स्थान पर किसी दिन बिजली की आपूर्ति बाधित करनी हो तो समाचार पत्रों के माध्यम से एक दिन पूर्व सूचना जारी कर देते हैं। परिवहन निगम को भी चाहिए कि किसी रूट की बस अगर न भेजनी हो तो एक दिन पूर्व ही लोगों को अखबार पत्र जैसे संचार के माध्यम से सूचित करने की कृपा करें। स्कूल के बच्चे विशेषकर कर स्कूल की लड़कियों को स्कूल से घर जाने के लिए बसें न होने के कारण बड़ी परेशानी होती है और जंगली जानवरों या अन्य कारणों से डर बना रहता है। ज्यादतर परेशानी दुर्गम क्षेत्रों से संबंध रखने वाले बच्चों को पेश आती है। अत: राजनीतिक दलों के नेताओं को इस और ध्यान देना चाहिए।

–अनामिका ठाकुर, छात्रा राजकीय उच्च विद्यालय सुजानपुर टिहरा।

यह कॉलम आपके लिए है। कृपया अपनी समस्याएं इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


राजेश शर्मा अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते द्रोण सोसायटी अध्यक्ष कॉमडो देवेंद्र शर्मा।


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते भटियात विस क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता अर्जुन।


चुवाड़ी में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए पाठक।


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते चुवाड़ी में सरकारी ठेकेदार मनोहर व अतुल।

**मिसाल : बच्चों में सांता क्लॉज के रूप में मशहूर समाजसेवी अनिल कुमार लोगों को दे रहे भाईचारे और एकता का संदेश**

# 41 साल से सांता क्लॉज का निभा रहे किरदार, क्रिसमस पर आते हैं बांटने उपहार

**एमएम डैनियल, चंबा**

क्रिसमस पर्व को लेकर जहां विश्वभर में ईसाई समुदाय में एक अलग ही पहचान है। वहीं, जिला चंबा में इस पवित्र पर्व से जुड़े प्रभु यीशु के पैदा होने का शुभ संदेश देने वाले सांता क्लॉज का ईसाई समुदाय से लेकर अन्य समुदायों के लोगों व बच्चों में एक अलग ही क्रेज देखने को मिल रहा है। पिछले तीन दशक से सांता क्लॉज की अगर बच्चों में पहचान बनी है, तो उसका श्रेय अगर समाज सेवी अनिल कुमार को दें, तो गलत नहीं होगा। वहीं, उनके इस निस्वार्थ प्रयास के कारण जिला चंबा में क्रिसमस पर्व कोमी एकता का प्रतीत भी बनता जा रहा है।

लगातार 41 वर्षों से अनिल कुमार नि:स्वार्थ भावना से सांता क्लॉज के किरदार में हर साल दिसंबर माह में जिलेभर के बच्चों का मन मोह रहे हैं। क्रिसमस पर्व पर सांता क्लॉज बनने की मां से प्रेरणा लेने के बाद जैसे हिंदुस्तान में पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू बच्चों की पहली पंसद थी, तो वर्तमान में जिला चंबा में सांता क्लॉज के रूप अनिल कुमार कहीं न कहीं वह मुकाम हासिल कर चुके हैं। बेशक उनकी यह पहचान राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय कोई ख्याति प्राप्त नहीं है, मगर जिलाभर के बच्चे देर रात्रि तक अगर सांता क्लॉज के आने की प्रतिक्षा करे, तो इससे बड़ी बात क्या हो सकती है। बच्चों में उभरते ईसाई धर्म संबंधी सांता क्लॉज उर्फ अनिल कुमार से विशेष भेंट की। विशेष भेंट में समाज सेवी अनिल कुमार ने बताया कि 17 वर्ष की आयु में मां के समक्ष उन्होंने सांता क्लॉज के संदर्भ में पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर बनने की इच्छा जताई। तब मां ने समझाया था कि यह कार्य जटिल व सेवा भाव का है, यदि आप में यह दोनों कार्य करने की क्षमता है, तो खुदा से आशीष लेकर कदम बढ़ा खुदावंद हर कदम पर साथ देगा। उनके उस शब्दों से प्रेरणा लेकर वह सांता क्लॉज के किरदार में हर साल निरंतर सेवा में जुट गए।


सामान्य लुक में अनिल कुमार (दाएं) सांता क्लॉज की वेशभूषा में।

सांता क्लॉज के रूप सर्वप्रथम अपने नजदीक के ईसाई समुदाय परिवारों से उन्होंने बच्चों में उपहार बांट सेवा आरंभ की, जो कि आज भी बरकरार है। मगर उन्होंने इस नेक कार्य में कभी भी हिम्मत नहीं हारी व मालिक का नाम लेकर हर साल जैसे-जैसे उनके भ्रमण का दायरा बढ़ता गया। चाहे वह ईसाई समुदाय से ताल्लुक रखते हैं या फिर सनातन धर्म, सिक्ख, मुसलिम या फिर अन्य किसी धर्म से संबंध रखते हो, लेकिन क्रिसमिस पर्व के पहले सप्ताह से ही लोग सांता क्लॉज का इंतजार करने सहित बाकायदा अपने घरों में आने का आमंत्रण देते हैं, जिसे वह सांता क्लॉज के कदम घर में पड़ना शुभ मानते हैं। यह सिलसिला हॉली नाइट (पवित्र रात्रि) 24 दिसंबर, क्रिसमिस-डे 25 दिसंबर व इससे आगामी दिनों यानी नववर्ष तक बरकरार रहते है। (अनंत ज्ञान)

### ...जब सांता क्लॉज का लिबास किसी को देने से हुआ हादसा

सांता क्लॉज अनिल कुमार ने अपने सेवा भाव के 41 वर्षों के यादगार लम्हों को जाहिर करते हुए बताया कि निर्धनता, अकेले चलने के अनुभव ने उनके इरादों को मजबूत किया है, मगर इन बीते लम्हों में उन्हें अपने को आग लगने का लम्हा सदैव याद रहता है। इसमें उन्होंने एक बार सांता क्लॉज वाला लिबास किसी प्रिय व्यक्ति को रंगमंच पर इस्तेमाल के लिए दे दिया था। उसी वर्ष जब क्रिसमिस पर्व के नजदीक रूटीन के तहत जब उन्होंने लिबास पहन कर अपना भ्रमण आरंभ किया, तो उनके लिबास में अचानक आग लग गई व वह आग लपटों में गिर गए। मगर खुदावंद खुदा का एक करिश्मा और देखने को मिला कि उनका बाल भी बांका नहीं हुआ, मगर पूरा लिबास जल गया। इस अनोखी घटना से सबक लेते हुए उन्होंने कसम खाई कि अब कभी लिबास को किसी को नहीं देंगे और उस घटना के बाद कोई ऐसी अप्रिय घटना दोबारा घटित भी नहीं हुई। यह एक लम्हा उनके जीवन में बहुत यादगार रहा है।

# विस में गूंजा ब्रेही के दूरकुंड से धर्मशाला टनल का मुद्दा

## टनल के निर्माण से निर्वाचन क्षेत्र नहीं, बल्कि जिले को भरपूर फायदा मिलेगा

**ओपी शर्मा, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के ब्रेही के दूरकुंड से धर्मशाला प्रस्तावित टनल का मुद्दा एक बार फिर से विधानसभा में गूंजा है। भरमौर के विधायक डॉक्टर जनक राज ने विधानसभा में दूरकुंड से करेरी धर्मशाला टनल की जोरदार पैरवी करते हुए कहा कि इस टनल का निर्माण ज्यादा तर्कसंगत है। विधायक डॉक्टर जनक राज ने कहा है इस टनल के निर्माण से एक निर्वाचन क्षेत्र नहीं, बल्कि पूरे जिले को भरपूर फायदा मिलेगा।

चंबा का धार्मिक पर्यटन अपने आप में एक अनूठी मिसाल है और यह धार्मिक पर्यटन चंबा को उपहार में मिला है। वैश्वीकरण के इस युग में आज हर कोई गांव की ओर रुख करना चाहता है और ट्रैकिंग का आनंद उठाना चाहता है, लिहाजा हमें पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के बिना विकास करना चाहिए। चंबा का पर्यावरण कितना बढ़िया और महत्वपूर्ण है, जिसके चलते 1872-73 में लेप्रोसी का अस्पताल यहां पर खोला और बंगाल से मरीज को इस शांत उपयुक्त वातावरण में रखा जाता था। लिहाजा यहां का वातावरण मरीजों के लिए कितना उपयुक्त था, इसी से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है। बावजूद इसके चंबा आज आकांक्षी जिला बनकर रह गया है। उत्तरी भारत में चंबा एकमात्र ऐसा जिला है, जिसका 500 ईपु से लिखित इतिहास मौजूद है।


शीतकालीन सत्र में टनल के मुद्दे को लेकर चर्चा करते विधायक भरमौर जनक राज।

आने वाले समय में कांगड़ा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाया जाएगा। लिहाजा धर्मशाला व कांगड़ा में पर्यटकों की भरमार होगी और अभी कांगड़ा और धर्मशाला इतने टूरिस्ट को सहेजने में समर्थ नहीं है। लिहाजा एक एग्जिट चंबा के लिए बना दिया जाए, तो प्रदेश के साथ-साथ चंबा भी हिमाचल की इकोनॉमी को आगे बढ़ाने में सामर्थ्य रखता है। (अनंत ज्ञान)

### टनल के निर्माण से एक घंटे के भीतर होगा सफर

इस टनल के निर्माण से महज एक घंटे के भीतर धर्मशाला और चंबा की दूरी का सफर हो जाएगा। वह इसके साथ-साथ चंबा-चुवाड़ी टनल होली, उतराला सड़क व दूसरे टनल का पूरा समर्थन करते हैं। बावजूद इसके दूरकुंड से करेरी धर्मशाला टनल निर्माण ज्यादा तर्कसंगत है। प्राथमिकता के आधार पर इस प्रस्तावित टनल का निर्माण हो जाता है, तो चंबा में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी और चंबा भी प्रदेश की इकोनॉमी को मजबूत करेगा और शेष विश्व में चंबा के टूरिज्म को एक्स्पोजर मिलेगा। चंबा में धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ ट्रैक टूरिज्म की भी अपार संभावनाएं हैं, लेकिन सुविधा के अभाव के चलते यहां के पर्यटन को बढ़ावा नहीं मिल पाया है।

# 50 वर्ष बाद सड़क व पुल की सुविधा से जुड़ेगा बगड़ू गांव

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

50 वर्षों के बाद विधानसभा क्षेत्र भरमौर का बगड़ू गांव सड़क व पुल की सुविधा से जुड़ जाएगा, इसके लिए सरकार ने 8.50 करोड़ रुपए की लागत की बड़ी परियोजना के तहत सड़क व पुल को मंजूरी दे दी है। शीघ्र ही इस सड़क का टेंडर होगा और यह गांव सड़क सुविधा से जुड़ जाएगा।



जानकारी के अनुसार जब भरमौर के खड़ामुख में पुल का काम चला था, तो इस दौरान इस गांव के लिए सड़क के सर्वे का काम शुरू हो गया था। हालांकि कई जगह सड़क बन भी गई है, लेकिन बजट व पुल न होने के कारण इस सड़क का अधूरा निर्माण ही हो पाया है।

इस सड़क का निर्माण हो जाने के बाद पूजन पंचायत के लिए एक अतिरिक्त वैकल्पिक मार्ग बन जाएगा। इस सड़क निर्माण के दौरान बुडिल नदी पर स्टील का ब्रिज भी बनाया जाएगा, बरसों से

**नाबार्ड के तहत 8.55 करोड़ रुपए हुए मंजूर**

बंद पड़े हुए इस सड़क के कार्य को लेकर कई बार लोग प्रशासन व सरकार से भी मांग कर चुके हैं, लेकिन नाबार्ड के तहत स्वीकृत इस सड़क की मंजूरी मिल जाने के बाद यहां पर लाभान्वित होने वाले गांव के लोगों में खुशी की लहर है।

पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशाषी अभियंता मीत कुमार शर्मा ने कहा कि जल्द ही उक्त सड़क का टेंडर हो जाएगा और यहां के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो जाएगी। इस सड़क का निर्माण हो जाने के बाद पूलन पंचायत दोनों तरफ से सड़क सुविधा से जुड़ जाएगा। वहीं, सहायक अभियंता विशाल चौधरी ने कहा कि चार किलोमीटर बनने वाली इस सड़क निर्माण पर 8.55 करोड़ खर्च किए जाएंगे, जिसके तहत इस सड़क को पक्का किया जाएगा, जिसमें नालियां भी बनाई जाएंगी और यहां पर एक बुद्धिल नदी पर पुल भी बनाया जाएगा।

# बनीखेत का एकमात्र ईको पार्क बहा रहा अपनी बदहाली के आंसू


ईको पार्क बनीखेत में गंदगी के ढेर और शरारती तत्वों की ओर से की गई तोड़फोड़।

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

ईको पार्क बनीखेत इन दोनों अपनी बदहाली के आंसू रो रहा है पार्क के टूटे झूले जगह-जगह शरारती तत्वों की ओर से तोड़फोड़ एवं गंदगी के ढेर देखने को मिल रहे हैं।

बनीखेत पंचायत से पहले ईको पार्क एनएचपीसी के अधीन था, जिसमें साफ-सफाई व्यवस्था एवं रखरखाव एनएचपीसी की ओर से हि किया जाता था, किंतु जब से पार्क का जिम्मा बनीखेत पंचायत को मिला है, तब से पार्क में जो झूले, फव्वारे एवं मूर्तियां लगाई गई थीं, उनमें भारी तोड़फोड़ देखने को मिल रही है, वहीं सफाई व्यवस्था भी पूर्ण रूप से चरमराई हुई है। पार्क के एक और बिजली की हाई एक्सटेंशन तारें नंगी दिखाई देती हैं, जो किसी भी वक्त छोटे बच्चों को अपना शिकार बना सकती हैं।

बनीखेत की एकमात्र पार्क ईको पार्क की साफ-सफाई व्यवस्था पर उचित ध्यान दिया जाए एवं टूटे हुए झूलों एवं मूर्तियों की मरम्मत करवाई जाए, ताकि बाहर से आने वाले लोगों को एक सकारात्मक संदेश मिले। ईको पार्क बनीखेत क्षेत्र का एकमात्र ऐसा पार्क रहा है जहां आधुनिक झूले-फव्वारे एवं मूर्तियां लगाई गई हैं, जो कि अपने आप में ही आकर्षण का केंद्र रही हैं, किंतु आज उनकी इस दुर्दशा से हर क्षेत्रवासी मायूस है। हर क्षेत्रवासी यही चाहता है कि इस पार्क का उचित रखरखाव हो। (अनंत ज्ञान)

# संयुक्त मोर्चा कमेटियों का हो रहा गठन

## भर्तियों में आरक्षण की अनदेखी के बारे अभियान में सहभागिता सुनिश्चित की जाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

अंबेडकर भवन चंबा में हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में मोर्चा राज्य सचिव राजेंद्र भाटिया व राज्य कार्यकारिणी सदस्य आचार्य नंद लाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान महात्मा ज्योतिबा फूले, साहुजी महाराज तथा भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की विचारधारा तथा मिशन के प्रचार-प्रसार एवं उनके कार्यों के विस्तार संबंधित विचार-विमर्श किया गया। इसके इलावा समाज के वंचित, शोषित, पीड़ित, प्रताड़ित, वहिष्कृत तथा तिरस्कृत वर्ग के सर्वाङ्गीण विकास के लिए शिक्षा, संपत्ति और सम्मान के लिए प्रयासरत संयुक्त संघर्ष मोर्चा की एक एड हॉक कमेटी का गठन किया, जिसमें शिवकरण चंद्रा को संयोजक और दीप राज को सह संयोजक का पदभार एवं दायित्व दिया गया। सयुंक्त मोर्चा की ओर से कमेटियों का गठन प्रदेश में किया जा रहा है, ताकि सरकार की ओर से वन मित्र व अन्य भर्तियों में आरंक्षण की अनदेखी के बारे में प्रदेशस्तरीय अभियान में सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

इस बैठक में अंबेडकर मिशन सोसायटी, अनुसूचित जाति कल्याण समिति चंबा, गुरू रविदास महासभा, अंबेडकर सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति चंबा के सदस्यों में जीतेश्वर सूर्या, अनूप राही, जितेंद्र, सूर्या, दलबीर सूर्या, शिवकरण चंद्रा, नरेश अहीर, संदीप लाहौरी, सुशील कुमार, कृष्ण लाल मौजूद रहे।



बैठक के दौरान प्रदेश अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य।

# क्लस्टर व्यवस्था की अधिसूचना हो रद्द शिक्षा संघ ने सरकार को दिया ज्ञापन


ज्ञापन पर चुराह विस कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी यशवंत खन्ना से बातचीत करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**आजम डार, तीसा**

प्राथमिक शिक्षक संघ तीसा और कल्हेल ने वीरवार को संयुक्त रूप से प्राथमिक पाठशालाओं में नई क्लस्टर व्यवस्था को लेकर विरोध दर्ज किया है।

उन्होंने एक मांग पत्र विधानसभा चुराह से कांग्रेस प्रत्याशी रहे यशवंत खन्ना के माध्यम से सीएम सुक्खू व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर शिक्षक संघ ने कहा कि नई क्लस्टर व्यवस्था की अधिसूचना को सरकार जल्द वापस ले। संघ का कहना है कि सरकार की जारी नई क्लस्टर नीति का हम विरोध करते हैं। कलस्टर सिस्टम में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न की जाए, जिसकी स्थिति यथावत रहनी चाहिए। जब तक क्लस्टर व्यवस्था को पूर्ण रूप से निरस्त नहीं किया जाता, तब तक इसका विरोध करते रहेंगे। शिक्षा विभाग में क्लस्टर बनाने का कार्य चल रहा है, जिसमें हम सहमत हैं क्योंकि विभाग में कक्षा छह से 12वीं तक क्लस्टर व्यवस्था न के बराबर है तथा वहां इसकी आवश्यकता हो सकती है। परंतु कक्षा नर्सरी से लेकर पांचवीं तक के क्लस्टर बने हुए हैं और पूर्व से ही बेहतर तरीके से काम कर रहे हैं।

जहां इन आठ कक्षाओं के अध्ययन के साथ-साथ सभी तरह के गैर शैक्षणिक कार्य को भी प्राथमिक शिक्षक बखूबी कर रहे हैं। इसलिए इस बारे में शिक्षक खंड कल्हेल और तीसा के अध्यापक ज्ञापन माध्यम से सरकार के समक्ष अपनी मांग प्रेषित की है। (अनंत ज्ञान)

**बैठक** गीला, सूखा कूड़े-कचरा की पृथक एकत्रीकरण व्यवस्था को बनाया जाएगा अधिक प्रभावी : डीसी

# सूखे-गीले कचरे को अलग-अलग देना हमारा दायित्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि नगर परिषद चंबा के तहत लोगों के घरों से गीला एवं सूखा कूड़ा-कचरा की पृथक एकत्रीकरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

यह उपायुक्त बचत भवन में आयोजित कचरा प्रबंधन कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहा। पृथक एकत्रीकरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर कहा कि प्रथम चरण के तहत चंबा शहर के साथ लगते नगर परिषद के चार वार्डों के घरों से ही सूखा व गीला कचरा अलग-अलग कर एकत्रित करने को लेकर लोगों में जागरूकता के लिए विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। इसके बाद अभियान को बाकी दूसरे वार्ड में भी चलाया जाएगा। उन्होंने इस दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए।


डीसी बचत भवन में आयोजित कचरा प्रबंधन कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए।

कार्यशाला में स्वयं सहायता समूह, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी तथा नगर परिषद के कर्मचारियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने चंबा शहर में बेहतर कचरा प्रबंधन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि घर से ही मिश्रित कचरे को अलग-अलग कर सफाई कर्मचारी को देना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।

अलग-अलग कचरा एकत्रित करने से ही बेहतर कचरा प्रबंधन को सुनिश्चित बनाया जा सकता है, जिसके लिए विशेष अभियान के तहत जागरूकता बहुत जरूरी है।

# चंबा को स्वच्छ रखने में लोगों का योगदान आवश्यक : डीसी


डीसी वार्डों में व्यवस्था की निगरानी करने के साथ लोगों को जागरूक करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला प्रशासन चंबा ने विशेष मुहिम शुरू करके नगर परिषद चंबा के क्षेत्र में कूड़ा-कचरे के प्रभावी प्रबंधन की दिशा में सकारात्मक पहल की है।

उपायुक्त चंबा अपूर्व देवगन स्वयं विभिन्न वार्डों में जाकर व्यवस्था की निगरानी करने के साथ सभी हित धारकों को जागरूक कर रहे हैं। इसी कड़ी की निरंतरता में उपायुक्त चंबा अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में आज नगर परिषद चंबा के सुराड़ा, हरदासपुर और जुलाहखड़ी वार्ड में विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूहों और नगर परिषद की सफाई कर्मचारियों ने लोगों को कचरा अलग-अलग कर देने के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया।

# सड़क का काम बंद होने से नाराज ग्रामीणों का दल एडीसी से मिला

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

कंडी गुरैठ मैंद्रा सड़क के काम बंद हो जाने से नाराज ग्रामीणों का एक दल पूर्व बीडीसी रोहित शर्मा की अगुआई में एडीसी भरमौर से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने एडीसी से इस सड़क के काम को पुन: शुरू करने का आग्रह किया है, ताकि इस सड़क सुविधा से कई गांवों जल्द से जल्द जोड़ा जाए। प्रतिनिधिमंडल के लोगों ने कहा है कि वर्षों से इस सड़क का निर्माण कार्य लंबित पड़ा था और काफी समय बाद इस सड़क का परियोजना के तहत काम चला था, जिससे क्षेत्र के लोगों को एक आस जगी थी। सड़क का निर्माण कार्य बंद होने के कारण लोगों के चेहरे पर मायूसी छा गई है। लोगों ने कहा कि ऐसा क्या कारण बना है कि नाबार्ड के तहत पैसा मंजूर होने के बावजूद सभी औपचारिकताएं पूरी हैं फिर भी सड़क का काम बंद कर दिया गया है। हालांकि इस सड़क के नीचे राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154ए आता है, जहां पर मलबा व पत्थर गिरने का सिलसिला जारी रहता है, हालांकि आजादी से लेकर अब तक अपने गांव के लिए सड़क सुविधा का इंतजार कर रहे लोग यहां पर निर्माण कर रही कंपनी का भी भरपूर सहयोग कर रहे हैं, लेकिन अधर में काम रुक जाने के कारण इससे लाभान्वित होने वाले गांव के लोगों के सड़क पहुंचने के सपने टूटने लगे हैं।


सड़क निर्माण को लेकर एडीसी भरमौर को ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधिमंडल।

दुर्गठी पंचायत प्रधान आशा कुमारी को उपप्रधान रविंद्र ने कहा कि सड़क के काम को सुचारु रूप से चलने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल एडीसी भरमौर से मिला है। सड़क का काम बंद हो जाने के कारण लोगों में मायूसी छा गई है।

# मणिकर्ण व कसोल में अवैध कब्जों को शीघ्र हटाएं

## आशुतोष गर्ग ने पुलिस को दिए कसोल व मणिकर्ण में सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल करने के निर्देश

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



उपायुक्त कुल्लू विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण मणिकर्ण की बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण मणिकर्ण (साडा) की बैठक वीरवार को उपायुक्त एवं अध्यक्ष साडा आशुतोष गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में साडा के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बताया कि साडा के अंतर्गत कसोल व मणिकर्ण पंचायत आती हैं। उन्होंने कहा कि कसोल में जैलानाला सड़क के विस्तारीकरण का प्राकलन लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार कर डीपीआर मंजूरी के लिए भेजी गई है। उन्होंने साडा बेरियर पर आवश्यक संख्या में होमगार्ड के जवानों की तैनाती करने के निर्देश दिए ताकि पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जा सके।

उन्होंने मणिकर्ण मंदिर के पास पर्यटन विभाग की भूमि पर घाट का निर्माण के निर्देश दिए ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधा मिल सके। साथ ही पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि कसोल-ग्राहन सड़क का निर्माण नाबार्ड के अंतर्गत किया जाएगा, जिसके लिए उन्होंने लोक निर्माण विभाग को शीघ्रता से आगे बढ़ने के निर्देश दिए। बैठक में साडा बेरियर में एक तरफ की क्षतिग्रस्त लेन को दुरुस्त करने के लिए सात लाख रुपए के राशि भी मंजूर की। उन्होंने खंड विकास अधिकारी भुंतर को साडा बेरियर पर टॉयलेट के निर्माण के लिए प्राकलन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जानकारी दी कि 11 लाख रुपए की लागत से कसोल में नेचर पार्क के साथ फुटपाथ का निर्माण किया गया है। उन्होंने पंचायतों के प्रतिनिधियों से भी इस फुटपाथ के पास वाहन न खड़ा करने के लिए जागरूक करने का आग्रह किया है, ताकि ट्रैफिक जाम से बचा जा सके। इस स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मणिकर्ण बस स्टैंड के निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की राशि जारी की गई है तथा यहां पेवर बिछाने का कार्य पूर्ण हो गया है। उन्होंने बस स्टैंड पर जल्द से जल्द अवैध कब्जा हटाने की प्रक्रिया को अमली जामा पहनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड द्वारा नेचर पार्क कसोल में हाई मास्ट लाइट लगाने के लिए प्राकलन तैयार कर दिया गया है जिसको बैठक में मंजूरी प्रदान की गई। उन्होंने पुलिस विभाग को कसोल व मणिकर्ण में सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कसोल में वन विभाग की भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई को सख्ती से अंजाम देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र करने के लिए निविदा संबंधी प्रक्रिया को भी शीघ्र संपन्न करने के निर्देश दिए।

बैठक में ग्रहण नाला में प्रोटेक्शन वाल लगाने तथा साडा के कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक को मंजूरी दी गई। बैठक में उपमंडलाधिकारी कुल्लू विकास शुक्ला, जिला योजनाकार अधिकारी रसिक शर्मा, जिला पर्यटन अधिकारी सुनयना शर्मा, वन मण्डलाधिकारी प्रवीण, बीडीओ भुंतर नियोन शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## हर हाथ अनंत ज्ञान



धर्मशाला में विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान फुर्सत के क्षणों में अनंत ज्ञान पढ़ते हुए बंजार विस क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी।



कनौन पंचायत की सहायक सचिव इंद्रा देवी अनंत ज्ञान पढ़ती हुई।



जिला कुल्लू की सैंज घाटी के सलवाड़ गांव के तुले राम अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



सैंज घाटी की कनौन पंचायत के सचिव किशन चंद को अनंत ज्ञान की प्रति भेंट करते हुए अनंत ज्ञान के प्रतिनिधि प्रेम सागर चौधरी।



ढालपुर में ढाबा संचालक कर्ण अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



ढालपुर में अनंत ज्ञान पढ़ते हुए स्थानीय युवक अजय व राजीव।



कुल्लू के ढालपुर स्थित प्रेस क्लब में अध्यक्ष धनेश गौतम के साथ सुरेश शर्मा व शशि शर्मा अनंत ज्ञान पढ़ते हुए। धनेश गौतम ने अनंत ज्ञान टीम की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## बधाइयां



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के पूरे परिवार को मेरी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। विश्वास है कि अनंत ज्ञान मीडिया जगत में नया आयाम स्थापित करेगा।

**-गोपाल कृष्ण (काका), महंत**



हर्ष का विषय है कि प्रदेश में दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू हो गया है। इसके लिए पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।

**-चमन कपूर, अध्यक्ष नगर परिषद मनाली**

# कटराईं के पुराने बाजार में शीघ्र लगाए जाएं स्पीड ब्रेकर्स

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

नेशनल हाई-वे निर्माण के बाद बाईपास हुए दुआडा- कटराईं-पतलीकूहल सड़क मार्ग पर बेलगाम दौड़ रहे वाहन हर समय हादसों को न्योता दे रहे हैं। गौरतलब है कि इसी सड़क मार्ग पर कटराईं में दो सरकारी विद्यालयों के अतिरिक्त कुछ प्राइवेट स्कूल, दो बैंकों की ब्रांच, आयुर्वेदिक अस्पताल, लोक निर्माण विभाग के कार्यालय, के अतिरिक्त और भी निजी कार्यालय तथा व्यापारिक संस्थान हैं, जिनमें प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना-जाना लगा रहता है।

ऐसे में बिगड़ैल वाहन चालकों की बजह से पैदल आने जाने वाले स्कूली बच्चों तथा अन्य लोगों में हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। कुछ कम उम्र के दोपहिया वाहन चालक दिनभर इस सड़क पर तेज गति से अपने वाहनों को दौड़ाते रहते हैं। खासकर स्कूल के खुलने और छुट्टी के समय इस सड़क पर पूरी तरह से इन मनचलों का दबदबा बना रहता है। लोगों ने सरकार से कटराईं में सड़क पर खास तौर से स्कूल के आसपास स्पीड ब्रेकर्स लगाने का आग्रह किया है, ताकि तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम कसी जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक स्पीड ब्रेकर्स नहीं लग जाते उस वक्त तक पुलिस विभाग भी कानून को धत्ता बताने वाले ऐसे बाहन चालकों पर नजर रखने के साथ-साथ ऐसे वाहन चालकों के चालान काटकर कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाएं। उधर, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा ने बताया कि अभी तक यह सड़क राष्ट्रीय उच्च मार्ग विभाग के अधीन है, जिसे लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत लेने हेतु कार्रवाई चल रही है। जैसे ही यह प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी यहां स्पीड ब्रेकर्स लगाने के बारे में विचार किया जाएगा।



दुआडा-कटराईं सड़क मार्ग पर पैदल जाते स्टूडेंट्स।

# बंद किए गए स्वास्थ्य संस्थान पुन: बहाल करे सरकार : शौरी

**सैंज।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से धर्मशाला में चला रहा है और विपक्ष के तीखे तेवरों से यह सत्र खूब गरमाया हुआ है। कांग्रेस की चुनावी गारंटियों को लेकर विपक्ष ने सरकार को खूब घेरा है व अलग अंदाज में विरोध किया है। सत्र के दूसरे दिन सदन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोलते हुए बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने सरकार के पिछले बीते साल के कार्यकाल में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उदासीन रवैये को लेकर रोष प्रकट किया। शौरी ने कहा कि बंजार में खोले गए स्वास्थ्य संस्थानों को सरकार ने बिना विचार किए बंद कर दिया व आज एक वर्ष बाद भी उचित मांग व जरूरत के बावजूद इन संस्थानों को पुन: खोलने की ओर सरकार बिलकुल भी गंभीर नहीं है। सुरेंद्र शौरी ने सदन के माध्यम से इन स्वास्थ्य सुविधाओं को जल्द से जल्द बहाल करने की मांग रखी है।



विधायक सुरेंद्र शौरी।

# बच्चे गूगल से ज्यादा अपने गुरु को दें तवज्जो : तेजा ठाकुर



कनौन स्कूल में आयोजित वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देते हुए।

**अनंत ज्ञान, सैंज**

सैंज खंड के कनौन में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनौन एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला कनौन ने धूमधाम वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। जिसमें बंजार कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तेजा ठाकुर बतौर मुख्यातिथि पधारे। तेजा ठाकुर ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य देसराज नेगी व एसएमसी अध्यक्ष प्रीतम सिंह और राजकीय प्राथमिक विद्यालय के मुख्याध्यापक अमर सिंह, सुभाष ठाकुर, राकेश चौहान ने मुख्यातिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियों को टोपी-मफलर पहनाकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य देसराज नेगी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर विद्यालय की शिक्षा सहित अन्य उपलब्धियों को गिनाया। इस मौके पर स्कूली स्टूडेंट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति से सबका मन मोहा और खूब वाहवाही लूटी। इस अवसर पर चेयरमैन मोतीराम पालसरा, बीडीसी सदस्य नरोत्तम राम, प्रधान विमला ठाकुर, हीरा सिंह मेहता, प्रधानाचार्य देसराज नेगी, कांग्रेस कमेटी के महासचिव जीत राम ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# अग्नि प्रभावितों के लिए भी बढ़ाई जाए राहत राशि



मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपते हुए बंजार के विधायक।

**कुल्लू।** प्रदेश में विभिन्न तरह की आपदाओं से निपटने व राहत के लिए सरकार द्वारा मानदंड निर्धारित किए गए हैं। हाल ही में प्रदेश में बरसात जनित आपदा से बड़े स्तर पर नुकसान के बाद से प्रदेश सरकार ने प्रभावितों के लिए राहत जारी करने के लिए निर्धारित मापदंडों व एसओपी में बड़े बदलाव किए थे। ऐसे में अब मांग उठी है कि अग्निकांड प्रभावितों के लिए भी राहत राशि व अन्य प्रावधानों में अन्य आपदाओं से संबंधित मामलों की भांति बढ़ोतरी की जाए और यह मांग उठाई है बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने। विधानसभा के धर्मशाला शीतकालीन सत्र के दौरान बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इस बाबत मांग पत्र लेकर मिले और आम जनमानस को राहत जल्द से जल्द पहुंचाने की मांग रखी है।

# आमजन की आवाज को मजबूती से उठा रहा है विपक्ष : अमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

### सरकार को दिलाई जा रही गारंटी पूरा करने की याद

हिमाचल प्रदेश में भाजपा एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभा रही है और विधानसभा सत्र के दौरान भी कांग्रेस सरकार के द्वारा जो आम जनता से झूठे वादे किए गए थे, उन्हें पूरा करने की भी भाजपा लगातार याद दिला रही है। हिमाचल प्रदेश भाजपा के मीडिया सह-प्रभारी अमित सूद ने बताया कि विधानसभा सत्र के पहले दिन कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए जो गारंटी आम जनता को दी थी, उसका चोला पहनकर भाजपा ने आम जनता के हितों की बात रखी थी।

वहीं सत्र के दूसरे दिन कांग्रेस सरकार को यह याद दिलाई गई कि उन्होंने प्रदेश की जनता से दो रुपए के प्रति किलो गोबर खरीदने की बात कही थी। अब तीसरे दिन भाजपा के सभी विधायकों ने दूध की बाल्टी लेकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया और कांग्रेस सरकार को याद दिलाया कि उन्होंने जनता से 100 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से दूध खरीदने का भी वादा किया था। ऐसे में आम जनता के हितों के लिए लगातार विपक्ष सरकार के खिलाफ मजबूती से अपनी आवाज उठाता रहेगा। अमित सूद का कहना है कि सरकार ने झूठी गारंटी जनता के बीच जारी की और अब जब जनता उनसे गारंटी के बारे में सवाल कर रही है। तो वह यह जवाब दे रहे हैं कि यह सभी गारंटियों आने वाले पांच सालों में पूरी की जाएगी, जबकि सच्चाई यह है कि सरकार अपनी किसी भी गारंटी को पूरा करने वाली नहीं है। अमित का कहना है कि आज किसान अपने दूध खरीद के उचित मूल्य का इंतजार कर रहा है।

इसके अलावा आम जनता भी 300 यूनिट मुफ्त बिजली की राह ताक रही है। बेरोजगार युवा अपने लिए नौकरियां तलाश रहे हैं। अमित सूद का कहना है कि इन सभी बातों को लेकर भाजपा के द्वारा पूरे प्रदेश में आक्रोश रैली निकाली गई थी और उस आक्रोश रैली में आम जनता का रोष भी खुलकर सामने आया था।



अमित सूद

## न्यूज ब्रीफ

### जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू जरूरतमंदों की सेवा में निभा रही अहम भूमिका : आशुतोष

**कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने वीरवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू ने वर्ष 2024 के कैलेंडर को जारी किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि सोसायटी जिला में जरूरतमंद, गरीबों व मरीजों की सेवा में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि सोसायटी द्वारा जहां समय-समय पर जिले के दूरदराज क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों की सुविधा के लिए उनके घर-द्वार के निकट चिकित्सा जांच शिविरों व रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी तथा उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस समितियों द्वारा इस वर्ष प्राकृतिक आपदा के दौरान पीड़ित लोगों को सहायता पहुंचाने में अग्रणी रही है। जिले के उपमंडल मनाली, कुल्लू, बंजार, आनी तथा निरमंड में भी उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस समितियां क्रियाशील हैं जो पीड़ित तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता में सदैव प्रयासरत हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्विनी कुमार, सहायक आयुक्त शशिपाल नेगी व अन्य उपस्थित थे।

### साहब! संघ के साथ शीघ्र करें जेसीसी की बैठक

**कुल्लू।** अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला कुल्लू का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष संजीव भारद्वाज की अध्यक्षता में वीरवार को उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग से मिला। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल की ओर से उपायुक्त से अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला कुल्लू की संयुक्त सलाहकार कमेटी की बैठक कराने का आग्रह किया गया। संघ के जिला अध्यक्ष ने बताया कि उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल की मांग पर आश्वासन दिया। इसके साथ-साथ प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के समक्ष जिला के कर्मचारियों की अन्य विभिन्न समस्याएं भी रखीं। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में संघ के महासचिव तेजा सिंह, तेज राम शर्मा, उपप्रधान मनोज ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### 15 मील में ब्यास नदी में मिला शव

**पतलीकूहल।** वीरवार देर शाम पतलीकूहल से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर 15 मील में ब्यास नदी से एक अज्ञात शव बरामद हुआ है। पुलिस थाना पतलीकूहल प्रभारी राजीव लखनपाल ने जानकारी देते हुए बताया मृतक व्यक्ति के गर्दन पर सांप की आकृति बनी है और शिव लिखा हुआ है। वहीं मृतक की कलाई में ड्रिप लगने का निशान भी है जहां प्लासटर लगा हुआ है। मृतक पहचान नहीं हो पाई है थाना प्रभारी ने बताया कि शव पुलिस हिरासत में है तथा इसकी शिनाख्त की जा रही है।

### रांगड़ी में कार पार्किंग को लेकर झगड़ा

**मनाली।** मनाली-कुल्लू हाई-वे पर रांगड़ी में कार पार्किंग को लेकर दो युवकों में झगड़ा हो गया। झगड़े में एक युवक बुरी तरह से घायल हुआ है। कन्याल ग़ांव के ऋषि ठाकुर ने आरोप लगाया है कि 19 दिसंबर को उसे एक युवक ने कॉल की और कहा कि उसकी गाड़ी घर के सामने हाई-वे पर खड़ी है। इसे वहां से हटा दो, अन्यथा वह टायर पंचर कर देगा। इसके बाद वह गाड़ी के पास पहुंचा। उसने कॉल करने वाले व्यक्ति को पूछा तो उसने उसके साथ मारपीट की। मुक्के से उसके सिर पर प्रहार कर दिए। जिसके कारण उसके मुंह व माथे से खून बहने लगा। ऋषि ने पुलिस को बयान दिया है कि मारपीट करने वाले युवक का नाम सक्षम ठाकुर है। जसवंत नामक व्यक्ति ने उसे छुड़ाया। पुलिस ने भादंसं की धारा 341 और 323 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

**सैंज।** एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक चंडीगढ़ में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक एवं पार्वती परियोजना के प्रमुख निर्मल सिंह ने की। एनएचपीसी द्वारा आयोजित वर्ष 2022-23 की तीसरी राजभाषा हिंदी बैठक में एनएचपीसी के 25 कार्मिकों ने भाग लिया। राजभाषा पर आयोजित इस तिमाही बैठक में हिंदी के प्रचार व प्रसार पर बल देने की व्यापक चर्चा हुई। एनएचपीसी के कार्मिकों को संबोधन करते हुए कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह ने कहा कि हिंदी भाषा हमारी संस्कृति एवं समाज को सुदृढ़ बनाकर संगठित करती है। हमारी पहचान हमारे देश एवं भाषा से की जाती है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में ज्यादा से ज्यादा हिंदी का प्रयोग करें, इससे पारदर्शिता भी रहती है और जनता को विषय समझने में भी आसानी होती है। कार्यपालक निदेशक एनएचपीसी निर्मल सिंह ने कहा कि अंग्रेजी की बढ़ती लोकप्रियता को कम करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष हिंदी दिवस का आयोजन किया जाता है लेकिन हमें रोजाना राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार पर बल देना होगा।

# पानी जमने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित

**अनंत ज्ञान, केलांग**

लाहुल घाटी के जोबरंग पंचायत में ठंड से पानी की सभी नल जाम हो गए हैं। अब उन्हें पूरी सर्दी पानी की परेशानी से जूझना पड़ेगा। जलशक्ति विभाग का पाइप लाइन जाम हो जाने से जोबरंग, रापे और राशेल तीन गांव के लोगों की परेशानियां फिर से बढ़ गई है। जोबरंग के ग्रामीण 500 मीटर दूर से पीने का पानी ढोकर लाने के लिए मजबूर है।

जलशक्ति विभाग ने जोबरंग पंचायत में पेयजल आपूर्ति के लिए करोड़ों रुपए फूंक दिए, लेकिन अभी तक इस पंचायत के तीन गांव के लोगों के लिए सर्दी में पेयजल का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। सर्दी शुरू होते ही जोबरंग पंचायत में हर साल पानी की समस्या शुरू हो जाती है। इसके लिए हर घर के एक सदस्य को दिनभर दो से तीन घंटे का समय पानी ढोने के लिए देना पड़ रहा है। जोबरंग पंचायत के पूर्व प्रधान सोम देव ने बताया कि इस सीजन में उनके पंचायत में जलशक्ति विभाग की ओर से पेयजल आपूर्ति का कोई कार्य भी शुरू नहीं किया गया। जलशक्ति विभाग के सहायक अभियंता भूपेंद्र पाल ने बताया कि बजट की समस्या के चलते इस बार जोबरंग पंचायत के पेयजल आपूर्ति के काम में देरी हई है।

# आपदा में नष्ट हुए स्कूलों के लिए नई जगह का चयन

**कुल्लू।** जुलाई माह में आई प्राकृतिक आपदा से पूरे प्रदेश में जान माल का बहुत नुकसान हुआ था। बेकाबू बाढ़ की चपेट में कई स्कूल भी आ गए थे जिस कारण कुछ स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था भी बाधित रही। कुल्लू जिला में भी कुल 52 ऐसे स्कूल थे जहां पर बाढ़ की वजह से काफी नुकसान देखा गया और इनमें से तीन स्कूल हाई स्कूल शलीण, हाई स्कूल पारशी, बंजार ओर हाई स्कूल चंसारी ऐसे थे जो कि पूरी तरह से जमीदोज हो गए थे। इन स्कूलों में कई दिनों तक शिक्षा बाधित रही थी।

आपदा के बाद हाई स्कूल शलीण को फिलहाल एपीएमसी मनाली आलू ग्राउंड में चलाया जा रहा है और हाई स्कूल पारशी को प्राइमरी स्कूल और वन विभाग में स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा हाई स्कूल चंसारी को भी निजी भवन में स्थानांतरित किया गया है। हाई स्कूल शलीण ओर हाई स्कूल पारशी के भवन निर्माण के लिए नई जगह का चयन किया जा चुका है और वन विभाग से भी इस संदर्भ में अनुमति ली जा रही है और इसी तरह से हाई स्कूल चन्सारी के भवन निर्माण के लिए पत्राचार किया जा रहा है और जल्द ही इस स्कूल के भवन का निर्माण भी शुरू किया जाएगा। उपनिदेशक शांतिलाल शर्मा ने कहा कि आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हुए सभी स्कूलों के लिए बजट दिया गया था और सभी स्कूलों की मरम्मत की जा चुकी है और जो स्कूल पूरी तरह से नष्ट हो गए थे उनके लिए नई जगह देखी जा चुकी है।

**समस्या** एनएच मार्ग को पार करने के लिए नहीं हैं कोई संकेत दिशा के साइन बोर्ड

# दुआड़ा चौक पर जल्द बनाया जाए चबूतरा

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू व मनाली के मध्य दुआड़ा चौक जो कि एनएच-तीन पर स्थित हैं यहां पर दौड़ते तेज रफ्तार से वाहनों को दाएं व बाएं संपर्क व एनएच मार्ग को पार करने के लिए कोई संकेत दिशा के साइन बोर्ड नहीं हैं, जिस कारण यहां पर हर वक्त दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। अकसर इस चौक पर पांच दिशाओं को जाने वाली सड़कें हैं जहां पर बाएं व और दाएं जाने के लिए चालक अकसर दुर्घटनाओं को न्यौता देते आ रहे हैं।

क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन व सरकार से आग्रह किया है कि दुआड़ा चौक जो कि एचएच-3 पर स्थित है, यहां पर चौक पर एक चबूतरे का निर्माण करें ताकि दुर्घटनाओं में कमी आए। विशेषकर पैदल चलने वाले लोगों के लिए तो यहां पर एनएच को पार करना बड़ा मुश्किल हो जाता है और कई मर्तबा तो लोग एनएच पर तेज रफ्तार से दौड़ने वाले वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। यही नहीं इस चौक पर बहुत बार वाहनों की टक्कर होती है और मामला खूनी हो जाता है। इस चौक से कटराईं की पुराना एनएच, गांव मेहा को जाने वाली सड़क व डोभी पुल के लिए जाने वाली सड़क है जहां पर हमेशा लोगों का हूजूम रहता है। मनाली से कुल्लू व एचएच पर दौड़ने वाले वाहनों के चालक इतनी रफ्तार में होते हैं कि संपर्क मार्गों में जाने के लिए जब भी बाएं व दाएं के लिए मुड़ते हैं तो चबूतरा न होने के कारण वाहन आपस में टकराते हैं। यदि रफ्तार अधिक होती है तो वाहनों की टक्कर जोरदार होती है यदि रफ्तार नियंत्रण में होती है तो नुकसान कम होता है। लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि दुआड़ा चौक पर चबूतरे का निर्माण अति-शीघ्र किया जाए ताकि लोगों को जानमाल से हाथ न धोना पड़ें।

गांव दुआड़ा के वाशिंदों में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य घनश्याम कपूर, एडवोकेट विजय भल्ला, सुरेश शर्मा, सरजीवन शर्मा, दलीप भल्ला, ओपी भल्ला, रोहित, देवेंद्र, करतार, रोहित, मोहन कपूर, विकास युवक मंडल, महिला मंडल ने भी जिला प्रशासन, एनएचएआई व स्थानीय विधायक से दुआड़ा चौक पर चबूतरा निर्माण के लिए गंभीरता पूर्वक आग्रह किया है ताकि आम जनता को सुविधा प्रदान हो। स्थानीय लोगों एवं परिवहन सुरक्षा के लिए दुआड़ा एनएच चौक पर चबूतरे का निर्माण होना अति-आवश्यक है जिससे इस चौक पर सरपट दौड़ने वाले वाहनों की रफ्तार पर भी रोक लगेगी व दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा। (अनंत ज्ञान)



एनएच पर स्थित दुआड़ा चौक जहां वाहनों के टकराने का बना रहता है खतरा।

## बधाइयां





अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे आशा है कि यह समाचार पत्र हिमाचल प्रदेश की जन समस्याओं और ज्वलंत मुद्दों को प्रभावी ढंग से सरकार व प्रशासन के समक्ष उठाएगा।

**-अजय सहगल, ट्रस्टी, दीन सहायक ट्रस्ट गांधी भवन मंडी।**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई। जल्द ही यह अग्रणी समाचार पत्रों की श्रेणी में शामिल होगा। जनता की आवाज बन कर और सांस्कृतिक विरासत को संजोने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। अनंत ज्ञान प्रबंधन व टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।

**-डॉ. राकेश शर्मा, प्रभारी, इतिहास विभाग, सरदार पटेल विवि मंडी।**

हिमाचल से दैनिक अखबार अनंत ज्ञान का प्रकाशन शुरू हो गया है। प्रबंधन और टीम को



हार्दिक शुभकामनाएं। यह अखबार हिमाचल की जन समस्याओं और ज्वलंत मुद्दों को लेकर न केवल मुखर रहेगा, बल्कि सांस्कृति विरासत को संजोने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

**-नरेश मल्होत्रा, कन्वीनर, भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर।**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशन पर हिमाचल की समस्त जनता को बधाई। लोकतंत्र



में मीडिया की अहम भूमिका है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि अनंत ज्ञान शीघ्र ही जनता के दिलों में राज करेगा। भविष्य के लिए अनंत ज्ञान की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।

**--अनिल शर्मा, अध्यक्ष, ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन बिजै हाई स्कूल मंडी।**

प्रदेश में कांगड़ा से अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन



हिमाचल के मीडिया जगत में नए आयाम स्थापित करेगा। आम जनता के प्रमुख मुद्दों को उचित स्थान देने के विश्वास के साथ प्रकाशन पर शुभकामनाएं।

**-चंपा ठाकुर, सदस्य जिला परिषद मंडी व पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी।**

हर्ष का विषय है कि प्रदेश के मीडिया जगत में एक नया दैनिक



समाचार पत्र अनंत ज्ञान अस्तित्व में आया है। जन सरोकार के मुद्दे व अनंत ज्ञान एक साथ चलेंगे। इसी विश्वास के साथ टीम को हार्दिक बधाइयां।

**--निहालचंद शर्मा, जिला अध्यक्ष भाजपा मंडी।**

## हर हाथ अनंत ज्ञान



सहायक लोक संपर्क अधिकारी जोगिंद्रनगर राजेश जसवाल अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



रत्न ज्वेलर्स इंदिरा मार्केट शॉप नंबर-13 में भगवंत सिंह अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।



जोगिंद्रनगर रोटेरियन अजय ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



प्रेस क्लब मंडी के कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार धर्मचंद वर्मा दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के निर्देशक अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



आईसीआई बैंक मंडी के शाखा प्रबंधक सुनील चंदेल ने दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को प्रकाशन पर बधाई दी है।

# हिमाचल की टीम राष्ट्रीय शतरंज में दिखाएगी हुनर

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए टीम तमिलनाडु रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**राष्ट्रीय** शतरंज स्कूल प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग की अंडर-17 व अंडर-19 (छात्र व छात्रा) वर्ग की स्कूली टीमें तमिलनाडु रवाना हो गईं।

प्रवक्ता हंसराज ठाकुर ने बताया कि टीमों के विदाई समारोह में विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त जिला शारीरिक शिक्षा अधिकारी रोशन लाल धीमान के साथ जिला शारीरिक शिक्षा अधिकारी सुख देव ठाकुर, राज कुमार शर्मा, मान सिंह ठाकुर, विनोद कुमार, चरणजीत सिंह, हंसा ठाकुर, सरला ठाकुर, शांति चंदेल, सुरेश चौधरी, सोहन सिंह, अक्षय शोष्ठा, प्रवीण शर्मा, पवन कुमार, अनिल बेक्टा समेत बॉक्सिंग के 24 खिलाड़ियों सहित शतरंज खेल के 20 खिलाड़ी भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि रोशन लाल धीमान ने प्रतिभागियों को बधाई दी।

### टीम में प्रशिक्षक व कोच किए नियुक्त



हिमाचल प्रदेश स्कूली अंडर-19 छात्रा शतरंज टीम प्रशिक्षकों में हंस राज ठाकुर कोच व सरला ठाकुर टीम मैनेजर, अंडर-17 छात्रा वर्ग में हंसा ठाकुर कोच व शांति चंदेल मैनेजर, अंडर-19 छात्र वर्ग में राज कुमार शर्मा कोच, प्रवीण शर्मा सहायक कोच और पवन कुमार मैनेजर और अंडर-17 छात्र वर्ग में अक्षय शोष्ठा कोच, अनिल बेक्टा सहायक कोच और रवि दत्त टीम मैनेजर के रूप में नियुक्त हुए हैं।

## अग्निवीर बनने के लिए 255 ने दिया फिजिकल टेस्ट



**मंडी।** पड्डल मैदान में अग्निवीर भर्ती रैली के दूसरे दिन मंडी जिले के 473 अभ्यर्थियों ने फिजिकल टेस्ट दिया। पहले दिन कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिला के 255 युवाओं ने भाग लिया था। भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय मंडी कर्नल डीएस सामंत ने बताया कि लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण 543 अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया था।

### 15 दिन के अल्टीमेटम के बाद एसडीएम ने बाल स्कूल के कार्य का किया निरीक्षण

# डंगे का निर्माण पूरा करने को मांगा दस दिन का और समय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** शहर के बीचों-बीच बाल स्कूल के पास बनी सड़क का डंगा लगना शुरू हो गया है। एसडीएम ओमकांत ठाकुर ने ठेकेदार को 15 दिन के भीतर डंगा लगाने को अल्टीमेटम दिया था। वीरवार एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर ने मौके पर जाकर कार्य का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि मौके पर ठेकेदार मौजूद नहीं था और साइट इंजीनियर से ही जानकारी जुटाई, जिसमें उन्होंने तीन दिन का समय मांगा और पूरे कार्य के लिए 10 दिन का समय मांगा। एसडीएम ओमकांत ठाकुर ने कहा कि काम चल रहा है और तीन दिन के बाद फिर कार्य का जायजा लिया जाएगा।



मंडी शहर के बीचों-बीच बाल स्कूल के पास बनी सड़क के डंगे के कार्य का निरीक्षण करते एसडीएम ओमकांत ठाकुर।

### दो सालों से चला है स्कूल बाजार में बहुमंजिला पार्किंग का काम

पिछले दो सालों से स्कूल बाजार मंडी में बहुमंजिला पार्किंग का काम चला हुआ है, जिसके चलते यहां लगातार बड़ी-बड़ी मशीनों से खुदाई की जा रही है। खुदाई के कारण डंगा नीचे से खोखला हो गया था और जरा सी बारिश होने पर सड़क फिर भरभराकर गिर पड़ती है।

### पहले भी सड़क और दीवार का कुछ हिस्सा टूटा

**करीब** चार माह पूर्व भी यहां से दीवार व सड़क का कुछ हिस्सा टूटकर गिर गया था। उसके बाद संबधित ठेकेदार को विभाग ने डंगा लगाने के लिए दो माह समय दिया था। संबधित ठेकेदार ने बिना डंगा लगाए सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी और यहां लगातार काम जारी रखा। उसके बाद एसडीएम ने मौके पर साफ तौर पर इसे ठेकेदार की लापरवाही बताया और ठेकेदार को मौके पर बुलाकर उसकी क्लास भी लगाई।

### सड़क व डंगा धंसने से बढ़ी परेशानी

सड़क व डंगा धंसने से यहां वाहन चालकों को व पैदल चलने वाले राहगीरों को समस्या भी पेश आ रही है। यदि एक बार फिर से यहां सड़क धसती है तो यहां से वाहनों की आवाजाही भी बंद हो सकती है।

# टिंबर सेल डिपो और घर से बरामद की अवैध लकड़ियां

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

- आरोपी के नवनिर्मित मकान के छत और टिंबर सेल डिपो की छत पर लगाई लकड़ियां अवैध

**सुकेत** वन मंडल के तहत टेहटा गांव में टिंबर सेल डिपो से अवैध लकड़ियां बरामद करने के बाद अब आरोपी के नवनिर्मित घर से भी अवैध लकड़ियां बरामद की हैं। जिन्हें वन विभाग की टीम ने कब्जे में ले लिया है और आरोपी के खिलाफ बीएसएल पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार, पिछले दिनों वन विभाग की टीम ने ब्रोहकड़ी क्षेत्र के टेहटा गांव में नेत्र सिंह पुत्र नारायण सिंह के टिंबर सेल डिपो से अवैध लकड़ियां बरामद की थीं।

### आरोपी नहीं ले रहा था नोटिस

अवैध लकड़ियां मिलने के बाद अरोपी को वन विभाग ने नोटिस जारी किया था, लेकिन आरोपी ने नोटिस लेने से मना कर दिया था। वन अधिकारी घरोट बीट के नेतृत्व में टीम ने आरोपी के घर की जांच की, तो आरोपी नेत्र सिंह ने नवनिर्मित मकान के छत और टिंबर सेल डिपो की छत पर जो लकड़ियां लगाई हैं, वह भी अवैध है और ताजी हरी पाई गईं। आरोपी के दोनों ठिकानों से बरामद की गई लकड़ी करीब 20 हजार वर्ग मीटर है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## चिट्टे के आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**मंडी।** पुलिस ने 268 ग्राम चिट्टा के साथ पकड़े सभी आरोपियों को वीरवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें चार दिनों के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौम्या सांबशिवन ने बताया कि आरोपियों से नशे की बहुत बड़ी खेप पकड़ी गई है। ऐसे में इसकी गहनता से छानबीन की जा रही है यह बड़ी खेप कहां से इन्हें प्राप्त हुई है। इसके मूल स्रोत की जानकारी जुटाई जा रही है।

## 24 को बैठक

**सरकाघाट।** मंडी जिले के पटवारवृत्तों में तैनात राजस्व अंशकालीन कर्मचारियों की अहम बैठक 24 को सुबह 11 बजे मंडी में स्थित भूतनाथ मंदिर में प्रदेशाध्यक्ष जगजीवन पाल की अध्यक्षता में होगी। जिला सचिव सरीता देवी ने बताया कि इस बैठक में जिला भर से राजस्व अंशकालीन कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

## वस्तु अधिनियम की दी जानकारी

**सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में वीरवार को केंद्रीय उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण एवं प्रशिक्षण संस्थान फरीदाबाद ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण केंद्र के प्रधानाचार्य डॉ. प्राची, सहायक निदेशक केंद्रीय उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण एवं प्रशिक्षण संस्थान फरीदाबाद हरियाणा दिनेश मेघवाल उपस्थित रहे। समन्वयक डॉ. हितेंदर सिंह व डॉ. भारत भूषण ने बताया कि कृषि विभाग के 50 कृषि अधिकारियों को आवश्यक वस्तु अधिनियम, उर्वरक नियंत्रण आदेश और उर्वरक (संचलन नियंत्रण) के बारे में जानकारी दी।

# पुराने स्थान पर ही बनेगा पंचवक्त्र पुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- महापौर ने पंचवक्त्र पुल के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

पड्डल और बंगला मोहल्ला को जोड़ने वाले पंचवक्त्र पुल के निर्माण को लेकर नगर निगम मंडी ने कदमताल शुरू कर दी है।

बता दें कि वीरवार को नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट, हिमाचल लोक निर्माण विभाग व जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ पंचवक्त्र में बनने वाले फुटब्रिज का संयुक्त निरीक्षण किया और निर्णय लिया कि पंचवक्त्र फुटब्रिज को पुराने स्थान पर ही चार फुट चौड़ा किया जाएगा और वहां से दोपहिया वाहन ही चलेंगे।

साथ में ठेकेदार ने बताया कि पंचवक्त्र ब्रिज फरवरी माह में शिवरात्रि से पूर्व तैयार कर दिया जाएगा। इस निरीक्षण में उपमहापौर माधूरी कपूर, वार्ड पार्षद सोमेश उपाध्याय, हिमाचल लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता बीसी नेगी, सहायक अभियंता ब्रह्म दास, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राजकुमार सैनी व सहायक अभियंता रोहित गुप्ता, नगर निगम के सहायक अधिशाषी अभियंता ई. एचसी जसवाल, विजय कपूर ठेकेदार और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



पंचवक्त्र पुल का निरीक्षण करते हुए महापौर व अधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### 25 से 31 तक स्वर्णकार अवकाश पर रहेंगे

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर का सराफा बाजार बाजार 25 दिसंबर से 31 दिसम्बर तक बंद रहेगा। वार्षिक छुट्टियों के चलते शहर के स्वर्णकारों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है। स्वर्णकार संघ के प्रतिनिधि विजय सोनी ने बताया कि यदि कोई स्वर्णकार उपरोक्त घोषित तिथियों में दुकान खोलता है, तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बाप-बेटे ने पड़ोसी को पीटा, केस दर्ज

**सरकाघाट।** बलद्वाड़ा के गांव समैला के देशराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुधवार शाम को वह घर पर था। शाम सात बजे के करीब उसके पड़ोसी लक्की ने पहले फोन पर गाली-गलौज की। उसके विरोध करने पर उसके पिता जीतराम और लक्की उसके घर की रसोई के अंदर डंडे लेकर आए और मारपीट की। थाना प्रभारी सूरम सिंह ने पुष्टि की है।

## मंडी पहुंची विकसित भारत यात्रा



**मंडी।** विकसित भारत यात्रा के वीरवार को नगर निगम मंडी पहुंचने पर पड्डल मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट ने की। महापौर ने लोगों को सरकार की जनकल्याण योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया और 2047 तक भारत को विकसित व सर्वश्रेष्ठ बनाने की शपथ दिलाई। रथ के माध्यम से विकसित भारत यात्रा पर एक फिल्म भी दिखाई गई।

## कुसंल स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुसंल (बैजनाथ) के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। कुसंल पाठशाला के अध्यापक राजेश राणा, शुभम कटोच, संदीप कटोच, मोहन कटोच व अध्यापिका सुमेधा अवस्थी, मंजू शर्मा, सरिता देवी, सोनिया शर्मा, आरती देवी, अंजुला सहित 51 विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इसका आयोजन प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी व अनुदेशक रमेश नेगी, लव जम्वाल और मूलराज ने किया। अनुदेशक रमेश नेगी ने बताया कि बच्चों को कार्यशाला के काम की उपयोगिता के बारे में बताया।

# पुलिस चौकी से महज 300 मीटर दूर पुल की रेलिंग काटकर ले गए चोर

### मुंशी ने मामला दर्ज करने से किया मना, एसएचओ ने कहा-शीघ्र करेंगे एफआईआर

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

**चंडीगढ़**-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर जयुणी खड्ड पर बड़े पुल की रेलिंग पर चोरों ने हाथ साफ किया है। एक तरफ चोरों के हौसले बुलंद हैं, वहीं दूसरी ओर आम लोग, स्कूली बच्चों और दिव्यांगजनों का पुल आर-पार करना जोखिम भरा हो गया है। ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। हैरत की बात है कि साथ में ही 300 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी है। पंडोह बाजार के बस स्टैंड व पुल पर दिनरात पुलिस व होमगार्ड का पहरा रहता है। तब भी लोहे की रेलिंग को काट कर चोरों ने हाथ साफ किए है।

11 दिसंबर को इस पुल पर पार्क नई गाड़ी के शीशे को तोड़ कर चोरों ने स्टेपनी टायर रिम के साथ चोरी कर लिया था। वहीं, पुल की रेलिंग चोरी मामले की एफआईआर दर्ज करने से पंडोह पुलिस चौकी के मुंशी ने साफ इंकार कर दिया। एसएचओ सदर थाना मंडी सकीनी कपूर ने बताया कि मामले पर शीघ्र एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### कटर मशीन और बिजली की वायरिंग के छह रोल चोरी

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर के महादेव में निर्माणाधीन मकान से कटर मशीन और बिजली की वायरिंग के छह रोल चोरी हो गए हैं। भवन मालिक ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव धवाली के दीपक शर्मा ने बताया कि मंगलवार को दिन को वह महादेव में निर्माणाधीन मकान में गया, तो कामगार नहीं आए थे। शाम को फिर गया तो पाया कि कटर मशीन और बिजली की वायरिंग के छह रोल गायब है। चोरी सामान की कीमत करीब 25 हजार रुपए है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया जांच की जा रही है।

## गुटकर स्कूल में बांटे उपहार



बच्चों को उपहार भेंट करते हुए पास्टर सन्नी ईपन।

**अनंत ज्ञान ब्यरो, मंडी**

क्रिसमस से पूर्व पास्टर सन्नी ईपन ने मंडी जिले के गुटकर स्थित सरकारी स्कूल के जरूरतमंद बच्चों को जूते क्रिसमस उपहार के रूप में भेंट किया। इस अवसर पर पाठशाला के विद्यार्थियों व अध्यापकों को संबोधित करते हुए सन्नी ईपन ने कहा कि क्रिसमस देने का त्योहार है। अपने दुश्मनों को भी आशीष और काफी देने का समय है। प्यार करने का समय है, क्योंकि पिता परमेश्वर ने भी हमसे इतना प्यार किया कि जब हम पापी ही थे, तो उसने अपने इकलौते पुत्र यीशु मसीह को आज से 2024 वर्ष पूर्व इस धरती पर भेजा, ताकि वह मानव जाति के पापों के प्रायश्चित के लिए सूली पर अपना प्राण बलि कर सके। इस अवसर पर पाठशाला के प्रभारी हंस राज, टीजीटी नीलम कुमारी, रीनू शमाज़ शास्त्री, सरला देवी डीएम, सुरेंद्र पाल पीईटी उपस्थित रहे।

# जेएनजीईसी के स्टूडेंट्स ने ग्रैंड फिनाले में जीता एक लाख का इनाम




स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का ग्रैंड फिनाले में जेएनजीईसी के छात्र इनाम राशि के साथ।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**जवाहरलाल** नेहरू गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज (जेएनजीईसी) सुंदरनगर के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स ने राष्ट्रीय स्तर के स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के ग्रैंड फिनाले में पहला स्थान हासिल किया। मैसूर के जेएसएस टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी कर्नाटक में 19 व 20 दिसंबर को स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया।

यह प्रतियोगिता डिजिटल प्रौद्योगिकी और एआई एकीकरण के माध्यम से अस्पतालों में डॉक्टर की उपलब्धता और नियुक्ति आवंटन को अनुकूलित करने के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करने पर केंद्रित थी। जेएनजीईसी के निदेशक एवं प्रधानाचार्य एस.पी. गुलेरिया ने बताया कि उनके संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के छह स्टूडेंट्स ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। संस्थान की विद्यार्थी वंशिका गुलेरिया, प्रगुण, साहिल राणा, साहिल, अंशुल और जुबेर की टीम ने स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के ग्रैंड फिनाले में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के ग्रैंड फिनाले में करीब 500 अन्य टीमों को मात देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर केवल पांच ही टीमें चुनी गई थी। स्टूडेंट्स ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। स्टूडेंट्स ने संस्थान को न केवल पहचान दिलाई, बल्कि एक लाख रुपए का ईनाम भी हासिल किया। हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा निदेशक अक्षय सूद, जेएनजीईसी सुंदरनगर के निदेशक सह प्रधानाचार्य एसपी गुलेरिया और जेएनजीईसी सुंदरनगर में स्टार्टअप और इनक्यूबेशन के अध्यक्ष डॉ. दिनेश भाटिया ने विजेता छात्रों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन व उत्कृष्ट सफलता के लिए सराहना व हार्दिक बधाई दी।

**दिक्कत** पैसा निकालने के लिए छह किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा

# रखोह में एटीएम खराब, लोग परेशान

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**उपमंडल** सरकाघाट की रखोह पंचायत के मेन बाजार में राज्य सहकारी बैंक का एटीएम सफेद हाथी बना हुआ है। यह एटीएम पिछले पांच माह से खराब है और कोई भी लेनदेन इस एटीएम से नहीं हो रहा है, जिससे हजारों उपभोक्ताओं की दिक्कतें बढ़ गई है।

मनोज वर्मा, अमृत लाल, टेक चंद, पूर्ण चंद परासर, ओम चंद, दलीप सिंह ठाकुर, रणजीत सिंह, नरेश कुमार और खेम सिंह आदि ने बताया कि एक तरफ बैंकों के माध्यम से ग्राहक जागरूकता शिविर लगाकर डिजिटल बैंकिंग करने पर बल दिया जाता है, लेकिन एटीएम ही महीनों खराब रहे तो डिजिटल बैंकिंग कैसे संभव है। उन्होंने बताया कि एनएच निर्माण के चलते सड़क अधिकतर खराब रहती है और सरकाघाट यहां से छह किमी दूर है। (अनंत ज्ञान)



रखोह में खराब पड़ा एटीएम।

### सरकाघाट जाना पड़ रहा

एटीएम के खराब रहने पर उपभोक्ताओं को पैसे लेने के लिए सरकाघाट जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसे का नुकसान होता है। उन्होंने बैंक प्रबंधन से आग्रह किया है कि जब एटीएम लगा ही दिया है, तो इस एटीएम की समय-समय पर देख-रेख और मरम्मत होनी चाहिए, ताकि एटीएम ठीक रहे और उपभोक्ताओं को लेन-देन की सुविधा मिलती रहे।

# राहुल मिस्टर और यशिका को चुना मिस फ्रेशर



अभिलाषी कॉलेज ऑफ एजुकेशन नेरचौक में मिस व मिस्टर फ्रेशर कॉलेज स्टाफ के साथ।

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

अभिलाषी कॉलेज ऑफ एजुकेशन नेरचौक में बीएड प्रशिक्षु अध्यापकों के लिए फ्रेशर पार्टी आयोजन किया। बतौर मुख्य अतिथि अभिलाषी शिक्षण समूह के अध्यक्ष डॉ. आरके अभिलाषी ने शिरकत की इस कार्यक्रम के दौरान अभिलाषी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रधानाचार्य डॉ. नर्मदा अभिलाषी, उप प्रधानाचार्य सपना गोयल, कोऑर्डिनेटर देवेंद्र कुमार सहित समस्त टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान मिस्टर फ्रेशर राहुल और मिस फ्रेशर यशिका को चुना गया। साथ ही मिस्टर पर्सनैलिटी अंशुल और मिस पर्सनैलिटी मिस सुजाता को चुना गया। कार्यक्रम के अंत में सभी टाइटल्स को रिवॉर्ड देकर प्रोत्साहन दिया गया।

## हर हाथ 'अनंत ज्ञान'



डीसी ऊना राघव शर्मा को अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति भेंट करते ऊना जिले के ब्यूरो चीफ एसडी शर्मा।



गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा अमरजोत सिंह बेदी को अनंत ज्ञान समाचार पत्र सौंपा गया।



प्रदेश कांग्रेस महासचिव विवेक शर्मा को अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति भेंट की गई।



अंब के मुख्य बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते पाठक विवेक सूद।



सुबह बंगाणा के मुख्य बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ता पाठक।

# विश्वकर्मा योजना से कारीगरों को मिल रहा भरपूर लाभ : बिंदल

## कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उत्तराखंड के मंत्री डॉ. धन सिंह रावत रहे मौजूद

**अनंत ज्ञान, अंब/ चिंतपूर्णी**

**प्रधानमंत्री** विश्वकर्मा योजना का लाभ हिमाचल प्रदेश के गरीब लोगों को मिले, हिमाचल के कारीगरों को मिले इसके लिए प्रदेश स्तर की एक कार्यशाला का आयोजन माता चिंतपूर्णी के प्रांगण में हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया गया, जिसमें उत्तराखंड के स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत मुख्यातिथि रहे और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कार्यशाला की अध्यक्षता की।

भाजपा के संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, सचिव डॉ. संजय ठाकुर, मुनीष चौहान, इस योजना के प्रदेश संयोजक महेंद्र धर्माणी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विनय चौधरी, चिंतपूर्णी से पूर्व विधायक बलवीर चौधरी समेत सभी जिलाध्यक्ष और हर मंडल से तीन पदाधिकारी ने इस कार्यशाला में भाग लिया।




पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत आयोजित कार्यशाला में उपस्थित उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री व प्रदेश भाजपा नेता।



पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत आयोजित कार्यशाला में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और लोग।

### उत्तराखंड के स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री ने दी योजना के लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी

**डॉ.** धन सिंह रावत ने योजना के लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि नरेंद्र मोदी ने आजादी के इतिहास में पहली बार विश्वकर्मा अर्थात लोहार, सुनार, कुम्हार, बढ़ई, राजमिस्त्री, बाल काटने वाले, टोकरी बनाने वाले आदि 18 प्रकार के कारीगरों को विकसित करने के लिए 13000 करोड़ रुपए की विश्वकर्मा योजना शुरू की। प्रदेशवासियों को इस योजना का लाभ उठाना चाहिए। डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन के मौके पर 17 सितंबर को पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत अगर कोई अपना व्यापार शुरू करना चाहे, तो उसे सरकार की इस योजना के तहत तीन लाख रुपए तक का लोन मिल सकता है। इस योजना के तहत बिना किसी गारंटी के लोन मिलेगा।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिंदल बोले-योजना के तहत बिना किसी गारंटी के मिलेगा लोन

डॉ. बिंदल ने कहा कि योजना के तहत बिना किसी गारंटी के लोन मिलेगा, लेकिन सरकार ने इसके लिए 18 ट्रेड्स से तय किए हैं, जिसे लाभार्थी जुड़ा होना चाहिए। ऐसे में आप योजना का फायदा उठाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि परंपरागत तौर पर चलने वाले कामों को विकसित करने का यह प्रयास सराहनीय है, जिसमें काम करने वाले व्यक्ति को ट्रेनिंग दी जाएगी, तीन लाख रुपए का लोन बिना गारंटी के केवल पांच प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाएगा। उत्पादों की बिक्री के लिए भी एक चेन विकसित की जाएगी। देश के विकास में इन गरीब कारीगरों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश ने कोने-कोने से लोगों को बुलाकर योजना की जानकारी दी।

## एचपीयू महिला हॉकी टीम 25 वर्ष बाद क्वार्टर फाइनल में

**ऊना।** पंजाब के पटियाला में चल रही इंटर यूनिवर्सिटी महिला हॉकी टूर्नामेंट में हिमाचल प्रदेश विवि की टीम ने दिल्ली विवि टीम को 4-1 से हराकर लगातार तीसरी विजय हासिल की। इस ऐतिहासिक जीत के साथ एचपीयू की महिला हॉकी टीम ने 25 वर्षों के बाद क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। टूर्नामेंट में अब हिमाचल प्रदेश का क्वार्टर फाइनल मुकाबला गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी से होगा।

## हिमाचल ने पहली पारी में बनाए 237 रन

**अंडर-16 विजय मर्चेंट क्रिकेट ट्रॉफी**

**ऊना।** विजय मर्चेंट अंडर-16 क्रिकेट ट्रॉफी के तहत हिमाचल प्रदेश व असम के मुकाबले हिमाचल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 237 रन बनाए। इसमें दिव्यांश ठाकुर की शानदार बल्लेबाजी से टीम ने पहली पारी में मजबूत पकड़ बनाई। दिव्यांश 96 रनों के निजी स्कोर पर आऊट हुए। जपनीत ने 29, आदित्य ने 18, मंथन गुरुंग ने 14, अपराजित ने 19, नौनिहाल ने 17, संचित ने 19 रन बनाए। असम के गेंदबाज आदित्य बर्मन ने एक, पृथ्वीराज कश्यप ने चार, ए दास ने चार विकेट, राहुल तमोली ने एक विकेट प्राप्त किया।

## किशोरी के फेंके गए शव के मामले में खाकी के हाथ खाली

**सन्नी पुरी, गगरेट**

**उपमंडल** गगरेट की नंगल जरियालां पंचायत में हुए किशोरी के अपहरण के बाद उसके टीका हरवाल के समीप फेंके गए शव के मामले में 24 घंटे बाद भी खाकी के हाथ खाली हैं। हालांकि पुलिस के हाथ एक सीसीटीवी फुटेज लगी थी, जिसमें किशोरी जाती दिखाई दे रही और उसके ठीक पीछे एक मोटरसाइकिल भी जाता दिखाई दे रहा है, लेकिन वह मोटरसाइकिल सवार कौन था, इसका अभी पता नहीं चल पाया है। बहरहाल पुलिस ने मौत के कारणों को जानने के लिए मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज भेजा है, जहां मेडिकल बोर्ड के साथ फोरेंसिक विशेषज्ञों की मौजूदगी में किशोरी का पोस्टमार्टम होगा। उधर डीएसपी डॉ. वसुधा सूद का कहना है कि इस प्रकरण की गहनता से जांच जारी है। मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए टांडा मेडिकल कालेज भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के पुख्ता कारणों का खुलासा हो पाएगा। (अनंत ज्ञान)

## केंद्र की योजनाओं को बंद करने में लगी है राज्य सरकार : कंवर

### पूर्व विधायक बोले- मोदी सरकार के दस वर्ष ऐतिहासिक, नहीं आया भ्रष्टाचार एक भी मामला

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** विस क्षेत्र के रायपुर और दोबड पंचायत में भारत विकसित संकल्प यात्रा का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व में मंत्री व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने शिरकत की। कंवर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की हर गारंटी पक्की गारंटी है, लेकिन कांग्रेस सरकार की गारंटी की कोई गारंटी नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की जनता को जो भी गारंटी दी, उसे पूरा किया है। मोदी सरकार के दस वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है। कंवर ने कहा कि मोदी सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार, घोटाला नहीं हुआ है, जबकि पूर्व यूपीए सरकार के समय हर दिन मीडिया में करोड़ों के घोटाले व भ्रष्टाचार के समाचार पढ़ने और सुनने को मिलते थे। कंवर ने कहा कि हिमाचल की जनता का यह दुर्भाग्य है कि राज्य में एक ऐसी सरकार सत्ता पर काबिज हुई है, जो केंद्र की योजनाओं को बंद करने का काम कर रही है। कांग्रेस सरकार व उसके नेता केवल सत्ता सुख भोगने में लगी हुई है। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद, महामंत्री रमेश शर्मा, सुरेंद्र हटली, महेंद्र पाल डोगरा, जगदीश ठाकुर, प्रधान रीता देवी, उपप्रधान सतनारायण शर्मा, विष्णु दत्त शर्मा, प्रधान बबीता, नीरज परमार, पारुल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, जीएस भट्टी, अजय शर्मा, दौलत परमार के अलावा विभिन्न विभागों से प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## अंब के मनोनीत पार्षदों ने ली पद की शपथ

**अनंत ज्ञान, अंब**

**नगर** पंचायत अंब की ओर से वीरवार को मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। एसडीएम अंब विवेक महाजन ने नगर पंचायत के मनोनीत पार्षदों सतीश गोस्वामी, रितेश शर्मा और राजेश शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बचत भवन अंब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर नगर अंब पार्षदों के अलावा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष मास्टर प्रीतम सिंह जंवाल, अधिवक्ता विकास कश्यप, जिला परिषद सदस्य एवं बीडीसी अंब के पूर्व चेयरमैन सतीश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस ओबीसी कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य नरेश बरोटिया, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राघव ठाकर, चुरुडू के पूर्व प्रधान रघुदत्त, राजिंद्र कुमार, बीडीसी सदस्य एवं कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष डॉ. राजपाल शर्मा, डॉ. नरेश कुमार, नगर पंचायत अंब के सचिव रमन शर्मा व तीनों मनोनीत पार्षदों के स्वजन भी मौजूद रहे।



नगर पंचायत अंब में मनोनीत पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में विधायक बबलू।

## पर्यटकों की सुविधा को लगाया साइन बोर्ड

**बंगाणा।** स्थानीय मुख्य चौक पर आज साइन बोर्ड लगाया गया, जिसकी बड़े दिनों से मांग थी कि हमीरपुर या ऊना जाने के लिए गाड़ियों को मुख्य चौक पर गाड़ियां रोककर दुकानदारों से पूछना पड़ता था कि ऊना के लिए या हमीरपुर, ज्वाला जी, धनेटा, नादौन के लिए कौन सा रास्ता जाता है। राहगीरों को अक्सर रात में बहुत परेशानी होती थी, जिसके लिए संबंधित विभाग द्वारा बाहरी राज्यों से हिमाचल घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए यह सुविधा दी गई है। इसके लिए विभाग में रखे गए मल्टी टास्क वर्करों ने बंगाणा के मुख्य बाजार में एक साइन बोर्ड लगाया। बहुत दिनों से बंगाणा बाजार के दुकानदारों ने भी विभाग से साइन बोर्ड लगाने की मांग रखी थी, जिसके लिए दुकानदारों ने स्थानीय प्रशासन व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो का आभार प्रकट किया है।

## दिव्यांगों के लिए विशेष होम कार्यक्रम आयोजित

**मैहतपुर।** दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए सबको मिलकर प्रयास करने चाहिए। यह बात इन्नर व्हील क्लब क्लब की प्रधान सीमा वशिष्ट ने वीरवार को देहलां गांव में आश्रय संस्था द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष होम में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में दिव्यांग व विशेष बच्चों को उचित शिक्षण/प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें समाज में स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर इन्नर व्हील क्लब प्रधान सीमा वशिष्ट, सचिव रमा कंवर, पूर्व प्रधान किरण भयाना, पूर्व प्रधान सुषमा वशिष्ट, सुमन पुरी, प्रियंका, कैशियर रेखा, कमलेश वशिष्ट व आश्रय संस्थान की स्टाफ सदस्य व बच्चे उपस्थित थे।

## पीएम के 15 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

**ऊना।** अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने गुरुवार को प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिला में अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित 53 आंगनवाड़ी वर्करस तथा 46 आंगनवाडी सहायिकाएं बालक विकास परियोजना में सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि सितम्बर 23 तक 6 वर्ष आयु तक के 896 बच्चों को जिनमें 649 मुस्लिम, 247 सिख तथा 219 माताओं जिसमें 136 मुस्लिम व 86 सिखों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 210 बच्चे जिसमें 182 मुस्लिम तथा 28 सिक्ख पूर्व स्कूल शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि गरीबों के लिए स्वरोजगार तथा मजदूरी रोजगार के तहत नगर परिषद टाहलीवाल में 40 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है जिसमें 10 अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 14 स्वयं सहायता समूह गठित किए गए हैं।

## अक्षत कलश यात्रा का मुख्यालय पर स्वागत

**ऊना।** यहां मुख्यालय पर आज श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा में धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के अलावा हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। हाथों में धार्मिक झंडा लिए शोभा यात्रा में शामिल लोग प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाते रहे।




अक्षत कलश यात्रा निकालते विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारी

## रि इंप्लॉयमेंट का किया विरोध

**गगरेट।** राजस्व विभाग में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को रि इंप्लॉयमेंट देने के प्रदेश सरकार द्वारा लिए गए निर्णय का प्रदेश संयुक्त ग्रामीण राजस्व अधिकारी एवं कानूनगो संघ ने कड़ा विरोध किया है। संघ ने कहा आर्थिक तंगी में चल रही प्रदेश सरकार पर इस निर्णय से आर्थिक बोझ बढ़ेगा और इससे पदोन्नति के इंतजार कर रहे पटवारियों में घोर निराशा पैदा होगी। संघ ने प्रदेश सरकार से अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो पर यातायात बाधित करने पर कार्रवाई

**मैहतपुर।** मैहतपुर पुलिस ने देहलां गांव में गुरुद्वारे के पास सड़क के बीचोंबीच रेहड़ी-फड़ी लगाकर सामान बेचने पर दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी रेहड़ी-फड़ी संचालकों सत्य प्रकाश निवासी बसदेहड़ा व परवेश कुमार निवासी तुकोली जिला बाराबंकी, उत्तर प्रदेश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मैहतपुर पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान देहलां गांव में गुरुद्वारे के पास दो रेहड़ियां सड़क के बीच लगाकर सब्जी व अन्य सामान रखकर बिक्री किया जा रहा था। रेहड़ी-फड़ी सड़क के बीच होने से आम जनता को आने-जाने व यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी। पुलिस ने रेहड़ी संचालकों से आग्रह किया कि वे अपनी-अपनी रेहड़ियां सड़क से हटा लें। पुलिस की हिदायत को जब रेहड़ी संचालकों ने अनसुना किया, तो पुलिस ने दोनों रेहड़ी संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी रेहड़ी-फड़ी संचालकों सत्य प्रकाश व प्रवेश कुमार का यातायात में बाधा पहुंचाने पर चालान काटे।

### नियम तोड़ने पर 203 वाहनों के चालान

**ऊना।** जिला पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने पर 203 वाहनों के चालान किए हैं, जिसमें से चार वाहनों के चालानों का मौका पर ही निपटारा करके दो हजार रुपए जुर्माना वसूला है, जबकि अन्य 199 चालानों को कार्रवाई के लिए अदालत में भेज दिया है। वहीं सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर जिला पुलिस द्वारा धूम्रपान निषेध अधिनियम के अंतर्गत तीन व्यक्तियों का चालान करके तीन सौ रुपए जुर्माना वसूला है। पुलिस ने अवैध खनन करने पर एक टिप्पर व दो ट्रैक्टरों को भी जब्त किया है, जिनके चालान काटकर मौका पर जुर्माने के रूप में 35 हजार रुपए प्राप्त किए हैं। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि जिला पुलिस अवैध खनन व बिगड़ैल वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

### स्कूटी से गिराकर की मारपीट, मामला दर्ज

**ऊना।** मुख्यालय पर श्मशानघाट के पास वीरवार को स्कूटी चालक के साथ एक युवक ने मारपीट की है। पुलिस ने स्कूटी चालक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। सदर पुलिस को दी शिकायत में प्रदीप कुमार शर्मा निवासी डैहण बंगाणा ने बताया कि वह ऊना में टाटा मोटर्स कंपनी में कार्यरत है और वीरवार सुबह जब ड्यूटी के लिए जा रहा था, तो उसके सहपाठी रहे अभिजीत ठाकुर ने मुझे स्कूटी से नीचे खींचा और मुझ पर हमला कर दिया। अभिजीत ठाकुर मेरे साथ मारपीट करने के बाद मौका से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भदसाली में मारपीट, क्रॉस मामला दर्ज

**हरोली।** जिला के हरोली पुलिस थाने के तहत पड़ते भदसाली गांव में दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर क्रॉस केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार करनैल सिंह निवासी भदसाली अपनी गाड़ी में सवार होकर बैंक में ड्यूटी के लिए जा रहा था, तो भरथरी मोड़ भदसाली के पास बलबीर सिंह व उसके बेटे गुरप्रीत ने इसका रास्ता रोक कर मारपीट की। वहीं बलबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब वह अपने बेटे गुरप्रीत के साथ दुकान पर जा रहा था, तभी करनैल सिंह ने रास्ता रोक लिया और इनसे मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नंदपुर में कार की टक्कर से महिला घायल

**अंब।** अंब पुलिस थाने के तहत पड़ते नंदपुर स्थित अशोक लीलैंड एजेंसी के पास एक सड़क हादसे में कार की टक्कर से महिला घायल हो गई है, जिसे उपचार के लिए अंब के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हादसे के संबंध में मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बुधवार सायं नंदपुर स्थित अशोक लीलैंड एजेंसी के पास कार (पीबी 10 एचएस-5812) ने सिर पर घास उठाकर सड़क किनारे पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला रजनी वाला पत्नी संजीव कुमार निवासी नंदपुर घायल हो गई।

**हिदायत** — उपायुक्त ऊना राघव शर्मा ने सड़क सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग से की बैठक

# दुर्घटना स्थलों को चिन्हित कर सुधारने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**डीसी** राघव शर्मा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर एनएच पर दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर उन्हें सुधारने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त लिंक रोड जंक्शन पर स्पीड ब्रेकर स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि दुर्घटनाओं में कमी हो सके और यातायात सरल बन सके। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग को सड़क सुरक्षा रोड मैप को लागू करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त बैठक में सुरक्षित स्कूल वाहनों की समीक्षा करते हुए कहा कि बसें सुरक्षित स्कूल वाहन नियमों के लिए निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि स्कूल बसों के दस्तावेजों की नियमित तौर पर जांच करें। यदि निर्धारित नियमों के खिलाफ बसें संचालित की जा रही हैं, तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। जिला में 30 ऐसे स्कूल चिन्हित किए गए हैं, जो कि सड़क मार्ग के साथ सटे हैं, जहां पर स्कूली स्टूडेंट्स सड़क पार करते समय दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि चिन्हित स्कूलों के समीप स्पीड ब्रेकर और साइन बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार, एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, एसई पीडब्ल्यूडी जीएस राणा, सीएमओ डॉ संजीव वर्मा, आरटीओ अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते डीसी ऊना।

## एसजीपीसी चुनावों की वोटर लिस्ट तैयार करने के लिए बैठक आयोजित

**ऊना।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव के हेतु निर्वाचक नामावली तैयार करने बारे में डीसी राघव शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि एसजीपीसी चुनावों के दृष्टिगत 18 दिसंबर से 12 जनवरी, 2024 तक सिख मतदाताओं का पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 से 31 जनवरी, 2024 तक हस्तलिखित (मनुस्क्रिप्ट) नियमावली तैयार करके उसकी छपाई और रखरखाव का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, एसडीएम गगरेट शशि पाल शर्मा, एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, जिला पंचायत अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने ईवीएम व वीवीपैट प्रदर्शन केंद्र में मॉक पॉल कर दिया जागरूकता का संदेश

**ऊना।** राघव शर्मा ने लघु सचिवालय ऊना में स्थापित किए गए जागरूकता ईवीएम व वीवीपैट प्रदर्शन केंद्र में मॉक पॉल करके जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर ईवीएम व वीवीपैट का जागरूकता अभियान गांव स्तर तक चलाया जा रहा है। इस मौके पर एएसपी संजीव भाटिया ने भी मॉक पोल करके जागरूकता संदेश दिया।

## हर हाथ अनंत ज्ञान

हमीरपुर जिले के अलग-अलग स्थानों पर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते लोग



# दिवाली के बाद लोगों को नहीं मिला चीनी का कोटा

## डिपुओं को डबल कोटे के साथ चीनी देने के दिए निर्देश

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

सिविल सप्लाई हमीरपुर के गोदामों में चीनी की सप्लाई पहुंच गई है। गोदामों को डिपुओं में चीनी का डबल कोटा देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा अगर कोई डिपो दिवाली कोटे से भी वंचित रह गया है तो उन्हें भी चीनी का कोटा मुहैया करवाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि राशनकार्ड धारकों को दिसंबर माह में चीनी का पूरा कोटा मिल सके।

हमीरपुर व ऊना जिले के करीब 608 डिपुओं को दिसंबर माह में 13 हजार 847 क्विंटल चीनी मुहैया करवाई जा रही है, ताकि राशनकार्ड धारकों को चीनी का नवंबर व दिसंबर माह का चीनी का कोटा एक साथ दिया जा सके। इसके अलावा अगर कोई डिपो अक्तूबर माह में चीनी के दिवाली कोटे से भी वंचित रह गया है, तो उस डिपो को दिवाली का कोटा भी डबल कोटे के साथ देने के निर्देश गोदामों को जारी कर दिए गए हैं, ताकि डिपुओं में पेंडिंग पड़ा चीनी का कोटा राशनकार्ड धारकों को मुहैया करवाया जा सके। सिविल सप्लाई की मानें तो हमीरपुर व ऊना के गोदामों में चीनी पहुंच गई है। पोस मशीनों में भी चीनी के डबल कोटे का प्रावधान शिमला निदेशालय ने कर दिया है। ऐसे में सभी गोदाम इंचार्ज डिपुओं को चीनी का डबल कोटा देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि प्रदेश सरकार ने चीनी के दामों में तीन रुपए की जरूर बढ़ोतरी कर दी है। डिपुओं में राशनकार्ड धारकों को इस बार पूरा राशन मिलेगा। (अनंत ज्ञान)



> **हमीरपुर** व ऊना जिला के सीविल सप्लाई के गोदामों में इस बार 13,847 क्विंटल चीनी मुहैया करवाई जाएगी क्योंकि डिपुओं को दो माह का कोटा उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अलावा जो डिपो दिवाली कोटे से भी वंचित रह गए थे, उन्हें भी दिवाली का कोटा मुहैया करवाया जा रहा है। इसके अलावा जिला के गोदामों में जनवरी महीने का चीनी का कोटा एडवांस पहुंच गया है। अब डिपो धारकों को चीनी के कोटे से वंचित नहीं रहना पड़ेगा।
> **-संजीव वर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक, सीविल सप्लाई कारपोरेशन हमीरपुर।**

# विज्ञान मॉडल में आदित्य प्रथम कोमल और संतोष द्वितीय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत राजकीय उत्कृष्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल टौणी देवी के कलाम विज्ञान क्लब, रामानुजम गणित क्लब एवं समाज विज्ञान के छठी से आठवीं कक्षा के स्टूडेंटस ने स्कूल परिसर में प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी में भारत दर्शन, विविधता में एकता, स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी, ड्रोन, सिंचाई, सौर मंडल, जल निकासी पेटर्न, पवन चक्की, खेत के लिए अलार्म और बिजली पैदा करने के साधन जैसे विभिन्न विषयों पर कई मॉडल प्रस्तुत किए एवं चार्ट प्रदर्शित किए। कुल-मिलाकर 60 चार्ट युक्त वर्किंग मॉडल तैयार किए गए। गणित प्रदर्शनी एक्टिविटी कॉर्नर के साथ पूरे जोश और उत्साह के साथ आयोजित की गई। प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए स्टूडेंटस ने कड़ी मेहनत की। प्रदर्शनी का शुभारंभ सेवानिवृत्त प्रिंसिपल विजय गौतम ने किया। उन्होंने सभी अध्यापकों के साथ, स्टूडेंट्स द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडलों को देखा और स्टूडेंट्स द्वारा दिए गए विवरणों का आंकलन किया।



प्रदर्शनी में बच्चों के मॉडल देखते हुए प्रिंसिपल विजय गौतम व अन्य।

प्रिंसिपल रजनीश रांगड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि विज्ञान मॉडल में आदित्य प्रथम, कोमल व संतोष द्वितीय, नवीन व यश्रव तृतीय, समाज में भावना प्रथम, याश्मीन व आदित्य द्वितीय, गणित में अंजलि प्रथम, दिव्यांश, गौरव व शिवानी द्वितीय, जतिन, अंश, मन्नत, भावना व जिया तृतीय रहे। एक्टिविटी कॉर्नर में विज्ञान में अंजलि प्रथम, दीक्षा व प्रिया द्वितीय, भूमिका व कनिका तृतीय, समाज में अंश, प्रियांशु व रुचि प्रथम, चेतना, याश्मीन, कनिका द्वितीय स्थान पर रहे।

# रैल स्कूल की देवांशी की सर्वे प्रोजेक्ट रिपोर्ट नेशनल के लिए हुई सिलेक्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैल की जमा एक कक्षा की स्टूडेंट देवांशी की प्रोजेक्ट सर्वे रिपोर्ट राज्य स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन में नेशनल के लिए सिलेक्ट हुई है।



रैल स्कूल की देवांशी मीना शर्मा व राजेश गौतम के साथ।

देवांशी का प्रोजेक्ट राज्य स्तर पर दूसरे स्थान पर रहा है। देवांशी ने अपने प्रोजेक्ट के जरिए दर्शाया है कि कैसे हम अलग-अलग पेड़ों से बनी पतलें हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं। इनमें केले, पलारा, पीपल, कटहल और टौर के पत्तों पर जब हम खाना खाते हैं, तो खाने का स्वाद और पौष्टिकता दोनों बढ़ जाते हैं। यही नहीं केले के पत्ते पर भोजन करना चांदी के बर्तनों में खाना खाने के समान है। इससे दिमाग तेज रहता है और शरीर का तापमान सामान्य रहता है, जबकि पलारा के पत्तों पर खाना खाने से सोने के बर्तन में खाना खाने के बराबर है। इससे वात, काफ और पित कंट्रोल में रहते हैं। इम्यूनिटी बढ़ती है और अल्माइजर की बीमारी में राहत मिलती है। जबकि पीपल के पत्तों पर खाना खाने से मलेरिया, खांसी, अस्थमा, सिरदर्द, और सर्दी में राहत मिलती है। टौर परिवार के कारण इसमें कई औषधीय तत्व पाए जाते हैं, जो भूख बढ़ाने में सहायता करते हैं।

# ट्रेड यूनियनें 23 को सरकार के खिलाफ करेंगी प्रदर्शन

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में निर्माण के क्षेत्र में सभी कार्यरत सभी ट्रेड यूनियनें 23 दिसंबर को प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा श्रमिक कल्याण बोर्ड के लाभ बंद करने की विरोध में आंदोलन करेंगी। जानकारी देते हुए हिमाचल भवन एवं सड़क निर्माण मजदूर यूनियन के अध्यक्ष जोगिंदर कुमार ने बताया कि इस संदर्भ में 23 दिसंबर को सभी ट्रेड यूनियनों द्वारा संयुक्त रूप से जिला स्तर पर डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। काबिले गौर है कि 10 दिसंबर 2022 को हिमाचल प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू बतौर मुख्यमंत्री शपथ लेते हैं और 12 दिसंबर को पहला कार्य हिमाचल प्रदेश के चार लाख से ज्यादा श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण मजदूरों के लाभ बंद करने का फरमान जारी करना का करते हैं। सुक्खू सरकार वायदा करके आई थी कि वह जनता को राहत देगी, 300 यूनिट बिजली फ्री देंगे, लाखों युवाओं को रोजगार दिए जाएंगे, महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए मासिक दिए जाएंगे, परंतु सरकार ने देना तो दूर की बात जो सुविधाएं और लाभ हिमाचल प्रदेश के निर्माण मजदूर को पहले से ही श्रमिक कल्याण बोर्ड के माध्यम से मिलते रहे हैं। उन लाभों को भी सुक्खू सरकार ने बंद कर दिया है। अब सभी ट्रेड यूनियनें जिसमें सीटू, इंटक, भारतीय मजदूर संघ और एटक से संबंधित निर्माण मजदूरों में कार्यरत यूनियनें संयुक्त तौर पर इकट्ठा होकर आंदोलन छेड़ेंगी।

# नादौन में पंचायत घरों के निर्माण के लिए 3.83 करोड़ स्वीकृत

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

विकास खंड नादौन की 11 पंचायतों के लिए नए पंचायत घरों के निर्माण के लिए तीन करोड़ 83 लाख की बजट राशि ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा स्वीकृत की गई है। खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने बताया कि इसके तहत नादौन की पंचायत धनेटा, पुतड़ियाल, कलूर, जीहण, वर्धियाड़, उटप, कंडरोला पलासी, नौहंगी, मनसाई, गवालपत्थर के लिए प्रत्येक पंचायत को 35 लाख एवं झलाण पंचायत को 33 लाख की बजट राशि स्वीकृत की गई हैं। अधिकारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त नादौन की चार पंचायतों धनेटा, कलूर, जीहण, एवं पुतड़ियाल के लिए नए पंचायत भवनों के निर्माण के लिए एक करोड़ 14 लाख की बजट राशि प्रत्येक पंचायत घर के निर्माण के लिए स्वीकृत की गई हैं। अधिकारी ने यह भी बताया कि पंचायतीराज विभाग द्वारा प्रदेश की रोल मॉडल के आधार पर बनाए जाने वाले कुल 71 पंचायतों को चयनित किया गया हैं। (अनंत ज्ञान)



निशांत शर्मा।

### क्या हैं चयनित 71 पंचायतों का रोल मॉडल

**प्रदेश** के ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा प्रदेश में कुल 71 पंचायतों को रोल मॉडल के रूप में चुना गया है। इन पंचायतों में पंचायत घरों का निर्माण ग्रामीण मिनी सचिवालय के रूप में किया जाएगा, जिनमें पंचायत वासी अपने समस्त कार्य एक ही छत के नीचे करवा सकेंगे और इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह विधानसभा क्षेत्र की चार पंचायतों को चयनित किया गया है, जिनके पंचायत भवनों का निर्माण ग्रामीण मिनी सचिवालय के रूप में किया जाएगा। जिसमें एक पंचायत भवन के निर्माण पर एक करोड़ 14 लाख की बजट राशि खर्च करने का प्रावधान हैं।

# एसोसिएट प्रोफेसर को मिला हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद से प्रोजेक्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद (हिम कोस्टे) द्वारा करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के भौतिकी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इंदु शर्मा को एक प्रोजेक्ट की मंजूरी मिली है। हिम कोस्टे द्वारा जारी की गई मेरिट लिस्ट में 10 प्रोजेक्ट आए हैं। जिनमें से नौ प्रोजेक्ट सरकारी संस्थानों एनआईटी हमीरपुर, आईआईटी मंडी, सीएसआईआर आईएआरआई कुल्लू, नौणी यूनिवर्सिटी सोलन, कृषि यूनिवर्सिटी पालमपुर, हिमाचल यूनिवर्सिटी शिमला आदि हैं। निजी यूनिवर्सिटियों में करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी एकमात्र यूनिवर्सिटी है, जिसका नाम हिमकोस्टे द्वारा जारी की गई मेरिट लिस्ट में आया है और फंडिग के साथ प्रोजेक्ट की मंजूरी मिली है।



प्रोफेसर डॉ. इंदू शर्मा

डॉ. इंदु द्वारा हिमाचल प्रदेश में पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिए जल बजट और उपयुक्त प्रौद्योगिकियों पर प्रस्तुत प्रोजेक्ट मेरिट लिस्ट में पहला था। इस प्रोजेक्ट के तहत डॉ. इंदु द्वारा पानी की प्रदूषिता को कम करने के लिए के नैनो पार्टीकल, नैना टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा। जिसमें पानी को प्रदूषित करने वाले हैवी मेटल आइनस जो कि कैंसर जैसी बीमारियों को बढ़ावा दे रहे हैं उनको भी खत्म किया जाएगा।

# खेल को खेल की भावना से खेलने वाला ही बनता है महान खिलाड़ी

**सुजानपुर।** क्रिकेट ट्रॉफी टूर्नामेंट का आयोजन पवन स्पोर्ट्स क्लब द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में एक दर्जन से ज्यादा टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी प्रकाश संडयाल ने किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलने वाला ही महान खिलाड़ी बनता है। जब भी मौका मिले इस तरह की खेलों में अवश्य भाग लें। उन्होंने इस अवसर पर खिलाड़ियों से आह्वान किया कि 'नशा त्यागो खेल अपनाओ' इस अभियान को आगे बढ़ाओ, इसलिए जब भी कोई टूर्नामेंट कहीं भी आयोजित होता है उसमें खिलाड़ी बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने आयोजकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह लगातार इस तरह की खेल प्रतियोगिता का आयोजन करते रहते रहें। इससे पहले यहां पहुंचे मुख्यातिथि का आयोजन टीम प्रबंधक पवन स्पोर्ट्स क्लब द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया।

# क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के लिए हमीरपुर की टीम घोषित

**हमीरपुर।** नाहन में 24 दिसंबर को होने वाले प्रदेश स्तरीय क्रॉस कंट्री के लिए हमीरपुर की कमान प्रदेश की चैंपियन खिलाड़ी शिवाली को दी गई है। हमीरपुर एथलेटिक एसोसिएशन के महासचिव संदीप डढवाल ने बताया कि पुरुष वर्ग में रोहित, रजत और अभय शर्मा, महिला वर्ग में शिवाली और रिचा शर्मा अंडर-20, लड़कों के वर्ग में आदित्य ठाकुर, विशाल और शुभम, अंडर -20, लड़कियों के वर्ग में राशि, श्वेता और अंकिता अंडर-18 लड़कियों के वर्ग में पलक ठाकुर, सुहानी और शगुन तथा अंडर-18, पुरुषों के वर्ग में आयान, अतुल शर्मा और आदित्य पठानिया का चयन किया गया है। टीम के कोच सूरज ठाकुर और मैनेजर संजीव कुमार होंगे।



क्रॉस कंट्री के लिए चुनी गई टीम।

# सामूहिक और सशक्त सामुदायिक नेतृत्व समय की मांग : डीपीओ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सशक्त महिला योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय जागरूकता शिविर में जनसमुदाय से संवाद करते हुए कहा कि सशक्त महिला योजना का उद्देश्य भी सामुदायिक एवं सामूहिक नेतृत्व के उक्त लक्ष्यों की पूर्ति करना तथा इस हेतु महिलाओं के निहितार्थ विभिन्न विभागीय योजनाओं को एक मंच पर लाकर उनके सामूहिक एवं सामुदायिक विकास की आधारशिला रखना है।

उन्होंने कहा कि आज के दिन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के उन्मूलन दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर सीडीपीओ सुजानपुर कुलदीप चौहान ने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित महिला हितैषी एवं विकासात्मक योजनाओं की जानकारी महिलाओं को देते हुए उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास दुनिया का सर्वाधिक युवा और प्रतिभावान मानव संसाधन उपलब्ध है। थाना प्रभारी सुजानपुर ललित महंत ने महिलाओं की हिफाजत एवं सुरक्षा को समाज एवं सरकार का साझा दायित्व बताते हुए महिलाओं से सोशल मीडिया का प्रयोग करते हुए कुछ आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है, ताकि बढ़ते साइबर अपराधों से बचा जा सके।

**आवेदन** फॉरेस्ट विभाग 16 वन बीट के लिए 150 बेरोजगार युवाओं ने जमा करवाए दस्तावेज

# वन मित्र भर्ती में लड़कियां भी लड़कों से पीछे नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला में फॉरेस्ट विभाग हमीरपुर की पांच रेंजों के 70 वन बीटों में एक-एक पद वन मित्र का भरा जाना है। इसके लिए बेरोजगार युवा वन रेंज कार्यालयों में आवेदन फार्म जमा करवाने में लगे हुए हैं, ताकि उन्हें भी वन मित्र के तौर पर रोजगार मिल सके।

फॉरेस्ट विभाग के वन रेंज कार्यालय हमीरपुर में 16 वन बीट के लिए 150 आवेदन बेरोजगार युवाओं द्वारा जमा करवाए गए हैं। वन मित्र भर्ती में आवेदन करने में लड़कियां भी लड़कों से पीछे नहीं हैं। वन रेंज कार्यालयों में युवाओं द्वारा आवेदन जमा करने के लिए लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं। 18 से 25 वर्ष आयु के बाहरवीं पास युवा वन मित्र भर्ती के लिए 30 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।



फॉरेस्ट विभाग में आवेदन जमा करवाते युवक-युवतियां।

ऐसे में आवेदन करने वाले युवाओं का आंकड़ा अभी और बढ़ने की उम्मीद है। युवाओं को आवेदन पत्र के साथ आयु प्रमाण पत्र, 12वीं कक्षा का प्रमाण पत्र और स्थायी पते के प्रमाण की सेल्फ अटेस्टड फोटो प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है। इसके अलावा यदि उम्मीदवार एससी, एसटी, ओबीसी, आईआरडीपी, बीपीएल या ईडब्ल्यूएस वर्ग से है, तो उसका प्रमाण पत्र, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स एंड गाइड्स का प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता का प्रमाण पत्र, एकल नारी प्रमाण पत्र, इकलौती बेटी का प्रमाण पत्र और अनाथ होने का प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों की प्रतियां भी संलग्न कर सकते हैं। यह आवेदन पत्र संबंधित वन रेंज अधिकारी कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### अजय राणा गणित ओलंपियाड में सेकेंड

**सुजानपुर।** राष्ट्रीय उत्कृट महाविद्यालय सुजानपुर के विज्ञान संकाय के गणित विभाग के द्वितीय वर्ष के स्टूडेंट अजय राणा ने राजकीय महाविद्यालय नादौन में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में गणित ओलंपियाड में द्वितीय स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य अजायब सिंह बनियाल, गणित विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर दिव्या शर्मा एवं डॉ. राजीव भंडारी तथा समस्त महाविद्यालय स्टाफ ने शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी स्टूडेंट्स को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।



प्रिंसिपल के साथ अजय राणा व अन्य।

### 23 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस 23 दिसंबर को सुबह 11 बजे हमीर भवन में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन के महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने बताया कि इसमें जिला के प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, उपभोक्ता संरक्षण संगठन के सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य इसमें भाग लेंगे। उन्होंने शहरवासियों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### मालंग व सनाही में जांचा 94 लोगों का स्वास्थ्य

**हमीरपुर।** केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर के मार्ग-दर्शन में प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की नादौन टीम (पूजा, महिंदर, मंजीत) ने डॉ. सविता के नेतृत्व मे ग्राम पंचायत मालंग (कांगू) व सनाही, नादौन विधानसभा क्षेत्र में जनता के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के दौरान टीम ने स्थानीय जनता के स्वास्थ्य की सामान्य जांचकी। इस शिविर में 94 लोगों के स्वास्थ्य की जांच व 25 लोगों की रक्त जांच की गई। इस शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया।

### बड़ा स्कूल में स्टूडेंट्स को दिए टिप्स

**नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ा में 'वो दिन' योजना के तहत 'मासिक धर्म प्रबंधन एवं व्यक्तिगत स्वच्छता' विषय पर एक जागरूकता शिविर का आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स को 'वो दिन' योजना की जानकारी देते बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गर्ग ने बताया कि किशोरियों तथा महिलाओं में मासिक धर्म एक प्राकृतिक एवं स्वभाविक प्रकिया है। जिससे वे भविष्य में एक सशक्त एवं स्वस्थ मातृत्व प्राप्त कर सकती हैं। इस शिविर के दौरान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश भाटिया ने स्टूडेंट्स को अनीमिया के लक्षणों, कारणों एवं उपचार तथा पोषण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। हेल्थ काउंसलर इंदिरा चौहान ने भी गर्ल्स स्टूडेंट्स को मासिक धर्म प्रबंधन व स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। उन्होंने स्टूडेंट्स को मासिक धर्म के दौरान कुछ सावधानियां बरतने तथा खान-पान का विशेष ध्यान रखने की सलाह भी दी।

### बजट राशि खर्च करें नहीं तो होगी कार्रवाई : बीडीओ

**बड़ा।** खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा द्वारा कार्यालय से जारी आदेश के माध्यम से नादौन की समस्त पंचायतों को आदेश दिए गए हैं कि वे अपनी पंचायतों के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत बजट राशि को 31 जनवरी 2024 तक व्यय सुनिश्चित करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि गत दिवस हुई नादौन की ग्राम पंचायतों के विकासात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान यह मामला उनके ध्यान में आया कि विकास खंड नादौन की अधिकतर ग्राम पंचायतों में 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के माध्यम से जो राशि पंचायतों में विकास करवाने के लिए स्वीकृत हुई है, वह राशि लंबित पड़ी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### किंडरगार्टन के बच्चों को समझाया रिश्तों का महत्व

**हमीरपुर।** ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पपेट शो के द्वारा बच्चों को परिवार के सदस्यों की जानकारी दी गई। बच्चों ने पपेट देखकर इस गतिविधि का आनंद लिया। शिक्षा में सीखने के लिए पपेट शो एक शक्तिशाली उपकरण है। शिक्षिका द्वारा बच्चों को परिवार के सदस्यों के बारे में बताया गया कि घर में दादा-दादी, पापा-मम्मी, भाई-बहन व चाचा- चाची आदि किसे कहते हैं। इस तरह के शो से बच्चों को रिश्ते और उनके महत्व के बारे में बताया गया। मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों ने ज्ञान भी प्राप्त किया। आज के इस युग में रिश्तों का महत्व खत्म-सा होता जा रहा है। इसलिए अगर शुरू से ही हम बच्चों में इन रिश्तों की नींव को पक्का करेंगे तो यह कभी भी खत्म नहीं होंगे बल्कि और मजबूत होंगे।

### सौटा में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के गोसेवा सदन सोसायटी सौटा की ओर से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 22 से 28 दिसंबर तक किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक पं. मुकेश शर्मा सौटा वाले लोगों पर अमृत वचनों की वर्षा करेंगे। श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 12.15 से 3.15 बजे तक होगी व 28 दिसंबर कथा विश्राम व पूर्ण आहुति सुबह सवा 12 बजे होगी व विशाल भंडारा दोपहर एक बजे से होगा। जिसमें समस्त इलाकावासियों को सादर आमंत्रित किया गया है।

### मुंडखर स्कूल में गेस्ट लेक्चर का आयोजन

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत गठित मैथेमेटिक व साइंस क्लब ने गेस्ट लेक्चर कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें डिग्री कॉलेज भोरंज के सहायक प्रो. प्रिंस ठाकुर ने स्टूडेंट्स का नए इनोवेशन पर मार्ग-दर्शन किया। प्रिंसिपल ओंकार ने स्कूल में आने पर प्रो. प्रिंस ठाकुर का स्वागत किया। इस मौके पर कुलदीप सिंह, मुकेश, आज्ञा राम, चंद्र शेखर, सुनिल कुमार, पूजा चड्डा, राकेश कुमार इत्यदि ने विशेष योगदान दिया।

### 23 को बंद रहेगी बिजली

**हमीरपुर।** 33 केवी नादौन-रंगस लाइन में नया कंडक्टर डालने के लिए 11 केवी नोहंगी फीडर के तहत आने वाले कई इलाकों में 23 दिसंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत सब-स्टेशन रंगस के एसडीओ संजीव संगल ने बताया कि इस दिन नौहंगी, रोहाल, चोबू, नरयाह, कथलानी, कहरेन, दंगड़ी, चिलवाहल, छिंदवाड़ा, भलूं, बरोटी, कछोटी, लोहारकड़, तरकेड़ी आदि गांव में बिजली आपूर्ति सुबह नौ से शाम पांच बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### सीएमओ ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**हमीरपुर।** पक्काभरो क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल छल ऊपरला व आंगनबाड़ी केंद्र मट्टनसिद्ध में जिला स्वास्थ्य विभाग ने औचक निरीक्षण किया। बच्चों को बोल सोचते हैं योजना के तहत जो स्वास्थ जांच की जाती है। उसके बाद बीमारी होने पर उन्हें बड़े अस्पतालों में भेजा जाता है, ताकि वह निशुल्क उपचार करवा सके इसको लेकर टीचर्स को अवगत करवाया गया और कहा गया कि जो भी बच्चे सोते जांच में बीमारी से ग्रसित पाए जाते हैं उन्हें जल्द से जल्द अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करें, ताकि उनका समय पर उपचार हो सके। सीएमओ डॉक्टर आरके अग्निहोत्री का कहना है कि उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र और प्राइमरी स्कूल का दौरा किया है वहां फूड चेकिंग की गई है जो नॉर्मल पाई गई।



बच्चों की क्लास में निरीक्षण करते सीएमओ।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची भोरंज

**भरेड़ी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत धमरोल और वडैहर पहुंच गई है। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में दोनों विधायक डॉ. अनिल धीमान, कमलेश कुमारी भोरंज भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर और अन्य सदस्य मौजूद रहे। स्थानीय जनता और दोनों पूर्व विधायकों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को विधिवत तरीके से बताया कि किस तरह सरकार की यह योजनाएं आम जनमानस के लिए लाभकारी हैं। ऐसा कोई भी लाभार्थी या परिवार इन योजनाओं से वंचित न रहे इसके लिए विभाग द्वारा सभी लोगों को घर द्वार जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। और मौके पर ही उनके फार्म भरे।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


घुमारवीं थाना प्रभारी विपिन चौधरी अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए, साथ में हैं स्टाफ रिपोर्टर नीरज शर्मा।


बिलासपुर में सुबह के समय अपने घर पर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए पाठक।


झंडूता में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ता पाठक।


झंडूता में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ता पाठक।


झंडूता में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ता पाठक।


बिलासपुर शहर में सुबह सवेरे अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए वरिष्ठ नागरिक।



बिलासपुर शहर में छोटे बच्चे दैनिक अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

# सावधान! अवहेलना पर कटेगा ऑनलाइन चालान

## कैंची मोड़, मंडी भराड़ी, ओहर व टनल नंबर चार पर लगे आईटीएमएस कैमरे, 60 छोटे कैमरे भी स्थापित

**शुभम राही, बिलासपुर**






बिलासपुर जिले के फोरलेन एरिया का है 44 किलोमीटर का रास्ता, अब कैमरे लगने से रहेगा हर गतिविधि पर पुलिस का पहरा।

पुलिस प्रशासन बिलासपुर ने किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर पूरी नजर रखने के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसी कड़ी में पुलिस प्रशासन बिलासपुर की ओर से फोरलेन के कैंची मोड़, मंडी भराड़ी पुल, ओहर व टनल नंबर चार पर आईटीएमएस कैमरे स्थापित कर दिए हैं। इन कैमरों की मदद से पुलिस नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। खास बात यह रहेगी कि इन कैमरों से ऑनलाइन चालान काटे जाएंगे। अगर कोई वाहन चालक 60 से अधिक स्पीड, बिना सीट बेल्ट, बिना हेल्मेट से दोपहिया वाहन चलाता है, तो मौके पर ही उनके ऑनलाइन चालान कट जाएगा।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर जिला में फोरलेन का एरिया 44 किलोमीटर लंबा है। इसमें चार टनल हैं और दो मेजर पुलों के अलावा अन्य छोटे ब्रिज भी शामिल हैं। बलोह नामक स्थान पर टोल प्लाजा स्थापित किया गया है। इसी के साथ गरामोड़ा से लेकर मंडी के भवाणा तक सात वीडियो सर्विलांस कैमरे लगाए गए हैं, जबकि दुर्घटनाओं की डिटेक्शन के लिए दो बड़े कैमरे लगाए हैं।

इसके साथ ही 60 छोटे सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं तथा पांच आईटीएमएस स्थापित हो गए हैं। इन हाइटेक कैमरों के माध्यम से फोरलेन पर होने वाली हर गतिविधि पर पुलिस की चौबीस घंटे पैनी नजर रहेगी। इसके अलावा फोरलेन पर एक बड़ी क्रेन जल्द ही उपलब्ध होगी, जो कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। एल्कोसेंसर, स्पीडगन की उपलब्धता के साथ ही चिन्हित किए गए स्थानों पर बैरिगेडट्स लगाए जाएंगे।

फोरलेन पर सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं, आपको बता दें कि बिलासपुर, मंडी और कुल्लू इन तीन जिलों में एक-एक पुलिस थाना स्थापित किया जा रहा है। इस थाने में थाना इंचार्ज समेत 32 पुलिस कर्मियों का स्टाफ उपलब्ध होगा। फोरलेन पर सुरक्षा की दृष्टि से दो फोरव्हीलर और दो दोपहिया वाहन चौबीस घंटे तैनात रहेंगे। आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए स्पॉट पर पुलिस उपलब्ध होगी।

उधर, बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने कहा कि चार आईटीएमएस स्थापित कर दिए गए हैं। जल्द ही इन कैमरों की मदद से ऑनलाइन चालान कटना शुरू हो जाएगा। फोरलेन को सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन कार्यरत है। (अनंत ज्ञान)

### फोरलेन पर बढ़ा ट्रैफिक

किरतपुर-नेरचौक फोरलेन शुरू होने पर यहां पर ट्रैफिक अधिक बढ़ गया है। चंडीगढ़ के लिए जाने वाले लोग अब यह आसान रास्ता अपना रहे हैं। वहीं, अब नए साल को लेकर मनाली की ओर जा रहे टूरिस्ट इस फोरलेन का रास्ता अपना रहे हैं।

### पांच टोल प्लाजा

फोरलेन पर पांच टोल प्लाजा हैं। इसके तहत पहला पंजाब-हिमाचल की सीमा पर है, जो कि पंजाब राज्य में आता है जबकि दूसरा बिलासपुर जिला के बलोह में स्थित है, जबकि दो मंडी जिला में हैं। यह सभी टोल प्लाजा शुरू हो गए हैं। इसमें वाहन चालकों से शुल्क लिया जा रहा है।

## विकसित भारत बनाने के लिए भारत के प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण


बाड़ी-मझेड़वां में विकसित भारत यात्रा के दौरान पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग लोगों से मिलते हुए।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की बाड़ी-मझेड़वां पंचायत में विकसित भारत का संकल्प दिलाया। गर्ग ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक लक्ष्य हाथ में लिया है। इसमें भारत के प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले व्यक्तियों का जीवन स्तर ऊंचा होने से भारत सहज ही विकसित राष्ट्र बनेगा। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं को वंचित वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्ग को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए यह विकसित भारत संकल्प यात्रा सार्थक सिद्ध होगी। गरीब व्यक्ति का जीवन स्तर ऊंचा उठाकर भारत को विकसित बनाया जा सकता है। इसमें अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए।

## दिव्यांगों का कृत्रिम अंगों के लिए आकलन

**श्री नयना देवी जी।** श्री नयनादेवी जी नगर स्थित मातृ आंचल भवन में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण के लिए परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 31 दिव्यांगों का कृत्रिम अंगों के लिए आकलन किया गया। तहसील कल्याण अधिकारी कमल कांत ने लाभार्थियों को कृत्रिम अंग की रसीद वितरित की।

कृत्रिम अंग तैयार होने पर द्वितीय चरण में वितरित किए जाएंगे। विशेषज्ञों की टीम में पीएंडओ अधिकारी पुनीत धर, ऑडियोलॉजिस्ट मनोज कुमार, तकनीशियन गौरव कुमार, सुंदरम शामिल रहे। इस अवसर पर सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी अमित कुमार, नोडल अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र अरुण गौतम, रेडक्रॉस से अनीश ठाकुर, यशपाल उपस्थित रहे।

## मिनर्वा स्कूल के विद्यार्थियों ने पुलिस थाना घुमारवीं में जानी कानून व्यवस्था


मिनर्वा स्कूल घुमारवीं के 39 बच्चे घुमारवीं थाना की कार्यप्रणाली को जानने पहुंचे।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मिनर्वा स्कूल घुमारवीं के 39 बच्चों ने पुलिस थाना घुमारवीं का विजिट कर कानून व्यवस्था के बारे में जाना।

इस दौरान घुमारवीं के थाना प्रभारी विपीन चौधरी ने स्कूली बच्चों को थाने की व्यवस्थाएं, पुलिस की कार्यशैली, रिपोर्ट प्रक्रिया, मुकद्दमा, कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, हवालत और हेल्प डेस्क का भ्रमण करवाया, साथ ही विद्यार्थियों को थाने की हर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी, जिसको लेकर विद्यार्थियों में भी विजिट को लेकर उत्साह रहा।

विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि पुलिस थाना में हेल्प डेस्क की व्यवस्था है, जिसमें पुलिस आमजन की समस्याओं का समाधान करती है। इसके साथ ही थाना प्रभारी विपिन चौधरी ने सोशल मीडिया के जरिए होने वाले अपराधों से सजग रहने और यातायात नियमों का पालन करने को भी कहा गया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए ही काम करती है, इसलिए सभी का फर्ज है कि पुलिस का सहयोग कर समाज को सुरक्षित तथा भय मुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करें।

## न्यूज ब्रीफ

### सांसदों का निलंबन लोकतंत्र के लिए घातक

**बिलासपुर।** लोकसभा के चुनाव जैसे ही नजदीक आ रहे है, केंद्र सरकार का तानाशाही रवैया सामने आ रहा है। संसद में जिस तरह से बेरोजगार अंदर घुसे, वह केंद्र सरकार के लिए शर्मशार करने वाली घटना है। संसद में मुद्दे उठाने पर विपक्ष के सांसदों का निलंबन लोकतंत्र के घातक है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने उक्त बात कही।

### पर्यटन नीति में बदलाव की जरूरत : कटवाल

**झंडूता।** झंडूता विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र तीनों ओर से गोबिंद सागर झील से घिरा है। 98 किलोमीटर लंबी इस झील में कई तरह की गतिविधियां हो सकती हैं। हर क्षेत्र की खूबियों के आधार पर पर्यटन को बढ़ावा देने से जहां हिमाचल आर्थिक रूप से समृद्ध होगा, वहीं युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। विधायक ने कहा कि इसके लिए पर्यटन नीति में आवश्यक बदलाव किए जाने जरूरी हैं। सरकार को इस दिशा में कारगर कदम उठाने चाहिएं।

## एडीएम ने सिविल अस्पताल घुमारवीं का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**


घुमारवीं अस्पताल में निर्देश देते एडीएम।

उपमंडलीय अधिकारी गौरव चौधरी ने वीरवार को सिविल अस्पताल घुमारवीं का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने दंत चिकित्सालय का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने डेंटल चेयर पर लगी खराब लाइट को बदलने का निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया।

उन्होंने अस्पताल में चिकित्सकों को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। उन्होंने अस्पताल में जीवन रक्षक दवाइयां सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए। बता दें संसाधनों और व्यवस्थाओं के नाम पर अस्पताल में करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी यदि किसी मरीज को दांत में तकलीफ हो जाए तो उसका पूरा

### दांतों के रोगियों का सुविधाओं की कमी से नहीं हो रहा बढ़िया इलाज

इलाज नहीं हो पाता है। अस्पताल में एक नहीं दो-दो दंत चिकित्सक मौजूद हैं, लेकिन डॉक्टर होने के बाद भी मरीज को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

इसका कारण है संसाधनों का अभाव। दांत के मरीजों के इलाज के लिए सबसे जरूरी डेंटल चेयर खुद बीमार पड़ी हैं। डॉक्टरों को डेंटल चेयर पर रस्सी की सहायता से टॉर्च बांधकर मरीजों का इलाज करना पड़ रहा है।

## मेधावियों को वितरित किए टैबलेट


राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को टैबलेट देकर सम्मानित किया गया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सत्र 2021-22 के 27 मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किए गए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम में पूजा देवी, विदिशा, अंकिता, यशोदा देवी, अनुभव, वंदना कुमारी, गौरव ठाकुर, कमल प्रीत सिंह, सारिका शर्मा, शिवानी ठाकुर, शिल्पा देवी, अनिरुद्ध चौहान, सौरभ कुमार, सुनिधि ठाकुर, पूजा ठाकुर, शिवानी शर्मा, दीक्षा शर्मा, बबीता ठाकुर, अभय वर्मा, खुशी मिश्रा,

### बिलासपुर कॉलेज में आयोजित किया कार्यक्रम

निकिता शर्मा, नमन नड्डा, प्रतिभा सिंह, पूजा, ज्योति, प्रियंका कुमारी, रित्विक को टैबलेट वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि जब बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, तो हमारा सिर गर्व से उठ जाता है।

उन्होंने बताया कि बिना मेहनत और बिना संघर्ष के सफलता नहीं मिलती है। आज की युवा पीढ़ी को अपने बुजुर्गों के साथ बैठना चाहिए, ताकि उन्हें उनके जीवन से शिक्षा और अनुभव मिल सके। प्राचार्य प्रो. नीना वासुदेवा और पीटीए अध्यक्ष नईम मोहम्मद ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया। प्राचार्य ने बताया कि टैबलेट का वितरण प्रदेश की सरकार की ओर से मेधावी छात्रों को किया जा रहा है। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. कटवाल ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से महाविद्यालय को सम्मान मिला है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी विद्यार्थी बेहतरीन प्रदर्शन करते रहेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय का शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

## 26 दिसंबर को कैंपस इंटरव्यू का होगा आयोजन

**बिलासपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई बिलासपुर के परिसर में निजी कंपनी की ओर से कैंपस साक्षात्कार का 26 दिसंबर को आयोजन किया जा रहा है। साक्षात्कार सुबह नौ बजे शुरू होंगे। आईटीआई के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने बताया कि साक्षात्कार में भाग लेने के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं और आईटीआई पास होना चाहिए।

इसमें आईटीआई के सभी ट्रेडों के प्रशिक्षु भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 से 24 साल तक के बीच होनी चाहिए। साक्षात्कार में चयनित उम्मीदवार को मासिक मानदेय 10,600 रुपए दिया जाएगा। इसके अलावा उम्मीदवार को ओवर टाइम और कैंटीन सुविधा भी प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार कार्यालय दूरभाष नंबर 01978 224774 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पारंपरिक संस्कृति संवर्धन समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा


अध्यक्ष बिलासपुर कला मंच आबिद हुसैन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर एवं अध्यक्ष बिलासपुर कला मंच आबिद हुसैन सादिक की अध्यक्षता में वीरवार को बचत भवन में पारंपरिक संस्कृति संवर्धन समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग को बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक भवन परिसर में पेयजल की निर्वाध आपूर्ति हेतु बोरवेल बनाने और अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। सदस्य सचिव एवं जिला भाषा अधिकारी रेवती सैणी ने बताया कि बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक भवन के अंतरंग सभागार को सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रमों हेतु ही आरक्षित करने का प्रावधान है। समिति ने चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया कि समिति की आय बढ़ाने हेतु अन्य संस्थाओं को भी शुल्क के आधार पर परिसर आरक्षित किया जाए, क्योंकि परिसर की आय से ही कर्मचारियों का वेतन व अन्य प्रबंधन व्यवस्था की जानी है।

उन्होंने बताया कि बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक परिसर बिलासपुर को विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम के लिए आरक्षित करवाने हेतु आवेदनकर्ता जिला भाषा अधिकारी कार्यालय बिलासपुर में संपर्क कर सकते हैं।

## विचार-विमर्श

### शक्तिपीठ श्री नयना देवी में नववर्ष के मेले की तैयारियों को लेकर एडीसी ने ली बैठक

# मेले में ढोल-नगाड़ों और पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**


मेले की तैयारियों को लेकर बैठक में एडीसी अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में 30 दिसंबर से एक जनवरी 2024 तक आयोजित होने वाले नववर्ष मेला के प्रबंधों के लिए बैठक का आयोजन मातृ आंचल नयना देवी जी के सभागार में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर एवं मंदिर आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने की। उन्होंने मेले के दौरान कानून व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की है।

एसडीएम श्री नयना देवी धर्म पाल को मेला अधिकारी तथा डीएसपी नयना देवी विक्रांत बोंसरा को पुलिस मेला अधिकारी नियुक्त किया गया तथा मंदिर अधिकारी नयना देवी विपिन ठाकुर को सहायक मेला अधिकारी नियुक्त किया गया। उन्होंने कहा कि श्री नयना देवी जी के दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधाएं सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता इत्यादि उपलब्ध करवाने के लिए जिला प्रशासन व मंदिर न्यास भरपूर प्रयास करेगा।

उन्होंने कहा कि मेलों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पांच सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त आवश्यकता अनुसार पुलिस कर्मी व होमगॉर्ड के जवान भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे।

मेलों के दौरान ढोल-नगाड़ों तथा पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वाहनों को निश्चित किए हुए स्थानों पर पार्किंग करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को यातायात में असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद को निर्देश दिए की श्री नयना देवी की समस्त पार्किंगों में निर्धारित रेटों को डिसप्ले करवाना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी स्तर पर श्रद्धालुओं से अधिक वसूली न की जाए और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि मेलों के दौरान श्रद्धालुओं को समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए व्यापक प्रयास किए जाएंगे, स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि चिकित्सा सहायता कक्षों में आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां एवं ऑक्सीजन सिलेंडर रखना सुनिश्चित करने सहित एंबुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिया, ताकि किसी भी आपात स्थिति का सामना किया जा सके।

उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को जल भंडारण टैंकों की सफाई तथा मेले दौरान पानी की टेस्टिंग करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके। उन्होंने अग्निशमन विभाग को मेले दौरान फायर टेंडर तथा आवश्यक उपकरणों सहित मेले के दौरान सजग रहने के निर्देश दिए।

बिजली बोर्ड के अधिकारियों को बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने सहित बिजली की निर्वाध आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

# ठंड से बचने को बिलासपुर क्रिकेट संघ चलाएगा वॉर्म योर हैंड्स अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

केंद्रीय खेल मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के सामाजिक सरोकारों को अमलीजामा पहनाते हुए बिलासपुर क्रिकेट संघ की ओर से एक नई पहल की शुरुआत की जा रही है।

इसके तहत प्रयास जारी हैं तथा शीघ्र ही इसे अमलीजामा भी पहना दिया जाएगा। यह बात बीसीसीआई सीनियर टूर्नामेंट सेलेक्शन कमेटी सदस्य एवं बिलासपुर क्रिकेट संघ के सचिव विशाल जगोता ने कही।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण उत्तर भारत वर्तमान में भयंकर ठंड की चपेट में है, ऐसे में किसी को इस कड़ाके की ठंड में कोई अनमोल जान यूं ही न चली जाए, इसके लिए मजबूरीवश खुले आसमान के तले बसर करने वाले या अन्य जरूरतमंद लोगों की सुविधा के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था की जा रही है।

इस अभियान को वॉर्म योर हैंड्स का नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में यह आयोजन बिलासपुर बस स्टैंड के आसपास और जिला अस्पताल परिसर के नजदीक या भीतर किया जाएगा, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके और कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके।

### लोगों को ठंड से राहत देने का प्रयास : जगोता

विशाल जगोता ने बताया कि जिला मुख्यालय के अस्पताल में चौबीसों घंटे मरीज या आपातकाल के मामले चले रहते हैं, ऐसे में विशेषकर रात्रि पहर और सुबह के समय पड़ने वाले भयंकर ठंड से बचाव के लिए यह प्रयास सार्थक साबित होने की आशा है। उन्होंने कहा कि इन दिनों बिलासपुर कड़ाके की सर्दी के साथ, घनी धुंध और कोहरे की चपेट में है।

सुबह के समय पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है, जबकि दोपहिया वाहन चालक भी ठिठुरते हुए आवागमन करते हुए देखे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड के भीतर और बाहर कई यात्री अपनी बसों का इंतजार करते हैं, लेकिन इस ठंड में यह इंतजार और कष्ट दायक हो जाता है। लिहाजा निर्णय लिया गया है कि बस स्टैंड के सामने टैक्सी स्टैंड पर अंगीठा जलाया जाएगा, ताकि लोग सर्दी से कुछ राहत प्राप्त कर सकें। विशाल जगोता ने कहा कि यह अंगीठा हर शाम छह से सुबह 10 बजे तक चलेगा। लोग दिन में भी इसका आनंद उठा सकते हैं।

# एमसी की तानाशाही विरोधी नीतियों के खिलाफ गरजे सैहब कर्मी

## डीसी ऑफिस के बाहर किया प्रदर्शन, सैहब मजदूरों व सुपरवाइजरों का हो रहा आर्थिक व मानसिक शोषण, मांगों को लेकर हड़ताल की तैयारियां शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सैहब सोसायटी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले सैकड़ों सैहब व आउटसोर्स कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर व नगर निगम प्रशासन की तानाशाही व मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ निगम कार्यालय डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन किया। यूनियन ने आंदोलन तेज करने का आह्वान किया है।

यूनियन ने मांगों को लेकर हड़ताल की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, कोषाध्यक्ष बालक राम, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह व महासचिव ओमप्रकाश गर्ग ने कहा कि सैहब मजदूरों व सुपरवाइजरों का भारी आर्थिक व मानसिक शोषण हो रहा है। हर महीने एक दर्जन सुपरवाइजरों व सैकड़ों आउटसोर्स कर्मियों का वेतन रोका जा रहा है, जो कि वेतन भुगतान अधिनियम 1936 का उल्लंघन है। सुपरवाइजरों व गारबेज कलेक्टरों के हर महीने वेतन को रोकने के निगम आयुक्त के निर्णय को श्रम अधिकारी शिमला की ओर से गैर कानूनी घोषित किया जा चुका है,



शिमला में अपनी मांगों को लेकर नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते सैहब सोसायटी के कर्मचारी।

परंतु इसके बावजूद वह तानाशाही कर रहे हैं।

आयुक्त आए दिन सुपरवाइजरों को मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर रहे हैं, जो कि गैर कानूनी है। वह श्रम विभाग के आदेशों की खुली उल्लंघना कर रहे हैं, इसलिए श्रम अधिकारी को तुरंत आयुक्त पर कोड ऑफ सिविल प्रोसीजर 1908 के तहत कार्रवाई अमल में लानी चाहिए। निगम आयुक्त मजदूरों की ओर से दिए गए 32 सूत्री मांग पत्र के जरिए उठाई जा रही आवाज को दबाना चाहते हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व इसके खिलाफ सैहब कर्मी हड़ताल पर जाने का पूरा मन बना चुके हैं। प्रशासन की ओर से हर महीने सुपरवाइजरों व आउटसोर्स कर्मियों के वेतन को रोकने तथा सैहब कर्मियों के वेतन को सात तारीख के बाद देने की परंपरा कानून विरोधी है।

अगर यह परंपरा बंद न की गई, तो मजदूर हड़ताल पर उतर जाएंगे। उन्होंने मांग की है कि सैहब वर्कर्स को नियमित कर्मचारी घोषित किया जाए।

### कानूनी रूप से 39 छुट्टियां दी जाएं

उन्हें 15वें भारतीय श्रम सम्मेलन, सुप्रीम कोर्ट के सन् 1992 के आदेश, सातवें वेतन आयोग की जस्टिस माथुर की सिफारिशों व 26 अक्तूबर 2016 के माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार 26 हजार वेतन दिया जाए। उन्हें अतिरिक्त कार्य का अतिरिक्त वेतन दिया जाए। उन्हें कानूनी रूप से 39 छुट्टियां दी जाएं। सैहब में आउटसोर्स में कार्यरत कर्मियों को सैहब के अंतर्गत लाया जाए व उन्हें समय पर वेतन दिया जाए। सभी सैहब सुपरवाइजरों व मजदूरों को सरकार की ओर से घोषित वेतन दिया जाए। उनसे अतिरिक्त कार्य करवाना बंद किया जाए। उन्होंने मांग की है कि सैहब एजीएम की बैठक तुरंत बुलाई जाए व सैहब कर्मियों की मांगों को पूर्ण किया जाए। प्रदर्शन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, सीटू कोषाध्यक्ष बालक राम, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह, महासचिव ओमप्रकाश गर्ग, नरेश, पाला राम, सुनील, योगेश, भरत, पवन, नरेंद्र, अमित भाटिया, रूपा, पूनम, शारदा, देवी सिंह, सूरत राम, नरेंद्र, राकेश, राहुल, शिव राम, बूटा राम, विक्रम, ललित, दलविंद्र, मदन, इंद्र, प्रेम, राजीव आदि शामिल रहे।




शिमला में अपनी मांगों को लेकर नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते सैहब सोसायटी के कर्मचारी।

# बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य डॉ. अंजु बाला ने ली शिमला खंड की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य डॉ. अंजु बाला ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में अधिकारियों की मंडल स्तरीय बैठक ली।

इसमें उन्होंने अनुसूचित जाति समुदाय के कल्याण एवं उत्थान के लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। जो अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हैं और जिन्होंने इस बारे में आयोग से अनुमति भी नहीं ली है, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिला दंडाधिकारियों को ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए जो अपना काम ठीक से नहीं कर रहे हैं। आयोग के साथ जो गलत करेगा उसे माफ नहीं किया जाएगा। आयोग की तरफ नोटिस मिलने पर उसका जवाब समय पर देना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। बैठक में आयोग की डीआईजी व निदेशक (भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी) डॉ.



शिमला के बचत भवन में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य अंजू बाला समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए व बैठक में उपस्थित अधिकारी।

सन्मीत कौर, अनुसंधान अधिकारी अरुणाभा भट्टाचार्य तथा बीके भोला भी उनके साथ उपस्थित रहे। बैठक में शिमला खंड के जिला शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर में अनुसूचित वर्ग के कल्याण को लेकर किए जा रहे कार्यों तथा सरकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। विशेषकर शिक्षा तथा छात्रवृत्तियों, स्वास्थ्य क्षेत्र, बैंक से अनुदान व ऋण आधारित स्वरोजगार योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुद्रा योजना, मनरेगा इत्यादि योजनाओं की जिलेवार समीक्षा की गई। आज की समीक्षा बैठक का उद्देश्य भारत सरकार और प्रदेश सरकार की अनुसूचित वर्ग के लिए जो योजनाएं चल रही हैं उनका सही क्रियान्वन सुनिश्चित करना है। आयोग द्वारा यह सब कुछ देश को एक पंक्ति में लाने के लिए किया जा रहा है। उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा, उपायुक्त किन्नौर तोरुल एस रवीश, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बद्दी मोहित चावला आदि मौजूद रहे।

### जमीनी स्तर के समन्वित प्रयासों पर दिया बल

डॉ. अंजु बाला ने सभी से समानता के मूल्यों पर आधारित समरस समाज बनाने की सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। आयोग इसे लेकर एक मिशन की तरह कार्य कर रहा है। उन्होंने सरकारी योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास के कार्यों-गतिविधियों का ब्यौरा लिया। इस उद्देश्य से संचालित सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति को लेकर जिलेवार जानकारी ली।

### शिक्षा क्षेत्र पर दें ध्यान

डॉ. अंजु बाला ने कहा कि शिक्षा हर वर्ग, हर व्यक्ति के उत्थान और बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए शिक्षा क्षेत्र पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने इसे लेकर अधिकारियों से अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से समझने तथा दायित्वों का सही निर्वहन करने को कहा। उन्होंने मंडलायुक्त को अधिकारियों के बैठक कर इसे लेकर विस्तृत रिपोर्ट एक हफ्ते में आयोग को भेजने को कहा।

### 15 को प्रदेश दौरे पर आ सकता है आयोग

डॉ. अंजू बाला ने बताया कि 15 जनवरी 2024 को पूर्ण राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग प्रदेश के दौरे पर आ सकता है। इस दौरान आयोग प्रदेश के मुख्यसचिव और पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर प्रदेश में अनुसूचित जाति के कल्याण हेतु चल रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वन की समीक्षा करेगा।

### स्वास्थ्य में बेहतर कार्य के लिए की सराहना

डॉ. ने शिमला खंड में स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ देने में उल्लेखनीय कार्य के लिए अधिकारियों की सराहना की। युवाओं के पास हुनर है, जिसमें बैंक लोन के माध्यम से उनका सहयोग कर सकता है।


# स्मार्ट सिटी का कितना हुआ कार्य विधायक और मेयर ने मांगी रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नगर निगम के तहत समार्ट सीटी के तहत चल रहे कार्य को लेकर विधायक व मेयर हरकत में आ गए हैं। शहरी विधायक हरीश जनारथा और नगर निगम मेयर सुरेंद्र चौहान ने स्मार्ट सिटी से सभी कार्यों का ब्यौरा मांगा है। इस ब्यौरे के अनुसार जमीनी स्तर पर स्मार्ट सिटी का कितना कार्य हुआ है, इसकी जांच करने भी विधायक और मेयर फिल्ड पर उतरने वाले हैं। विधायक हरीश जनारथा का कहना है कि 2024 तक यह कार्य पूरा हो जाना चाहिए। यह कार्य पूर्व भाजपा सरकार ने शुरू किए थे और यह कार्य 2022 में पूरे हो जाने चाहिए थे, लेकिन भाजपा ने अपने चेहतों के फायदे के लिए इन कामों को बढ़ा दिया और अब यह कार्य जितना समय लेंगे इसका बजट भी उतना ही बढ़ रहा है। शहर में जो भी स्मार्ट सिटी के कार्य हो रहे हैं, उनका लगातार बजट बढ़ता जा रहा है, जो एक बड़ी परेशानी बना हुआ है। अब इन कार्य को जल्द पूरा

### सबसे पहले बंद किए कार्यों के पैसों के बारे में मांगी रिपोर्ट

करने का कार्य किया जाना है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को सख्त आदेश जारी किए हैं कि शहर में जो भी स्मार्ट सिटी के तहत कार्य हो रहे हैं और होने वाले हैं उनका ब्यौरा एकत्र करें और इसकी पूरी जानकारी विधायक और मेयर को दी जाए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि स्मार्ट सिटी के तहत होने वाले कार्य कब तक पूरे हो सकते हैं और अभी इसमें कितना खर्चा होने वाला है। स्मार्ट सिटी के तहत होने वाले कार्य काफी धीमी गती से चल रहे हैं। इसको लेकर प्रदेश सरकार भी काफी परेशान हो गई है। यहां तक की विधानसभा में ही इस मामले को लेकर शहरी विधायक प्रश्न करते आ रहे हैं, लेकिन विधानसभा में भी इसको लेकर कोई खास जबाव नहीं मिल रहा है। शहर में प्रदेश सरकार ने दो फुट ओवर ब्रिज का कार्य उस समय बंद कर दिया था जब इन ब्रिज का कार्य 75 प्रतिशत तक पूरा हो गया था और यहां पर जो भी स्टकचर खड़ा किया गया था, उसे भी तोड़ा गया है। ऐसे में ठेकेदारों ने इन्हें तोड़ कर निगम को बिना काम के करीब अढ़ाई करोड़ के बिल थमा दिए हैं और अपने काम के पैसे मांगे हैं। इस पर विधायक और मेयर ने फैसला लिया है कि इन ब्रिजों को बनाने में कितना पैसा आया है और कितना खर्च हुआ है। इसके अलावा जो बजट बचेगा उसे कहां इस्तेमाल में लाया जाना है इसको लेकर भी बैठक में चर्चा होनी है।



हम जल्द ही स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी कार्यों का ब्यौरा लेने वाले हैं। इस बैठक में बंद किए कार्यों का भी ब्यौरा मांगा गया है, जिसमें बजट के बारे में जानकारी मांगी गई है।

**-सुरेंद्र चौहान, मेयर एमसी शिमला।**

# जातर मेले में श्रद्धालुओं ने लिया आराध्य देव का आशीर्वाद

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

हिमाचल को देव भूमि कहा जाता है और हिमाचल के भोले-भाले पहाड़ी लोग देव आस्था को बखूबी निभाते हैं। हिमाचलियों की देव आस्था देश-प्रदेश में प्रसिद्ध है। हिमाचल में हर गांव में देवताओं के आगमन पर जातर का आयोजन करना देव आस्था का ही एक उदाहरण है।

देव आस्था के तहत तहसील सुन्नी के साथ लगते करसोग के दूर-दराज क्षेत्र मरोला में त्रैवार्षिक जातर मेले का आयोजन किया गया। मौका था देव बड़ेयोगी और मूल माहूंनाग के मरोला गांव में आगमन का। सदियों से चली आ रही त्रैवार्षिक देव जातर मेले का आयोजन किया जाता रहा है और रात्रि में देव कारज भी आयोजन किया जाता है। बहरहाल इस वर्ष भी इस जातर का धूमधाम से आयोजन किया गया। जातर में विशेष तौर से उपस्थित हुए भाजपा



त्रैवार्षिक जातर मेले में आशीर्वाद लेते श्रद्धालु।

मंडल प्रवक्ता बाबू राम शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सावित्री वर्मा, मंडल कार्यकारिणी सदस्य हिमी देवी, समाज सेवी अमर सिंह ने भी देवताओं से आशीर्वाद लिया तथा देवताओं के समुख शीश नवाया।

इस अवसर पर बाबू राम शर्मा ने बताया कि यह त्रैवार्षिक जातर सदियों से मनाई जा रही है। इस तरह के आयोजनों से हमारी परंपराओं व संस्कृति को सहेजने का कार्य होता है साथ ही आपसी भाईचारे का भी संदेश मिलता है। बहरहाल इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद का आनंद भी लिया और देव नृत्य से आनंदित हुए। (अनंत ज्ञान)

# वन मंडलों में स्थापित होंगे जाइका के आउटलैट

## श्रीलंका जाइका हिमाचल से सीखेगा आजीविका कमाने के गुर, जल्द आएगी टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जाइका वानिकी परियोजना अब प्रदेश के सभी वन मंडलों में आउटलैट स्थापित करेगा।

वर्तमान में राज्य के नौ स्थानों पर आउटलैट स्क्रीय रूप से संचालित हैं, जहां पर स्वयं सहायता समूहों की ओर से निर्मित उत्पादों की बिक्री हो रही है। इस बात की जानकारी जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने दी। आने वाले दिनों में प्रदेश के सभी वन मंडलों में आउटलैट खोले जाएंगे। हाल ही में जोगिंद्रनगर और पालमपुर के गोपालपुर में आउटलैट का शुभारंभ किया गया। नागेश गुलेरिया ने कहा कि जाइका वानिकी परियोजना के तहत हिमाचल में हो रहे कार्यों को देख अब पड़ोसी देश श्रीलंका भी आजीविका कमाने के गुर सीखेगा। हाल ही में तीन दिवसीय हिमाचल दौरे पर आई श्रीलंका जाइका और



रोहड़ू वन मंडल के सरस्वतीनगर वन परिक्षेत्र में ड्रोन से सर्वे करते हुए।

जाइका इंडिया की प्रतिनिधियों ने प्रदेश में जाइका वानिकी के तहत हो रहे कार्यों की जमकर सराहना की। ऐसे में अब जाइका वानिकी हिमाचल के प्रोजेक्ट मॉडल को श्रीलंका भी फॉलो करेगा। नागेश ने कहा कि हाल ही में जाइका श्रीलंका की प्रतिनिधि एवं जेंडर एक्सपर्ट नाकाजीमा और जाइका इंडिया की प्रतिनिधि इनागाकी ने हिमाचल में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की ओर से आजीविका कमाने के हौसले की सराहना की।

# जाइका वानिकी परियोजना हुई हाईटेक, अब ड्रोन से निगरानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



जाइका वानिकी परियोजना अब हाईटेक हो चुकी है। परियोजना के तहत होने वाली सभी गतिविधियों पर ड्रोन से निगरानी की जाएगी।

पौधरोपण, जंगलों में आग लगने की घटना समेत प्रोजेक्ट के अंतर्गत हो रहे हरेक कार्यों पर ड्रोन के माध्यम से नजरें रखी जाएंगी। जाइका वानिकी परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर जीआईएस रजनीश कुमार के नेतृत्व में वीरवार को रोहड़ू वन मंडल के सरस्वतीनगर वन परिक्षेत्र में ड्रोन से सर्वे किया गया। रजनीश ने कहा कि जाइका वानिकी परियोजना के तहत किए गए कार्यों को ड्रोन में कैद किया जा रहा है। इसके साथ-साथ जंगलों में आग लगने की घटना का भी पता लगा सकते हैं कि आग लगने से वन संपत्तियों के नुकसान का रियल टाइम और आग पर काबू पाने के लिए मौके पर पहुंचने के लिए क्या कुछ इंतजमाम होने चाहिए। जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया के दिशा-निर्देशानुसार आने वाले दिनों में राज्य के अन्य ऐसे क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक से प्रोजेक्ट के कार्यों की स्टीक प्लालिंग की जाएगी।

# विंटर कार्निवाल पर मिर्ची लाइटस से जगमगाएगा रिज व मालरोड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विंटर कार्निवाल को लेकर प्रशासन की तैयारियां जोरो पर चल रही हैं। सबसे खास बात यह है कि विंटर कार्निवाल पर ऐतिहासिक रिज व मालरोड मिर्ची लाइटस से जगमगाएगा। रिज मैदान में चिनार के पेड़ों पर भी लाइटस लगाई जा रही हैं। जो देखने में बहुत की आर्कषक होने वाली हैं। वीरवार को रिज मैदान पर कार्निवाल के लिए स्टेज सजना शुरू हो गया है।

इसके साथ ही रिज के आसपास चिनार के पेड़ों को भी लाइटों से सजाया जा रहा है। कार्निवाल के दौरान रात के समय शहर में विभिन्न जगहों पर लाइटें लगने से अलग ही नजारा दिखेगा। इसके अलावा स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं। इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम करवाए जाएंगे। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं महानाटी भी करेंगी। कार्निवाल में हिमाचल की संस्कृति को दर्शाया जाएगा। शिमला में आज से पहले कभी भी विंटर कार्निवाल का आयोजन नहीं हुआ है। इस बार पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यह बड़ा आयोजन किया जा रहा है। हर साल पर्यटक क्रिसमस और न्यू-ईयर मनाने के लिए शिमला का रुख करते हैं। शिमला में 25 से 31 दिसंबर तक मनाए जाने वाले विंटर कार्निवाल होने से पर्यटकों की आमद बढ़ने की संभावना है।

### विंटर कार्निवाल का सीएम करेंगे शुभारंभ

विंटर कार्निवाल का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। रिज पर स्टेज सजने का कार्य शुरू कर दिया गया है। दो दिन पहले स्टेज का सामान रिज पर पहुंच गया था, जिसके बाद इस ओपन स्टेज को सजाने के कार्य को तेजी से किया जा रहा है। महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ ही स्टेज को बनाया जा रहा है। रिज पर लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां नहीं लगाई जाएंगी।

**दाम** 400 रुपए किलो बिक रहा लहसुन, प्याज, मटर, गाजर के 30 से 40 प्रतिकिलो चल रहे दाम

# प्याज-टमाटर के दाम पहुंच में, लहसुन के दाम बेकाबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में जहां प्याज-टमाटर के दाम थोड़े लोगों की पहुंच में आ गए हैं, वहीं दूसरी ओर लहसुन के दाम बेकाबू हो गए हैं, जिससे लोग इसे लेने से गुरेज करने लगे हैं। शिमला सब्जी मंडी में लहसुन के दाम 400 रुपए प्रतिकिलो की दर से चले हुए हैं।

250 ग्राम भी लहसुन लेना हो तो 100 रुपए लग जाते हैं और कभी इसके दाम 80 से 100 रुपए प्रतिकिलो की दर से भी हुआ करते थे, लेकिन आजकल लहसुन के दामों ने खूब उछाल मारी है। सब्जियों के दामों की बात करें, तो



शिमला सब्जी मंडी में फलों व सब्जियों की खरीददारी करते लोग।

मटर, गाजर, टमाटर, शिमला मिर्च के दाम 40 रुपए प्रतिकिलो चले हुए हैं। फूलगोभी व बंदगोभी के दाम 30 रुपए प्रतिकिलो, आलू 20 रुपए प्रतिकिलो, चुकंदर 30 रुपए, मूली 30 रुपए, शलगम 20 रुपए, करेला 50 रुपए, कटहल 60 रुपए, जिमीकंद 100 रुपए, बैंगन 30 रुपए की दर से बिक रहे हैं। इसके अलावा मंडी में साग, पालक व मेथी की खूब भरमार है। यह तीनों 20 रुपए प्रति गुच्छी के हिसाब से बिक रहे हैं।

### लहसुन की फसल हो गई थी खराब, सप्लाई प्रभावित

सब्जी मंडी शिमला के प्रधान विशेषर नाथ ने कहा कि लहसुन की फसल के खराब होने के कारण इन दिनों आने वाली सप्लाई प्रभावित हुई है। आजकल पहाड़ी लहसुन बिकता था, लेकिन फसल के खराब होने के कारण इसकी आपूर्ति कम होने के चलते दामों में उछाल आया है, जबकि अन्य सब्जियों के दामों में गिरावट आई है, जो लोगों के लिए राहत की बात है।

### फलों की भी खूब डिमांड

सब्जी मंडी में फलों की खूब मांग है और लोग इन्हें भी बड़े चाव से खरीद रहे हैं। सेब 140 रुपए, किन्नू 40 रुपए, खजूर 140 रुपए, अनार 120 रुपए, पपीता 50 रुपए, अनानास 100 रुपए, शरीफा 120 रुपए, ड्रैगन फ्रूट 80 रुपए, अमरूद 60 रुपए व संतरा 60 रुपए प्रतिकिलो की दर से बिक रहा है।

# एनएसएस शिविर में बच्चे गतिविधियों में लेंगे भाग




सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के शुभारंभ पर मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ममलिग में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य शालिनी शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

उन्होंने सभी एनएसएस वॉलंटियर्स को अपना अशिर्वाद देकर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ममलिग स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश चौहान व स्टाफ उपस्थित रहे। इस सात दिवसीय शिविर में बच्चे विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगे। कार्यक्रम अधिकारी कमल देव शर्मा व बीना गुप्ता ने बच्चों के कार्यक्रम की रूपरेखा रखी तथा पूर्व कार्यक्रम अधिकारी राजीव मोहन व सुनीता शर्मा भी उपस्थित रहीं।

# आरक्षण को दरकिनार करने पर भाजपा एससी ने जताया रोष

**सुन्नी।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला शिमला के अध्यक्ष सत्य प्रकाश मानक ने प्रदेश सरकार पर



आरक्षण का प्रावधान न करने पर नाराजगी जताई है तथा प्रदेश में की जा रही वन मित्रों की भर्ती में आरक्षण लागू न करने पर रोष व्यक्त किया है।

उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से हर वन बीट में वन मित्रों की भर्ती की जा रही है, जबकि उच्च न्यायालय की ओर से 40 दिन से ऊपर की भर्तियों पर आरक्षण लागू किए जाने के आदेश भी जारी किए जा चुके हैं। मोर्चे ने मांग की है कि आरक्षण को मद्देनजर भर्तियां की जाएं।

## बधाइयां



हिमाचल प्रदेश से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।

-जोगिंद्र हब्बी एवं ग्रुप, राजगढ़ (सिरमौर)

# आवारा कुत्तों की समस्या से मिलेगी निजात

## डॉग स्टरलाइजेशन ओटी कम यार्ड का 60 लाख रुपए से होगा निर्माण

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने शहर में बढ़ते आवारा कुत्तों के आतंक से लोगों को निजात दिलाने के लिए ठोडो ग्राउंड के नजदीक करीब 60 लाख की लागत से डॉग स्टरलाइजेशन ओटी कम केयर यार्ड का निर्माण होगा। इसके तहत करीब 10 लाख रुपए की लागत से प्रथम चरण का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि बची हुई राशि की मंजूरी आना अभी बाकी है।

योजना के तहत नगर निगम ने ठोडो ग्राउंड के नजदीक रेन बसेरा बिल्डिंग के बेसमेंट में डॉग स्टरलाइजेशन ओटी यानी ऑपरेशन थियेटर निर्माण की योजना है। इसके लिए बाकायदों केंद्रीय पशु कल्याण बोर्ड से अनुमति ली है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो डॉग ओटी बनते ही शहर के स्ट्रे डॉग के स्टरलाइज (नसबंदी) का कार्य शुरू हो जाएगा। डॉग स्टरलाइजेशन के लिए ओटी के साथ ही डॉग यार्ड भी बनाया जाएगा। इसमें स्टरलाइज कुत्तों के रख-रखाव और खानपान का प्रबंध होगा।



सोलन के रैन बसेरे की निचली मंजिल पर बनेगा डॉग यार्ड।

**सोलन हॉस्पिटल में रोज आते हैं डॉग बाइट के केस :** सोलन हॉस्पिटल में अमूमन रोज डॉग बाइट के केस आते हैं। इसमें अधिकतर बुजुर्ग व बच्चे शामिल हैं। डॉग वाइट की घटना बढ़ने के बावजूद नगर निगम आवारा कुत्तों के आतंक से निजात नहीं दिला पाया है।

स्टरलाइजेशन नहीं होने के चलते कुत्तों की आबादी बढ़ती ही जा रही है। कुत्तों के हमले से लोग चोटिल भी हो जाते हैं। यही कारण है कि नगर निगम अब डॉग स्टरलाइजेशन ओटी निर्माण का निर्णय लिया है। निगम चुनाव में भी कुत्तों की समस्या का मुद्दा खूब उठा था। तब प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्ड में डॉग यार्ड बनाने के दावे किए थे, मगर अढ़ाई वर्ष का कार्यकाल होने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं।

मोहल्ले और कॉलोनी में कुत्तों के झुंड रात को एक साथ भोंकते हैं, जिससे लोगों की नींद हराम हो जाती है। साथ छात्रों की पढ़ाई भी बाधित होने के साथ-साथ रोगियों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

### लोग असुरक्षित माहौल में जीने को मजबूर

नगर निगम में हजारों की संख्या में कुत्ते शहर की गलियों, सड़कों और मोहल्लों में झुंड में रहते हैं। कुत्ते के आतंक से रोज स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काटने की घटनाएं सामने आती हैं। कुत्तों की बढ़ती संख्या से शहर वासी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। कुत्तों के आतंक से लोगों को अकेले चलना खतरे से खाली नहीं रह गया है। नगर निगम ने कुछ वर्ष पहले कुत्तों को नसबंदी कार्यक्रम शुरू किया था, लेकिन नियम के तहत प्रबंध नहीं होने के चलते यह कार्यक्रम रुक गया। शुरू में जवाहर पार्क व ठोडो ग्राउंड में ओपन डॉग स्टरलाइज किया जाता था, जिस पर केंद्रीय पशु बोर्ड ने आपत्ति जताई। पशु प्रेमियों ने भी इस पर आपत्ति जताई, साथ ही नसबंदी के बाद कुत्तों का सही रख-रखाव भी नहीं हो पाया। इन्हीं कारणों के चलते यह कार्य आज तक लंबित है।



शहर में आवारा कुत्तों की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए जल्द ही स्टरलाइजेशन ओटी कम डॉग यार्ड का निर्माण होगा। इस कार्य का अभी प्रथम चरण का कार्य पूरा हो चुका है।

-जफर इकबाल, नगर निगम आयुक्त सोलन।

# सोलन में अप्रेंटिसशिप जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



जानकारी देते हुए सुमित शर्मा व अन्य।

**सोलन।** भारत सरकार, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सुंदरनगर और सोलन उद्योग संघ के संयुक्त तत्वावधान में अप्रेंटिसशिप जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें उद्यमियों, विभागों के अधिकारियों के अलावा पंचायतीराज प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में सोलन उद्योग संघ के अध्यक्ष और उद्योगों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इसके पश्चात स्ट्राइव परियोजना हिमाचल प्रदेश के सलाहकार सुमित शर्मा ने कार्यशाला के बारे में जानकारी दी। सुमित शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षु जागरूकता कार्यशाला के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे तथा ईको अप्रेंटिसशिप लागू करने में कामयाब होंगे। परियोजना के बारे में किसी भी औद्योगिक इकाई को कोई भी जानकारी चाहिए, वह सोलन उद्योग संघ के कार्यालय औद्योगिक क्षेत्र में संपर्क कर सकते हैं।

# नवीन सूद शिकायत निवारण कमेटी के सदस्य किए नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

कसौली विधानसभा क्षेत्र के तहतु कुमारहट्टी निवासी नवीन सूद (लवली) को जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।



नवीन सूद

सूद लंबे समय से कसौली कांग्रेस में सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। वह पूर्व में टीम सुक्खू के सदस्य भी रहे हैं। अपनी इस नियुक्ति के लिए उन्होंने स्थानीय विधायक विनोद सुल्तानपुरी व कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

उन्होंने बताया कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयत्न करेंगे। इसके अलावा वह अपने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करवाएंगे।

## पर्यटन निगम कर्मचारी यूनियन की नई कार्यकारिणी घोषित

# पवन कुमार बने संगठन के सचिव

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

हिमाचल पर्यटन निगम कर्मचारी संघ की पांवटा इकाई का गठन कर दिया गया है। पांवटा साहिब के एक होटल में आयोजित बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष हुकम सिंह ने अपनी कार्यकारिणी का ऐलान किया। पवन कुमार को संगठन का प्रधान व सुनील कौशल को सचिव चुना गया।

इस मौके पर संगठन के महासचिव राजकुमार शर्मा व भारतीय मजदूर संघ के निगम प्रभारी और संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डाबेराम चौहान भी उपस्थित थे। बता दें कि इस कार्यकारिणी का गठन तीन वर्ष के लिए किया गया है।

कार्यकारिणी में सुनील कौशल को दोहरी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें सचिव के साथ कोषाध्यक्ष भी बनाया गया है। इसके अलावा भीम सिंह को उपप्रधान, मुकेश कुमार को डीओ, सोहन लाल को प्रेस सचिव, भज्जू राम को सचिव बनाया गया है। सुनीता दत्ता को कार्यकारी अध्यक्ष तथा शोभा रानी, प्रेम चंद, रविंद्र कुमार और मोहन चंद को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।



नई कार्यकारिणी के साथ अध्यक्ष हुकम सिंह।

# लक्ष्य स्कूल के आर्यन और अंजलि एनएसएस मेगा कैंप के लिए चयनित



अध्यापकों के साथ आर्यन व अंजलि।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की के 12वीं कक्षा के छात्र आर्यन भार्गव एवं अंजलि राष्ट्रीय सेवा योजना के मेगा कैंप के लिए चुने गए हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या वीना गुप्ता ने बताया कि उनके विद्यालय के आठ छात्रों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चामियां में आयोजित एकदिवसीय चयन शिविर में भाग लिया था ।

उन्होंने बताया कि इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में जिला सोलन के 64 विद्यालयों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक विद्यालय से दो प्रतिभागी आए थे। 128 छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनमें से 74 छात्र (37 लड़के, 37 लड़कियां) चयनित किए गए। लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की के अंजलि एवं आर्यन भार्गव दोनों अपने अच्छे प्रदर्शन के लिए राज्य स्तरीय मेगा कैंप के लिए चयनित किए गए, जिनकी तैयारी कार्यक्रम अधिकारी निधि चौहान द्वारा किया गया।

स्कूल की प्रधानाचार्य वीना गुप्ता एवं निदेशक आकाश गुप्ता ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे मेगा कैंप में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाएंगे।

# जामनीवाला में किसान ग्राम सेवा सहकारी सभा की शाखा खुली

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चौधरी किरनेश जंग ने जामनीवाला में दी किसान ग्राम सेवा सहकारी सभा की गंगूवाला जामनीवाला इकाई का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर चौधरी किरनेश जंग ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

किसानों की समस्याओं को सुना जा रहा है और उनका निवारण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पांवटा साहिब में बड़ी संख्या में लोग खेतीबाड़ी करते हैं और उनकी समस्याओं के लिए वे हमेशा तत्पर रहते हैं। चौधरी किरनेश जंग सहित स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। इस दौरान कई लोगों ने अपनी समस्याएं भी रखीं। जंग ने कहा कि वे प्रयास करेंगे कि किसानों की समस्याओं को दूर किया जाए और अच्छी सुविधाएं दी जाएं।



सहकारी सभा का फीता काटकर शुभारंभ करते पूर्व विधायक किरनेश जंग।

इस मौके पर प्रधान गुरबक्श सिंह, कोषाध्यक्ष इकबाल सिंह, सुभाष चौधरी, किशोरी लाल, प्रदीप चौहान, बलबीर सिंह, तारा सिंह, जसवंत सिंह, रोहित चौधरी व जगत राम आदि लोग उपस्थित रहे।

# सपरून में सड़क पर धूल का राज, सेहत पर संकट

## बीमारी की जद में आ रहे लोग, गला खराब, छाती जाम और खांसी से हो रहे ग्रस्त





दोहरी दीवाल स्थित सुबाथू रोड चौक पर उड़ रही धूल के गुबार के बीच से गुजरता एक व्यक्ति। (दाएं) पानी की टंकी पर इस तरह चढ़ी है धूल की परत।

**पंकज जोशी, सोलन**

एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली का खामियाजा इन दिनों सपरून के दोहरी दीवाल स्थित सुबाथू रोड चौक के आसपास रह रहे लोगों को भुगतान पड़ रहा है। यहां बरसात के दौरान हुए भूस्खलन की मिट्टी को पूरी तरह से साफ नहीं किए जाने से यहां दिनभर धूल का गुबार उड़ता रहता है। इससे राहगीरों को तो दिक्कत पेश आ ही रही है, साथ ही सड़क के इर्द-गिर्द रह रहे लोगों धूल से गला खराब, छाती जाम और खांसी की बीमारियां झेलनी पड़ रही हैं। इससे लोगों को अस्थमा जैसी गंभीर बीमारी होने का खतरा हो गया है।

नियम के तहत निर्माण कार्य के दौरान कच्चे हिस्सों में सुबह-शाम पानी की बौछार करना जरूरी होता है, लेकिन दोनों विभागों की गैर जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली से लोगों को बीमारी के साए में जीना पड़ रहा है।

इसका अंदाजा घरों के आसपास के छज्जों, टंकियों और पड़े-पौधों में जमी मिट्टी की मोटी परत से लगाया जा सकता है। लोगों ने जिला प्रशासन से इस दिशा में उचित कदम उठाने की मांग की है। स्थानीय निवासी दीपक जसवाल, मोहित, अमर ठाकुर और सुधीर का कहना है कि एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली से सड़क पर दिन भर धूल उड़ती रहती है।

इससे लोग बीमार पड़ रहे हैं, बावजूद इसके विभाग और फोरलेन निर्माण में लगी कंपनी यहां पानी का छिड़काव नहीं कर रही है, न ही सड़क को पक्का किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## अंकित चौहान ट्रेकिंग कैंप में शामिल



अंकित चौहान पुरस्कार ग्रहण करते हुए।

**पांवटा साहिब।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भाटगढ़ के छात्र व एनएसएस स्वयंसेवी अंकित चौहान ने 14 दिन के विशेष ट्रैकिंग शिविर में भाग लिया। यह शिविर मैक्लोडगंज रीजनल सेंटर ऑफ माउंटेन क्लाइंबिंग धर्मशाला में था। यह शिविर सात से 20 दिसंबर तक चला।

शिविर में जिला सिरमौर के 12 वालंटियर्स ने भाग लिया। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाटगढ़ के स्वयंसेवी अंकित चौहान ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला सह समन्वयक गोविंद पंवार ने यह जानकारी दी।

# शूलिनी विवि में अत्याधुनिक दवा खोज प्रयोगशाला का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में एक दवा खोज प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरोज खोसला, अध्यक्ष, फाउंडेशन ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बिजनेस मैनेजमेंट एसआईएलबी और प्रो. पीके खोसला, चांसलर, शूलिनी विश्वविद्यालय से थे।

इस अवसर पर चांसलर प्रो. पीके खोसला ने फार्मास्युटिकल विज्ञान के भीतर नवाचार को बढ़ावा देने में प्रयोगशाला की भूमिका और दवा खोज अनुसंधान के भविष्य को आकार देने में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। प्रयोगशाला के समन्वयक प्रोफेसर दीपक कुमार ने शूलिनी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और अनुसंधान वातावरण को समृद्ध करने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए प्रयोगशाला की क्षमताओं के बारे में जानकारी प्रदान की।



लैब का रिबन काट कर शुभारंभ करते अतिथि।

प्रयोगशाला नए यौगिकों के संश्लेषण, विश्लेषण और संशोधन, पौधों के निष्कर्षण, अलगाव और नैनोफॉर्मयूलेशन, इनसिलिको दवा डिजाइन और खोज जैसी अत्याधुनिक गतिविधियों में संलग्न होने के लिए तैयार है।

अंतिम लक्ष्य नए चिकित्सीय एजेंटों की खोज करना, दवा फॉमयूलेशन का अनुपालन करना और दवा खोज प्रक्रिया के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देना है।

# हाटी समुदाय मामले में सतौन युवा मंडल 24 से करेगा अनशन



प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते युवा मंडल के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

हाटी समुदाय को जनजाती का दर्जा दिए जाने के बावजूद प्रदेश सरकार की ओर से प्रमाणपत्र जारी करने में लगाए जा रहे कथित अड़ंगे लगाने के खिलाफ युवा मंडल सतोन ने दो दिवसीय अनशन का ऐलान किया है। इसे लेकर युवा मंडल ने विशेष बैठक करके रणनीति बनाई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 55 सालों से इस मांग को लेकर क्षेत्रवासी आंदोलनरत थे। जब यह मुद्दा सिरे चढ़ा तो हिमाचल प्रदेश सरकारी इसे लागू करने में देर कर रही है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 24 से 25 दिसंबर तक समय सुबह 10 बजे से अनशन व धरना दिया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द हाटी समुदाय को प्रमाण पत्र जारी करने की प्रकिया शुरू की जाए। स्थानीय युवा मंडल ने क्षेत्रवासियों से अपील कर है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन से जुड़ें।

**कायाकल्प** कुछ समय के लिए माता मंदिर के हॉल में विराजीं मां शूलिनी

# शूलिनी मंदिर के गर्भगृह का जीर्णोद्धार शुरू

- मंदिर के मुख्य भवन का भी होगा कायाकल्प

**पूजा वर्मा, सोलन**

सोलन की अधिष्ठात्री देवी माता शूलिनी का मंदिर भक्तों को जल्द ही नए रूप में दिखाई पड़ेगा। इस मंदिर के गर्भगृह को नए ढंग से बनाया जा रहा है। मंदिर के बाहरी हिस्से में भी कुछ काम करने की तैयारी है, इससे आने वाले समय में मंदिर और भी सुंदर व आकर्षक नजर आएगा।

इन दिनों मंदिर के भीतर नए गर्भगृह का निर्माण जोरों पर चल रहा है। गर्भगृह में निर्माण कार्य होने के कारण माता शूलिनी की मूर्ति को कुछ समय के लिए पुराने गर्भगृह के बाहर स्थापित किया गया है, इसलिए अब श्रद्धालु मंदिर के बाहर ही माता के दर्शन कर रहे हैं। मंदिर का स्ट्रक्चर काफी पुराना होने के चलते गर्भगृह की कड़ियां गिरने की कगार पर थीं। ट्रस्ट ने अब मंदिर के गर्भगृह को नए सिरे से बनाने का काम शुरू कर दिया है।



मरम्मत कार्य के चलते मंदिर के हॉल में दर्शनार्थ रखी गई शूलिनी माता की मूर्ति।

फिलवक्त माता की मूर्ति गर्भगृह के बाहर होने के कारण श्रद्धालु भी अच्छे से माता के दर्शन कर पा रहे हैं। आज वीरवार के दिन भी मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा।

सोलन की एसडीएम कविता ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि गर्भगृह के साथ-साथ मंदिर में भी पेंट और रिनोवेशन का कार्य किया जाएगा और गर्भगृह को अब नई शैली में बनाया जाएगा। इन दिनों कार्य चला हुआ है और आगामी कुछ ही दिनों में कार्य संपन्न भी हो जाएगा। इसके बाद फिर माता को गर्भगृह में स्थापित कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)


### परिसर का भी बदलेगा रंग-रूप

इसके साथ ही आगामी दिनों में शूलिनी मंदिर के स्ट्रक्चर में भी बदलाव करने का प्लान किया जा रहा है, क्योंकि स्ट्रक्चर काफी पुराना होने की वजह से अब उसे बदलना अनिवार्य है। उनका कहना है कि माता शूलिनी के नाम पर ही सोलन शहर का नाम पड़ा है। माता के मंदिर को भी भव्य स्वरूप दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं के लिए हर एक आकर्षण का केंद्र बने।

# गोमाता को राष्ट्र माता घोषित करवाने को सभी आएं आगे

**अनंत ज्ञान, श्री रेणुका जी**

गोमाता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। यह बात सन्यास आश्रम रेणुका के महंत स्वामी भीम पुरी व व्यवस्थापक दीनदयाल पुरी ने एक प्रेस बयान में कही ।



महंत भीम पुरी

महंत भीमपुरी ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय हित में एक महत्वपूर्ण कार्य हुआ है, सभी लोगों को मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी धर्म के लोग गाय के दूध को पीते हैं और गाय के दूध की पौष्टिकता तथा सात्विक महत्व को भी जानते हैं, परंतु कुछ विधर्मी लोग गाय के दूध के साथ-साथ गाए के मांस खाने से भी गुरेज नहीं करते। भगवान श्री कृष्ण ने भी गाय का पालन किया था और और उन्होंने स्वयं एक ग्वाला के रूप में अपनी लीला करके अपने आप में एक आदर्श स्थापित किया की गाय की रक्षा सुरक्षा और पालन करना कितना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि सभी धर्म के लोग मिलकर गोमाता को राष्ट्र माता राष्ट्र पशु का दर्जा दिलाने के लिए प्रयास करें ताकि गोमाता बेसहारा न रहे। गोमाता के रोम रोम में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास रहता है। गोमाता का हर एक उत्पाद गोबर, गोमूत्र, दूध, घी, दही अपनी अपनी पौष्टिकता के साथ-साथ एक सात्विक महत्व भी रखते हैं, तो गोमाता की रक्षा के लिए आप सभी धर्म के लोग आगे आएं और गोमाता को राष्ट्र माता करने के लिए अपना अपना प्रयास करना चाहिए।

# वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट रोड शो 22 दिसंबर को हैदराबाद में होगा

एजेंसी, गांधीनगर

गुजरात सरकार राज्य की इंडस्ट्रियल और मैन्यूफैक्चरिंग क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 10वें संस्करण से पहले 22 दिसंबर को हैदराबाद में एक रोड शो करेगी। राज्य सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा रोड शो का नेतृत्व करने के बाद सभा को संबोधित करेंगे।

रोड शो की शुरुआत तेलंगाना स्टेट ऑफिस में एफआईसीसीआई के को-चेयर और गाजा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के एमडी वीवी रामराजू के भाषण से होगी। इसके बाद वाइब्रेंट गुजरात 2024 और गिफ्ट सिटी पर कुछ ऑडियो-विजुअल फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी।

गुजरात सरकार में एडिश्नल इंडस्ट्रीज कमिश्नर डॉ. कुलदीप आर्या गुजरात में बिजनेस के अवसरों पर एक प्रेजेंटेशन देंगे।

Vibrant GUJARAT 2024 10-12 Jan
Gateway to the Future | 10th Global Summit

इसके बाद वेलस्पन ग्रुप के कार्पोरेट अफेयर्स के वाइस प्रेजिडेंट श्रीसा भार्गव मोव्वा, अपोलो हॉस्पिटल्स की ग्रुप सीएमओ डॉ. नंदिनी अली, दीपक नाइट्रेट लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और प्रेसीडेंट-बेसिक इंटरमीडिएट्स गिरीश सतारकर गुजरात में अपने निवेश के अनुभवों को साझा करेंगे।

फिक्की तेलंगाना कार्यकारी समिति के सदस्य और एचसी रोबोटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर पी राधा किशोर के धन्यवाद संबोधन के साथ रोड शो का समापन होगा।

## एक घंटे बाद बहाल हुई एक्स की सर्विस

**नई दिल्ली।** देश और दुनिया में पॉपुलर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पूर्व में ट्विटर की सर्विस फिर से बहाल हो गई है। एक्स की सर्विस करीब एक घंटे तक डाउन रही, जिसकी वजह से यूजर्स कोई भी ताजा पोस्ट को नहीं देख पा रहे थे। भारत समेत दुनियाभर में इसके यूजर्स को गुरुवार सुबह 11 बजे से एक्स को एक्सेस करने में समस्या हो रही थी।



एक्स के यूजर्स को पोस्ट की जगह एक मैसेज दिख रहा था, जिसमें लिखा था 'वेलकम टु एक्स'। इससे एक घंटे तक एक्स् प्लेटफॉर्म के डेस्कटॉप और मोबाइल दोनों वर्जन प्रभावित रहे। इससे पहले इसी साल मार्च और जुलाई में भी एक्स डाउन हुआ था। स्टैटिस्टा के अनुसार दुनियाभर में एक्स् के करीब 33 करोड़ यूजर्स हैं। इसमें अमेरिका में 9.5 करोड़ और भारत में इसके 2.7 करोड़ यूजर्स है।

वहीं, प्रतिदिन करीब 50 करोड़ पोस्ट किए जाते हैं। पहले यह ट्विटर के नाम से प्रचलित था, जिसे जुलाई 2006 में लॉन्च किया गया था। अरबपति करोबारी एलन मस्क ने 27 अक्तूबर, 2022 को इसे 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था।

# सेंसेक्स 358 अंक चढ़कर 70,865 पर हुआ बंद, मेटल शेयर्स में भी तेजी

एजेंसी, मुंबई

शेयर बाजार में आज यानी वीरवार को तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 358 अंक की तेजी के साथ 70,865 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 104 अंक की तेजी रही। यह 21,255 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और नौ में गिरावट देखने को मिली है। पावर, बैंकिंग और मेटल शेयर्स में तेजी देखने को मिली है। आज ino&CVA का शेयर मार्केट में 44 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 949 रुपए पर लिस्ट हुआ। हालांकि इसके बाद




इसके शेयर में थोड़ी गिरावट देखने को मिली और ये 279.95 रुपए (42.42 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 939.95 रुपए पर बंद हुआ। 14 से 18 दिसंबर के बीच खुले इस आईपीओ में शेयर का बेस प्राइस 660 रुपए रखा गया था।

### वीरवार से इनोवा कैपटैब लिमिटेड का आईपीओ हुआ ओपन

**इनोवा** कैपटैब लिमिटेड का आईपीओ 21 दिसंबर को खुल चुका है, जो 26 दिसंबर को बंद होगा। 29 दिसंबर को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होगा। इश्यू का प्राइस बैंड 426-448 रुपए है। 570 करोड़ जुटाने के लिए कंपनी यह आईपीओ लाई है। 2005 में बनी कंपनी इनोवा कैपटैब लिमिटेड एक फार्मास्युटिकल कंपनी है।

## सोना सपाट स्तर पर चांदी में आई तेजी

**नई दिल्ली।** देश के सर्राफा बाजारों में वीरवार को सपाट स्तर पर कारोबार होता नजर आ रहा है। वीरवार को 24 कैरेट और 22 कैरेट सोने की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसकी वजह से ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना बुधवार के भाव 63 हजार रुपए के स्तर पर या उसके करीब कारोबार कर रहा है। चांदी में भी एक हजार रुपए प्रति किलोग्राम तक की तेजी आई है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना 63,150 प्रति दस ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,900 प्रति दस ग्राम रही। दिल्ली में चांदी 78,500 प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रहा है। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 63,000 रुपए प्रति दस ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,750 प्रति दस ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## वर्ल्ड न्यूज

### पूर्व पीएम इमरान खान तीन निर्वाचन क्षेत्रों से लड़ेंगे चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में फरवरी में होने वाले आम चुनाव पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान तीन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे। पीपीपी प्रमुख इमरान खान रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। पीटीआई अध्यक्ष गौहर खान ने कहा कि पूर्व पीएम लाहौर, इस्लामाबाद और मियांवाली निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने तोशखाना मामले के फैसले के बाद इमरान खान को पांच साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था।



### अरविंद केजरीवाल पहुंचे होशियारपुर विपश्यना में 10 दिन लगाएंगे ध्यान

**चंडीगढ़।** दिल्ली के आबकारी नीति घोटाले में ईडी के निशाने पर आए आम आदमी पार्टी सुप्रीमो एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बृहस्पतिवार को पंजाब के होशियारपुर स्थित विपश्यना सेंटर में आ गए हैं। केजरीवाल को आज ही ईडी के सामने पेश होना था। ईडी के सम्मन को एक तरफ करते हुए केजरीवाल होशियारपुर में आ गए हैं। यह पहला मौका है, जब उन्होंने मेडिटेशन के लिए पंजाब को चुना है।



### सीरिया में बारूदी सुरंग विस्फोट में सात सैनिकों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के होम्स प्रांत में वीरवार को बारूदी सुरंग फटने से सात सैनिकों की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए। सभी सैनिक एक बस में जा रहे थे। बारूदी सुरंग ने होम्स में पलमायरा शहर के पास टी-3 तेल क्षेत्र के पास सैन्य बस को उड़ा दिया। बस आमतौर पर सैनिकों को उनके कार्यस्थल के अंदर और बाहर ले जाती है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, घटना के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली है, लेकिन पिछले इसी तरह के हमले होम्स के पूर्व में सुदूर रेगिस्तानी क्षेत्र में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह द्वारा किए गए हैं।

### पंजाब के मंत्री अमन अरोड़ा को दो साल की सजा

**चंडीगढ़।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को संगरूर की सुनाम अदालत ने पारिवारिक लड़ाई-झगड़े के मामले में दो साल की सजा सुनाई है। मामले में आठ अन्य लोगों को भी सजा सुनाई गई है। यह मामला 2008 में दर्ज हुआ था। कोर्ट की तरफ से इस मामले में आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया गया है। शिकायतकर्ता राजिंद्र दीपा ने बताया कि यह केस पंद्रह साल पुराना है। अमन अरोड़ा उनके रिश्तेदार हैं। रिश्ते में वह उनके बहनोई हैं। साल 2008 में वह सुनाम से चंडीगढ़ गए थे। इस दौरान अमन अरोड़ा ने अपनी माता को लेकर उनके घर पर कब्जे की कोशिश की।

### निज्जर मामले में भारत के रुख में बदलाव नहीं: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस बयान को खारिज कर दिया है कि गुरुपतवंत सिंह पन्नू प्रकरण में अमेरिका की कार्रवाई के बाद भारत के रुख में बदलाव आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने पत्रकार वार्ता में कहा कि हमारी नीति पूर्ववत है। हमारा मानना है कि मुख्य मुद्दा कनाडा में उग्रवादी, आतंकवादी और भारत विरोधी तत्वों को गतिविधियां चलाने का अवसर दिया जा रहा है। भारत को उम्मीद है कि कनाडा सरकार ऐसे उग्र तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

## पीएम नेतन्याहू का ऐलान हमास के खात्मा होने तक नहीं रुकेगा युद्ध

एजेंसी, यरुशलम

इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के खात्मे तक गाजा में कोई युद्ध विराम नहीं होगा। वहीं हमास प्रमुख इस्माइल हानिया ने मिस्र का दौरा किया। जबकि अमेरिका सहित यूरोपीय देश लगातार इसराइल पर युद्ध विराम का दबाव बना रहे हैं। ज्ञात रहे कि हमास युद्ध में अब तक 19,667 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, हम तब तक लड़ना बंद नहीं करेंगे जब तक हम अपने निर्धारित सभी उद्देश्यों को हासिल नहीं कर लेते। बता दें कि इसराइल के तीन उद्देश्यों में हमास का खात्मा, हमास के कब्जे में फंसे बंधकों की रिहाई शामिल है। नेतन्याहू ने कहा कि इसराइली सेना गाजा में हर जगह हमास के आतंकवादियों पर हमला कर रही है। नेतन्याहू ने आगे कहा, जो कोई सोचता है कि हम रुक जाएंगे, वह सच्चाई से दूर है। इसराइल के कुछ सहयोगियों फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिका नागरिकों की मौत पर चिंता जताते हुए इसराइल से लगातार सटीक कार्रवाई करने को कह रहा है।



# अब सीआईएसएफ जवान संभालेंगे संसद भवन की सुरक्षा का जिम्मा

## अब तक दिल्ली पुलिस के जवान कर रहे थे संसद की सुरक्षा

एजेंसी, नई दिल्ली

संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को दी गई है। अब तक दिल्ली पुलिस के जवान संसद की सुरक्षा संभाल रहे थे। बीते दिनों संसद सुरक्षा मामले में हुई चूक के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लेते हुए संसद की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को सौंप दी है।

सीआईएसएफ के पास अभी एटॉमिक, दिल्ली मेट्रो, हवाई अड्डे और एयरोस्पेस से जुड़े संस्थानों समेत कई इमारतों की सिक्योरिटी का जिम्मा है। सीआईएसएफ के साथ संसद की सुरक्षा में पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस, दिल्ली पुलिस

### गृह मंत्रालय का बड़ा फैसला



और पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप भी शामिल रहेंगे। पीडीजी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का ही हिस्सा है। इसके अलावा दिल्ली में कई केंद्रीय मंत्रालयों के भवनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सीआईएसएफ के पास ही है। नए और पुराने दोनों संसद परिसर और उनकी संबद्ध इमारतों को सीआईएसएफ के व्यापक सुरक्षा घेरे में लाया जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को सीआईएसएफ को संसद भवन परिसर के सर्वेक्षण का निर्देश दिया था ताकि, व्यापक आधार पर सीआईएसएफ सुरक्षा और दमकल शाखा की नियमित तैनाती की जा सके।


### क्या था मामला

**संसद** पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी पर 13 दिसंबर को लोकसभा में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब विजिटर्स गैलरी से दो युवक अचानक नीचे कूद गए। उस समय लोकसभा में बीजेपी सांसद खगेन मुर्मू अपनी बात रख रहे थे। युवक सदन की बेंच पर कूदते हुए आगे बढ़ने लगे। इसी बीच उन्होंने जूते से निकालकर कुछ स्प्रे किया, जिससे सदन में पीला धुआं फैलने लगा। पूरे सदन में भगदड़ मच गई। जिसके बाद संसद भवन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया था। जिसके चलते सरकार ने संसद की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करते हुए ये फैसला किया है। बीते दिनों से संसद की सुरक्षा में संसद में भी काफी हंगामा चल रहा है। इस मामले में अभी तक 146 सांसद सस्पेंड हो चुके हैं।

## हत्या का शक, जेल में काटे 48 साल, यूएस कोर्ट ने बाइज्जत किया बरी

**न्यूयॉर्क।** साल-1974, जगह- ओक्लाहोमा, दो चोर शराब की दुकान में घुसते हैं। गोलियां चलाते हैं और चोरी करके निकल जाते हैं। गोलीबारी में कैरोलिन सू रोजर्स नाम का शख्स मारा जाता है। हत्या के शक में पुलिस चार संदिग्धों- ग्लिन सिमंस, डॉन रॉबर्ट्स, लियोनार्ड पैटरसन और डेलबर्ट पैटरसन को पकड़ती है। एक महिला चश्मदीद की गवाही के बाद ग्लिन सिमंस और डॉन रॉबर्ट्स को हिरासत में लिया जाता है। दोनों दोनों को फांसी की सजा सुनाती है। फांसी की सजा पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ध्यान में रखते हुए 1975 में ग्लिन और रॉबर्ट्स की सजा उम्रकैद में बदल दी जाती है। 2008 में पैरोल पर रिहा कर दिया जाता है, लेकिन ग्लिन सिमंस कैद में रहते हैं। इस पूरे मामले के 48 साल बाद अब ओक्लाहोमा कोर्ट ने ग्लिन सिमंस को बाइज्जत बरी कर दिया है।

**यूएस कोर्ट ने कहा- दोषी के खिलाफ सबूत नहीं, मुआवजे में मिल सकते हैं 1.46 करोड़**



### ठोस सबूत नहीं इसलिए बरी किया

**न्यूयॉर्क** टाइम्स के मुताबिक सिमंस को जुलाई 2003 में जेल से रिहा कर दिया गया था। 18 दिसंबर 2003 को कोर्ट ने कहा कि सबूतों की कमी के चलते सिमंस को बरी करने का फैसला लिया गया है।

# शराब घोटाला घमंडिया गठबंधन को जोड़ने वाला फेविकोल : भाजपा

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आईएनडीआईए गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि सारे घोटालेबाज जेल जाने के डर से एकजुट हुए हैं। वीरवार को संवाददाता सम्मेलन में भाजपा के प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि घमंडिया गठबंधन को जोड़ने वाला फेविकोल शराब घोटाला है।

घमंडिया गठबंधन शराब घोटाले और संसद का अपमान करने वालों का जमावड़ा है। चुनावों के दौरान देश ने देखा कि कैसे कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के घर पर 350 करोड़ रुपए से ज्यादा की नगदी और सोना चांदी बरामद हुआ। इधर गठबंधन शामिल खुद को ईमानदार बताने वाले अरविंद केजरीवाल भी शराब घोटाले में पूछताछ से बचने के लिए विपश्यना करने जा रहे हैं।

संबित पात्रा ने कहा कि दो नवंबर को शराब घोटाले को लेकर अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुलाया था, लेकिन तब त्योहारों का हवाला देकर समय मांगा। अब फिर से ईडी के समन से बचने के लिए विपश्यना के नाम पर भाग रहे हैं। अरविंद केजरीवाल कब तक भागेंगे, कानून के हाथ लंबे होते हैं, आपने घोटाले किए हैं तो आप पकडे जाएंगे। उनके गिरोह के लोग- सत्येंद्र जैन, संजय सिंह, मनीष सिसोदिया भी जेल जा चुके हैं । अब अरविंद केजरीवाल भी जेल जाएंगे इसलिए लोगों से रेफरेंडम करवा रहे हैं। उन्होंने आईएनडीआई गठबंधन के संसद मार्च की

**घमंडिया गठबंधन शराब घोटाले और संसद का अपमान करने वालों का जमावड़ा है**



आलोचना करते हुए कहा कि जिस तरह से संसद में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपमान किया गया, उनका मखौल उड़ाया गया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। यह एक राजनीतिक विषय नहीं है बल्कि एक संवेदनशील विषय है।

उन्होंने पूछा कि क्या कोई बेटा अपने पिता के झुके हुए कंधे का मजाक बना सकते हैं? संसद के उन सीढ़ियों पर जनता के प्रतिनिधियों द्वारा उपराष्ट्रपति के साथ बॉडी शेमिंग किया जाता है, यह उन तमाम बुजुर्गों की बॉडी शेमिंग हो रही है।

जाटों के कंधों का मखौल उड़ाया जा रहा है। जाटों के कंधे मां भारती के कंधे हैं। जाटों की रीढ़ की हड्डी झुक नहीं सकती। इसकी मिमकरी करने की कोशिश करना अपमानजनक है, दुखद है, यह राष्ट्र के शौर्य का अपमान है।

# पहली हिंदी फिल्म फ्लॉप रही फिर साउथ में चमकी तमन्ना भाटिया

## आज 120 करोड़ की मालकिन हैं तमन्ना

एजेंसी, मुंबई

तमन्ना भाटिया ने वीरवार को अपना 34वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया। तमन्ना 18 साल से फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव हैं और लगभग 67 फिल्मों में अपनी एक्टिंग की छाप छोड़ चुकी हैं। 13 साल की उम्र से ही पृथ्वी थियेटर से जुड़ गई थीं, जहां वह स्टेज परफॉर्म भी किया करती थीं। एक्टिंग के हुनर से उन्होंने कम उम्र में ही पहचान बना ली थी। तमन्ना का शुरुआती फिल्मी सफर आसान नहीं रहा। उनकी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म ही फ्लॉप रही। फिर काम की तलाश में उन्होंने साउथ सिनेमा का रुख किया। कुछ समय के बाद संघर्ष के बाद वहां तमन्ना ने वो मुकाम हासिल किया, जिसकी वो हकदार थीं। प्रोफेशनल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ की वजह से भी वह सुर्खियों में बनी रहती हैं। विराट कोहली और पाकिस्तानी क्रिकेटर के साथ रिलेशनशिप की अफवाहें जोरों पर थीं लेकिन तमन्ना ने इन सभी बातों को बेबुनियाद बताया था। वहीं तमन्ना इन दिनों विजय वर्मा के साथ डेटिंग की खबरों को लेकर लाइमलाइट में हैं।

### डायरेक्टर-प्रोड्यूसर का कहना था- तुम लड़कों जैसे चलती हो

**करियर** के शुरुआती दिनों के बारे में तमन्ना ने बरखा दत्त को दिए इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें इंडस्ट्री में आए ज्यादा समय नहीं हुआ है, तब एक डायरेक्टर-प्रोड्यूसर ने उनसे कहा था- तुम एक्टिंग या डांस लड़कों जैसे करती हो। अपनी एक्टिंग में लड़कियों जैसी लचक लाओ।



**विराट कोहली और पाकिस्तानी क्रिकेटर से भी जुड़ चुका है नाम**

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** आज का दिन आनंद और उत्साह में बीतेगा। दिन की शुरुआत रोमांचक रहेगी। मान-सम्मान प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। मेहनत और लगन से काम में तरक्की पाएंगे। कारोबार में बेहतरी आएगी। नए संपर्क बनेंगे जो लाभकारी होंगे। यात्रा लाभकारी रहेगी।

**वृषभ :** आर्थिक मामलों में दिन उत्साहवर्धक रहेगा। जरूरी वस्तुओं पर धन खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा, उर्जा से भरपूर रहेंगे। प्रतिस्पर्धियों तथा शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। अधूरे कार्य संपन्न होंगे। कार्य में रोमांचक अनुभव होगा। आज का निर्णय सफलता दिलाएगा।

**मिथुन :** साहित्य एवं कला में आपकी रुचि रहेगी और मन में कल्पना की तरंगे उठेंगी। बौद्धिक चर्चाओं में भाग लेना चाहिए। अधूरे कार्य आज पूर्ण होंगे। आज निर्धारित कार्य पूरे होंगे। आय में बढ़ोतरी के योग हैं। धन प्राप्ति के योग हैं। कार्य में यश की प्राप्ति होगी।

**कर्क :** आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज आपका मन अशांत रहेगा और स्वास्थ्य भी नरम रह सकता है। परिवार में वाद-विवाद का वातावरण बन सकता है, जिससे मन खिन्न हो सकता है। संयम पूर्वक कार्य करें। कार्यक्षेत्र में वाद-विवाद के कारण तनाव हो सकता है।

**सिंह:** मन पर छाए हुए चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म और उत्साह में वृद्धि होगी। पराक्रम के बल पर सभी कार्य बनेंगे। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी और नई तकनीकी जानकारी के प्रति रुझान बढ़ेगा। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए उत्साहित रहेंगे।

**कन्या :** दिन मिश्रित फलदायी है। धन के लेन-देन में सावधानी बरतें। नकारात्मक विचारों को मन में उठने ना दें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं, किसी तरह का जोखिम लेने से बचें। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण रखना चाहिए। जीवनसाथी और परिवार की जिम्मेदारियों पर ध्यान देना होगा।

**तुला :** सितारे आज अनुकूल चल रहे हैं। मन प्रसन्न रहेगा तन-मन से स्वस्थ होकर कार्य कर पाएंगे, जिससे कार्य में उत्साह एवं उर्जा अनुभव करेंगे। घर का वातावरण प्रफुल्लित रहेगा। परिवार में सुख-शांति बना रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में उन्नति के अवसर दिखाई दे रहे हैं।

**वृष्चिक:** दिन मध्यम फलदायी होगा। आज किसी से पैसों की लेन-देन न करें और किसी का उधार भी न दें। निर्णय शक्ति के अभाव में मन में दुविधा बढ़ सकती है, जिससे चिंता में वृद्धि हो सकती है। व्यर्थ की यात्रा भी हो सकती है। किसी का भला करने पर आप खुद परेशानी में आ सकते हैं।

**धनु:** आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। व्यापार या नौकरी में लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। शारीरिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। धन का निवेश सोच-विचाकर करें। कोई नया ऑर्डर अथवा कॉन्ट्रेक्ट मिलने की संभावना है।

**मकर :** आज आप हर काम सरलता से संपन्न कर पाएंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी खुश रहेंगे। आपके प्रमोशन के योग हैं। कार्य संदर्भ में यात्रा करनी पड़ सकती है। नए कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। पारिवारिक सदस्यों और निकटस्थ दोस्तों के साथ उत्तम भोजन करने का अवसर मिल सकता है।

**कुंभ :** आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहने की संभावना है। भाग्योदय के प्रबल योग है। भाग्य का साथ सभी कार्य पूर्ण करने के लिए तत्पर हैं। मित्रों से लाभ प्राप्त होगा। धार्मिक स्थल की यात्रा का विशेष योग बन रहा है। कारोबार में बेहतरी आएगी।

**मीन :** आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। लापरवाही से आपको नुकसान हो सकता है, यात्रा हो सके तो टालें। वाहन धीमी गति से चलाएं। कार्य की व्यस्तता में दिन व्यतीत होगा। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा।

### आज का पंचांग (22 दिसंबर, 2023)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** मार्गशीर्ष, **शुभ मुहूर्त:** अभीजित सुबह 11:58 -12:40 दोपहर तक, **तिथि :** दशमी 08:18 सुबह तक, **नक्षत्र :** अश्विनी 09:36 रात्रि, **पक्ष :** शुक्ल
**राहुकाल :** सुबह 11:02 -12:19 दोपहर तक

सूर्योदय : 07:09 | सूर्यास्त : 05:29

### व्रत त्योहार

- स्मार्त वैष्णव समुदाय आज मनाएगा मोक्षदा एकादशी।
- श्रीगीता जयंती आज।
- राष्ट्रीय गणित दिवस आज।

**असर** आठ दिसंबर को केंद्र सरकार ने प्याज की कीमतों को काबू करने के लिए निर्यात पर लगाई थी रोक

# प्याज निर्यात बंद होने से गिरे दाम, किसानों को नुकसान

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत सरकार ने प्याज की महंगाई को काबू करने के लिए निर्यात पर पाबंदी लगा दी है। अब इसका असर उसके पड़ोसी देशों में देखने को मिल रहा है। भारत के किसान भी सरकार के फैसले से नाराज हैं और फैसले के खिलाफ विरोध पर उतर आए हैं। आठ दिसंबर को केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर पाबंदी लगा दी थी।

सरकार ने यह फैसला प्याज की कीमतों को काबू करने के लिए था। यह पाबंदी 31 मार्च 2024 तक लागू रहेगी। इससे पहले सरकार ने प्याज की महंगाई को काबू करने के लिए निर्यात पर 40 फीसदी का शुल्क लगाया था और उसके बाद इसका



न्यूनतम निर्यात मूल (एमईपी) 800 डॉलर प्रति टन कर दिया था। सरकार के फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र के किसान और प्याज व्यापारी काफी नाराज हैं। सिर्फ महाराष्ट्र ही नहीं बाकी के अन्य राज्यों के किसान भी सरकार के फैसले का विरोध कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि प्याज का निर्यात बंद होने से उसका दाम गिर गया है और उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।

किसानों की मांग है कि सरकार प्याज के निर्यात पर लगी रोक को हटाए, ताकि उन्हें फसल का उचित दाम मिल सके और वे अपनी लागत निकाल सकें।

### प्याज के दामों में 20 प्रतिशत तक की गिरावट

**भारतीय** व्यापारियों का कहना है कि निर्यात पर लगी पाबंदी के बाद प्याज के दामों में 20 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। नई फसल के बाद दाम और गिर गए हैं। सरकार ने चावल, चीनी और गेहूं के निर्यात पर भी लगाम लगाई है।

### पड़ोसी देशों में महंगाई की मार

**सिर्फ** भारत के किसानों पर ही इस फैसले का असर नहीं दिख रहा है बल्कि उसके पड़ोसी देश भी इस फैसले से परेशान हैं। काठमांडू से लेकर कोलंबो तक आम ग्राहक प्याज के ऊंचे दाम से परेशान हैं। भारत के पड़ोसी देश जैसे बांग्लादेश, मलयेशिया, नेपाल और यहां तक की संयुक्त अरब अमीरात भी भारतीय प्याज पर निर्भर रहते हैं। बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी तपन कांति घोष ने बताया कि इस कमी को दूर करने के लिए वह चीन, मिस्र और तुर्की से अधिक से अधिक प्याज मंगाने की कोशिश कर रहे हैं। नेपाल के वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी तीर्थराज चिलुवाल ने कहा कि भारत द्वारा प्रतिबंध के बाद से हमने विभिन्न जगहों पर सप्लाई की स्थिति की निगरानी की। वहां बिक्री के लिए प्याज नहीं है।

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099, ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com, फोन नंबर : 01892-299098, 98168-75517